सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 30 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 86, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com



## जर्मन कंपनी भारत में करेगी 1.5 अरब डॉलर का निवेश

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि रसायन क्षेत्र की एक जर्मन कंपनी ने भारत में 1.5 अरब डॉलर का निवेश करने का फैसला किया है। } 14

## पर्यावरण के प्रति रहें सचेत, अपनायें संवेदनशील जीवनशैली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लोगों से ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया जो पर्यावरण के प्रति सचेत और संवेदनशील हो तथा इसे और अधिक जीवंत बनाए। } 16

### प्रथम – मां शैलपुत्री



वन्दे वांछितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखरां।
वृषारुढ़ां शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनी॥
दक्ष प्रजापति के यज्ञकुंड में अपने देह की आहुति देने के बाद पर्वतराज हिमालय के यहां उत्पन्न देवी का नाम शैलपुत्री है।

## इसरो ने विकसित किया सेमीक्रायोजेनिक इंजन

एजेंसी

बेंगलुरु। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 2,000 केएन (किलोन्यूटन) के उच्च थ्रस्ट वाले सेमी-क्रायोजेनिक इंजन या तरल ऑक्सीजन/केरोसिन (मिट्टी का तेल) इंजन को विकसित करने में महत्वपूर्ण प्रगति हासिल करने की घोषणा की है।

यह इंजन प्रक्षेपण यान मार्क-3 (एलवीएम3) के सेमीक्रायोजेनिक बूस्टर चरण में मदद करेगा। इसरो ने कहा कि सेमीक्रायोजेनिक इंजन विकसित करने के कार्यक्रम में पहली बड़ी सफलता 28 मार्च को मिली जब तमिलनाडु में महेंद्रगिरि के इसरो प्रणोदन परिसर में इंजन पावर हेड टेस्ट आर्टिकल (पीएचटीए) का पहला तप्त (हॉट) परीक्षण सफल रहा। अंतरिक्ष एजेंसी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि शुक्रवार के परीक्षण ने 2.5 सेकंड की परीक्षण अवधि के लिए इंजन के सुचारू इग्निशन और बूस्ट स्ट्रैप मोड संचालन को प्रदर्शित किया। उसने बताया कि इस परीक्षण का उद्देश्य 2.5 सेकंड की अल्पावधि में हॉट-फायरिंग करके प्री-बर्नर, टर्बो पंप, स्टार्ट सिस्टम और नियंत्रण घटकों जैसी महत्वपूर्ण उप-प्रणालियों के एकीकृत प्रदर्शन को प्रमाणित करना था। बयान में कहा गया परीक्षण पूर्वानुमान के अनुसार हुआ और इंजन के सभी मापदंड उम्मीद के मुताबिक रहे। इस सफलता के साथ इसरो पूरी तरह से एकीकृत ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धार्मिक स्थलों के पास अवैध बूचड़खानों व मांस बिक्री पर प्रतिबंध

### योगी ने चैत्र रामनवमी के अवसर पर श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ करने के दिये निर्देश

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का सख्त आदेश जारी किया है। नगर विकास विभाग के प्रमुख सचिव अमृत अभिजात ने सभी जिलाधिकारियों, पुलिस आयुक्तों और नगर आयुक्तों को बूचड़खानों को तत्काल बंद करने और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पर प्रतिबंध लागू करने के निर्देश दिए हैं।

2014 और 2017 में जारी आदेशों का हवाला देते हुए योगी सरकार ने स्पष्ट किया है कि अवैध पशु वध और धार्मिक स्थलों के पास मांस बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित होगी। इस फैसले को प्रभावी बनाने के लिए जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों का गठन किया गया है। इनमें पुलिस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पशुपालन विभाग, परिवहन विभाग, श्रम विभाग, स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा प्रशासन के अधिकारी शामिल होंगे। 6 अप्रैल 2025 को राम नवमी के दिन विशेष प्रतिबंध लागू होगा, इस दिन पशु वध और मांस की बिक्री पूरी तरह बंद रहेगी। यूपी नगर निगम अधिनियम 1959 और खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 एवं



2011 के प्रावधानों के तहत, योगी सरकार ने अधिकारियों को उल्लंघन करने वालों पर कड़ी दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र रामनवमी के उपलक्ष्य में सभी जिलों के मंदिरों में 24 घंटे का श्रीरामचरितमानस का अखंड पाठ कराने के निर्देश दिया है। उन्होंने कहा है कि पांच अप्रैल दोपहर से प्रारंभ अखण्ड मानस पाठ की पूर्णाहुति छह अप्रैल को श्रीरामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री रामलला के सूर्य तिलक के साथ होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सभी जिलों के मंदिरों में आवश्यक व्यवस्थाएं प्रारम्भ कर दी गई हैं। एक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ श्रीरामनवमी से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि देवीपाटन मंदिर (बलरामपुर), शाकुम्भरी देवी मंदिर (सहारनपुर), विंध्यवासिनी देवी धाम (मिर्जापुर) आदि प्रमुख देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होगा। उन्होंने कहा कि सूर्य तिलक का दर्शन करने के लिए अयोध्या में पूरे देश से लोगों के आगमन की संभावना है। आदित्यनाथ ने कहा कि ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक प्रबन्ध किये जाने चाहिए और कतारबद्ध श्रद्धालुओं को तेज धूप में खड़े होने में समस्या न हो, इसके लिए जूट मैटिंग कराई जाए। उन्होंने कहा कि सभी मंदिरों में पेयजल के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए और छाजन की व्यवस्था कराई जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

### संक्षेप

#### वायुसेना के सिविल इंजीनियर की गोली मारकर हत्या

प्रयागराज। पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र स्थित एयरफोर्स कॉलोनी में शनिवार की सुबह वायुसेना के सिविल इंजीनियर एस एन मिश्रा (51) की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गयी जब वह अपने कमरे में सो रहे थे। पुलिस ने यह जानकारी दी। पूरामुफ्ती थाने के प्रभारी मनोज सिंह ने बताया कि शनिवार को भोर में भारतीय वायु सेना के सिविल इंजीनियर एस एन मिश्रा अपने कमरे में सो रहे थे, तभी खिड़की से अज्ञात व्यक्ति ने उन पर गोली चला दी। उन्होंने बताया कि गोली उनके सीने में लगी और उन्हें सेना के अस्पताल में ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एसएन मिश्रा के परिवार में उनकी पत्नी और बेटा साथ रहते हैं, जबकि बेटी लखनऊ में पढ़ती है।

#### युवती से गैंगरेप का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

रायबरेली। जिले में युवती से कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जबकि तीन अन्य आरोपी फिलहाल फरार हैं। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। पुलिस ने बताया कि हरचंदपुर थानाक्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता ने आरोप लगाया कि 8 मार्च को पहले से परिचित एक युवक ने उसे मिलने के लिए बुलाया और जब वह शहर के रतापुर चौराहे के पास पहुंची तो आरोपी युवक अपने दो साथियों के साथ कार से आया और वहां से उसे एक रेस्तरां ले गया।

# म्यांमार में भूकंप से अब तक 1644 की मौत

### संचार व्यवस्था व आवाजाही पर सख्त नियंत्रण होने के चलते राहत और बचाव कार्य में भी आ रहीं कठिनाइयां

एजेंसी






बैंकाक। म्यांमार में आए विनाशकारी भूकंप में लगातार मृतकों का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। ताजा जानकारी के अनुसार, दक्षिण-पूर्व एशियाई देश में आए भूकंप के बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1644 तक पहुंच गया है। वहीं 2000 से अधिक घायल बताए जा रहे हैं। इसके साथ ही म्यांमार में रेस्क्यू ऑपरेशन बड़े पैमाने पर जारी है। बता दें कि, 28 फरवरी को म्यांमार लगातार छह भूकंप के झटकों से थर्रा गया था और ये सिलसिला आज भी बरकरार रहा है। कल से लेकर आज तक म्यांमार में कुल 16 बार भूकंप के झटके लगे हैं।

यूरेशियन और इंडो-ऑस्ट्रेलियाई प्लेटों के बीच टकराव के कारण, म्यांमार में भूकंपीय खतरा उच्च स्तर पर है। अंतर्राष्ट्रीय भूकंपीय केंद्र की तरफ से बताए गए भूकंप मापदंडों के अनुसार, 1990 से 2019 तक हर साल म्यांमार और उसके आसपास के इलाकों में 3.0 से अधिक या उसके बराबर परिमाण वाली लगभग 140 घटनाएं हुई हैं। जिससे प्रमाणित होता है कि, म्यांमार मध्यम और बड़ी तीव्रता वाले भूकंपों के खतरों के प्रति संवेदनशील है, जिसमें इसकी लंबी तटरेखा के साथ सुनामी के खतरे भी शामिल हैं। सागाइंग फॉल्ट सागाइंग, मांडले, बागो और यांगून के लिए भूकंपीय खतरे को बढ़ाता है, जो म्यांमार की आबादी का 46 प्रतिशत हिस्सा है। म्यांमार भूकंप से पहले गृहयुद्ध, मानवीय संकट, भुखमरी और स्वास्थ्य सुविधाओं में कमी से जूझ रहा था। म्यांमार को बड़े पैमाने पर मानवीय सहायता के साथ-साथ दवाओं और खाद्य सामग्री की जरूरत थी। वहीं भूकंप के बाद म्यांमार में स्थिति बद से बदतर हो गई है। वहीं देश में संचार व्यवस्था और आवाजाही पर सख्त नियंत्रण होने के कारण राहत और बचाव कार्य में कठिनाइयां भी आ रही हैं। सेना के नेतृत्व वाली सरकार की ओर से जारी एक बयान के अनुसार भूकंप के कारण अब तक 1,002 लोगों की मौत हो चुकी है तथा 2,376 अन्य लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा 30 लोग लापता बताए जा रहे हैं। बयान में कहा गया है कि मृतकों की संख्या के बढ़ने की आशंका है तथा भूकंप से जुड़े विस्तृत आंकड़े अब भी एकत्र किए जा रहे हैं। बर्मा के नाम से लोकप्रिय म्यांमा लंबे समय से चल रहे खूनी गृहयुद्ध की चपेट में है, और वहां पहले से ही एक बड़ा मानवीय संकट बना हुआ है। भूकंप के कारण म्यांमा में राहत एवं बचाव कार्यों को चलाना भी काफी मुश्किल हो रहा है। शुक्रवार को आए भूकंप का केंद्र म्यांमा के दूसरे सबसे बड़े शहर मांडले से ज्यादा दूर नहीं था। भूकंप ...शेष पृष्ठ 14 पर

### भारत ने शुरू किया ऑपरेशन ब्रह्मा

नयी दिल्ली। म्यांमा में आए भीषण भूकंप से हुई मौत और तबाही के बीच भारत ने शनिवार को 15 टन राहत सामग्री पहुंचाई तथा आपातकालीन मिशन ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत बचाव दलों के साथ हवाई और समुद्री मार्ग से और आपूर्ति भेजी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने म्यांमा के सैन्य जनरल मिन आंग ह्लाइंग से बात की और कहा कि भारत उनके देश में आए भीषण भूकंप से मची तबाही से निपटने के प्रयासों में उनके साथ एकजुटता से खड़ा है। मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, विनाशकारी भूकंप में लोगों की मौत होने पर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। भारत एक निकट मित्र और एक पड़ोसी के रूप में इस कठिन समय में म्यांमा के लोगों के साथ एकजुटता से खड़ा है। मोदी ने कहा कि भारत ऑपरेशन ब्रह्मा ...शेष पृष्ठ 14 पर

## छत्तीसगढ़ में मुठभेड़, 16 नक्सली ढेर

### दो जवान भी घायल, भारी मात्रा में हथियार बरामद



एजेंसी

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एक बड़े नक्सल विरोधी अभियान में सुरक्षाबलों ने शनिवार को एक मुठभेड़ में 16 माओवादियों को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि राज्य पुलिस की एक इकाई जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के दो जवान मुठभेड़ में घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ स्थल से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद किए गए हैं। बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी ने बताया कि केरलापाल थाना क्षेत्र के जंगल में सुबह करीब आठ बजे उस समय गोलीबारी हुई जब सुरक्षाकर्मियों का एक संयुक्त दल नक्सल विरोधी अभियान पर निकला था। सुंदरराज ने बताया कि केरलापाल क्षेत्र में माओवादियों ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मस्क ने एक्स को 33 अरब डॉलर में बेचा

वाशिंगटन। अमेरिकी अरबपति एलन मस्क ने अपने स्वामित्व वाली सोशल मीडिया कंपनी एक्स को अपनी ही कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी एक्सएआई को 33 अरब डॉलर में बेचने की घोषणा की है।

हिस्सेदारी अधिग्रहण के रूप में हुए इस सौदे में शामिल दोनों कंपनियां निजी तौर पर संचालित हैं। इसका मतलब है कि उन्हें इस सौदे से जुड़े वित्तीय पहलू का खुलासा सार्वजनिक करने की ज़रूरत नहीं है। मस्क ने सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में शुक्रवार को कहा कि यह कदम एक्सएआई की उन्नत एआई क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाओं को तलाशने में मदद करेगा। उन्होंने कहा कि इस सौदे में एक्सएआई का ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखण्ड : धामी ने निकाला भव्य रोड-शो

### शहरों से लेकर सुदूर गांवों तक बिछाया जा रहा सड़कों का जाल : सीएम

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सर्वे स्टेडियम, देहरादून में राज्य सरकार के सेवा, सुशासन और विकास के तीन साल पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने जन समस्याओं के समाधान के लिए लगाये गये बहुउद्देशीय शिविर को देखा। इससे पहले मुख्यमंत्री ने हाथीबड़कला से सर्वे स्टेडियम तक भव्य रोड शो में प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि राज्य स्थापना वर्ष के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के शहरों में देवभूमि सिल्वर जुबली पार्क का निर्माण किया जायेगा। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम्य विकास विभाग की



स्वयं सहायता समूह को क्रेडिट कार्ड लिंकेज के चेक, लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट और कृषि यंत्र भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के समग्र विकास के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:34 | 4:32 | 6:24 | 4:42 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 34.06 डिसे.
न्यूनतम : 20.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- अपना नुकसान करके बचाएं संस्थाओं का सम्मान (पृष्ठ-02)
- माटी कला पर्यावरण संरक्षण को दे रहे योगदान (पृष्ठ-02)
- दिल्ली में जोरशोर से चल रहा है सफाई अभियान (पृष्ठ-14)
- कर्नाटक ने 69 परियोजनाओं को मंजूरी दी (पृष्ठ-14)
- अमित शाह दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

### दोनों देशों के बीच चल रही व्यापार शुल्क वार्ता, मोदी बहुत अच्छे दोस्त : ट्रंप

## भारत–अमेरिका की बातचीत के निकलेंगे अच्छे नतीजे

एजेंसी

न्यूयॉर्क/ वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बेहद बुद्धिमान व्यक्ति और अपना बहुत अच्छा दोस्त बताने के साथ ही कहा है कि अमेरिका और भारत के बीच व्यापार शुल्क पर चल रही वार्ता के बहुत अच्छे नतीजे निकलकर आएंगे। ट्रंप की यह टिप्पणी विदेश सचिव विक्रम मिस्री की अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ से द्विपक्षीय व्यापार पर हुई चर्चा के दिन आई। इस चर्चा के दौरान संतुलित व्यापारिक संबंधों के लिए बाधाओं को कम करने का मुद्दा भी शामिल रहा।

ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में कहा प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में यहां आए थे और हम हमेशा से बहुत अच्छे मित्र रहे हैं। उनकी यह टिप्पणी दो अप्रैल से भारत समेत कई देशों पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने की अमेरिकी घोषणा



पर अमल होने के कुछ दिन पहले आई है। ट्रंप ने कहा भारत दुनिया में सबसे अधिक शुल्क लगाने वाले देशों में से एक है। यह निष्ठुर है, यह निर्दयी है। वे बहुत बुद्धिमान हैं। वह (मोदी) बहुत बुद्धिमान व्यक्ति हैं और मेरे बहुत अच्छे दोस्त हैं। हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। मुझे लगता है कि भारत और हमारे देश के बीच यह बहुत अच्छा काम करेगा। इसके साथ ही अमेरिकी रष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी की तरफ इशारा करते हुए कहा मैं कहना चाहता हूं कि आपके पास एक महान प्रधानमंत्री है। प्रधानमंत्री मोदी ने फरवरी में अमेरिका का दौरा किया था और ट्रंप के साथ द्विपक्षीय चर्चा की थी। इस दौरान दोनों पक्षों ने पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की योजना की घोषणा की थी। ट्रंप भारत पर बेहद ऊंचे सीमा शुल्क लगाने का आरोप पहले भी कई बार लगा चुके हैं। उन्होंने कहा है कि अब अमेरिका भी जवाबी सीमा शुल्क लगाएगा। भारत और अमेरिका ने आने वाले हफ्तों में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के तहत क्षेत्रों पर केंद्रित वार्ता करने का फैसला किया है। वाणिज्य मंत्रालय ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारत और अमेरिका के वरिष्ठ ...शेष पृष्ठ 14 पर

## आतंकियों की तलाश में चलाया गया अभियान

एजेंसी

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के सुदूर जंगली इलाके में मुठभेड़ स्थल से चौथे शहीद पुलिसकर्मी और दो मारे गए आतंकवादियों का शव बरामद होने के बाद सुरक्षा बलों ने शनिवार को नये इलाकों में भी तलाश अभियान शुरू कर दिया। अधिकारियों ने जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि हेड कांस्टेबल जगबीर सिंह का शव राजबाग के घाटी जूथाना जंगल से बरामद किया गया और उसे जम्मू ले जाया गया, जहां पुलिस मुख्यालय गुलशन ग्राउंड के निकट श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि दो पाकिस्तानी आतंकवादियों के शव भी बरामद किए गए हैं, जिनके बारे में माना जा रहा है कि वे प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद संगठन से जुड़े हैं। साथ ही, युद्ध संबंधी सामान भी बरामद किया गया है। इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच बृहस्पतिवार सुबह मुठभेड़ शुरू हुई थी और शुक्रवार को पूरे दिन जारी रही। इस मुठभेड़ में कुल चार पुलिसकर्मी शहीद हो गये और हाल ही में घुसपैठ करने वाले दो आतंकवादी मारे गए, जबकि आतंकवादी समूह के अन्य सदस्यों की तलाश शनिवार को तीसरे दिन भी जारी है। इससे पहले, अधिकारियों ने मरने वाले आतंकवादियों की संख्या तीन बताई थी, लेकिन ...शेष पृष्ठ 14 पर

# अपना नुकसान करके भी बचाना चाहिए संस्थाओं का सम्मान : महाना

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने शनिवार को कहा कि हमें अपना नुकसान करके भी संस्थाओं के सम्मान को बचाना चाहिए।

महाना ने यहां विधान भवन में शनिवार को अपने कार्यकाल के तीन वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों से कहा कि संस्था का सम्मान बना रहेगा तो सभी

- **महाना के तीन वर्ष, विधानभवन में बदलाव के साथ, आधुनिकता का नया मार्ग तय किया**

का सम्मान बना रहेगा लेकिन अगर संस्था को क्षति पहुंची तो सभी नुकसान होगा। सतीश महाना को 29 मार्च 2022 में सर्वसम्मति से विधानसभा अध्यक्ष चुना गया था। अध्यक्ष बनने के बाद महाना ने सदन में कई प्रमुख बदलाव किये। उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा ने पिछले तीन वर्षों में लोकतांत्रिक मूल्यों को सहेजते हुए नवाचार और आधुनिकता का नया मार्ग तय किया है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की दूरदर्शी सोच ने इस ऐतिहासिक भवन को तकनीकी प्रगति और अनुशासन की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। ई-विधान प्रणाली, डिजिटल लाइब्रेरी, और इंटेलिजेंट सर्च ऐप ने सूचना की सहज पहुंच बनाई, वहीं विधायकों की कार्यशैली को अधिक प्रभावी बनाया है। महाना की सोच से ही लोकतंत्र के इस पावन मंदिर में पहली बार महिला सदस्यों के लिए विशेष सत्र आयोजित हुआ, रामलला दर्शन यात्रा की परंपरा शुरू हुई, और विधानसभा जनता के लिए अधिक सुलभ बनी। हिंदी के साथ अवधी, ब्रज, भोजपुरी व अंग्रेजी में भाषण की स्वतंत्रता ने भाषायी विविधता को स्थान दिया। सुरक्षा सुदृढ़ हुई, नियमों में सख्ती आई, और सदन की गरिमा को बनाए रखने के लिए नए प्रतिबंध लागू हुए। वहीं, दीपावली भोज, विधायकों के जन्मदिन पर सम्मान, और ऐतिहासिक ध्वनि एवं प्रकाश




शो ने इसे सिर्फ एक सरकारी भवन नहीं, बल्कि संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक बना दिया। इन सुधारों ने उत्तर प्रदेश विधानसभा को राष्ट्रीय स्तर पर एक मिसाल बना दिया, जिससे अन्य राज्यों की विधानसभाएं प्रेरणा ले रही हैं। यह केवल सत्ता संचालन का मंच नहीं, बल्कि लोकतंत्र की जीवंत आत्मा का प्रतीक बन चुकी है। महाना के आने से प्रेस रूम में नई सुविधाएं जोड़ी गईं, जिसमें फर्नीचर, चार्जिंग पॉइंट, वाई-फाई, टीवी, और पेंट्री एरिया शामिल हैं। पहली बार विधानसभा और विधान परिषद के सदस्यों को रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या भेजा गया। डॉक्टर, इंजीनियरए महिला, युवा और अनुभवी विधायकों के समूह बनाकर संवाद बढ़ाया गया। क्षेत्रवार विधायकों के साथ संवाद कर उन्हें सदन में समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

महाना ने पत्रकारों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश विधानसभा के प्रति तीन वर्षों में आम जनता में जो धारणा बनी है वह बिना आप सबके सहयोग से संभव नहीं था। उन्होंने अपने हाल के दिल्ली दौरे में लोकसभा अध्यक्ष, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री समेत अनेक नेताओं से मुलाकात पर चर्चा करते हुए बताया कि सबने उत्तर प्रदेश के विधानसभा के बदलते स्वरूप और विधायिका की चर्चा की। महाना ने कहा कि सपा, कांग्रेस के लोगों ने भी विधानसभा के बदलते स्वरूप की चर्चा की।

# नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्र की मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा सम्वत-2082 से प्रारम्भ भारतीय नव सम्वत्सर व चैत्र नवरात्रि पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने सभी प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय भविष्य की कामना भी की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बासंतीय नवरात्रि प्रकृति और शक्ति की उपासना का पर्व है। इस पर्व में उपवास, प्रार्थना एवं ध्यान का विशेष महत्व है। बासंतीय नवरात्रि की प्रतिपदा से ही नववर्ष के पंचांग की गणना शुरू होती है। इस समय मौसम में परिवर्तन भी होता है। इसलिए धर्म, अध्यात्म, ज्योतिष के साथ-साथ वैज्ञानिक दृष्टि से भी नवरात्रि का महत्व है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवरात्रि का पर्व हमारे जीवन में एक नई उमंग, एक नये उत्साह के साथ-साथ समाज और राष्ट्र के प्रति रचनात्मक सोच पैदा करता है। शक्ति का अनुष्ठान रचनात्मक एवं



सृजनात्मक कार्यों के प्रति हो, नवरात्रि के अवसर पर हम सभी को यही संकल्प लेना चाहिए।

**चेटी चन्द पर सीएम ने दी बधाई एवं शुभकामनाएं :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने चेटी चन्द (भगवान झूलेलाल जयंती) के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान झूलेलाल ने सद्भाव और एकता का संदेश देकर समाज को एक नई राह दिखाई। वर्तमान परिवेश में भगवान झूलेलाल जी का संदेश और अधिक प्रासंगिक हो गया है।

# चित्रकूट में बनेगा ईको टूरिज्म पार्क, 5 करोड़ की धनराशि जारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** रामायण सर्किट का महत्वपूर्ण स्थल चित्रकूट, जल्द ही धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक पर्यटन का प्रमुख केन्द्र बनेगा। उप्र इको टूरिज्म डेवलपेंट बोर्ड रानीपुर टाइगर रिजर्व के निकट इको टूरिज्म थीम पार्क का निर्माण करेगा। सात एकड़ में बनने

- **धार्मिक, आध्यात्मिक के साथ-साथ ईको पर्यटन का प्रमुख केन्द्र बनेगा चित्रकूट : जयवीर**

वाले इस भव्य पार्क के लिए 11.77 करोड़ रुपएं स्वीकृत किए गए है, जिसमें से 5 करोड़ रुपएं जारी हो चुके है।




यूपी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने इस परियोजना के बारे में बताया कि प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए एक विशेष थीम पार्क विकसित किया जा रहा है। इस पार्क का उद्देश्य पर्यटकों को प्रकृति के करीब लाना और इको-फ्रेंडली पर्यटन को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि यह पार्क पर्यावरण संरक्षण के अनुरूप बनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र की जैव विविधता सुरक्षित रहेगी। साथ ही, पर्यटन को बढ़ावा मिलने से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि पर्यावरण अनुकूल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पार्क में आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इको लॉजेज का निर्माण किया जाएगा। प्राकृतिक सुगंध से भरपूर एक विशेष बगीचा तैयार किया जाएगाए जिसमें विभिन्न प्रकार के सुगंधित पौधे लगाए जाएंगे। इसके अलावा, स्थानीय और प्रसिद्ध व्यंजनों का आनंद लेने के लिए विशेष फूड कोर्ट/इको हट्स भी बनाए जाएंगे। पार्क की जैव विविधता को संरक्षित और समृद्ध करने के लिए सुंदर जलाशय का निर्माण किया जाएगा। पर्यटकों के लिए हरियाली से भरपूर एक केंद्रीय लॉन विकसित किया जाएगा, जहां वे प्राकृतिक वातावरण का आनंद ले सकें। साथ ही, विभिन्न ऋतुओं के अनुसार विशेष उद्यानों का भी विकास किया जाएगा। बच्चों के मनोरंजन के लिए एक प्ले एरिया भी बनाई जाएगी, जिससे परिवार के साथ आने वाले पर्यटकों को बेहतर अनुभव मिल सके।

उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री ने बताया कि इस पार्क में नेचर ट्रेल, बांस उद्यान और पैरों के लिए विशेष ट्रैक तैयार किया जाएगा, जो स्वास्थ्य लाभ प्रदान करेगा। साथ ही, सांस्कृतिक और मनोरंजन कार्यक्रमों के लिए एक अत्याधुनिक एंफीथिएटर बनाया जाएगा। पार्क का प्रमुख आकर्षण रॉक गार्डन होगा, जो प्राकृतिक चट्टानों से निर्मित अनोखा उद्यान होगा। पर्यटकों के लिए तितली उद्यान भी विशेष आकर्षण रहेगा, जहां विभिन्न प्रजातियों की तितलियों को आकर्षित करने के लिए विशेष क्षेत्र विकसित किया जाएगा। रोमांच प्रेमियों के लिए एडवेंचर प्ले जोन तैयार किया जाएगा, जिसमें रोमांचक खेल और गतिविधियां शामिल होंगी। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए विशेष पौधारोपण क्षेत्र भी विकसित किया जाएगा। प्राकृतिक सुंदरता और आधुनिक सुविधाओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया, कि ये प्रयास देश.विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करेंगे। जयवीर सिंह ने बताया कि इस पार्क के निर्माण से चित्रकूट आने वाले पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। स्थानीय लोगों को रोजगार के नए अवसर भी मिलेंगे। सरकार की यह पहल इको-फ्रेंडली पर्यटन को नई दिशा देगी और चित्रकूट को एक प्रमुख पर्यटक स्थल के रूप में स्थापित करने में मदद करेगी।

# माटी कला पर्यावरण संरक्षण को दे रहे योगदान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने कहा कि योगी सरकार माटीकला और खादी उद्योग को बढ़ावा देकर पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य सुधार और रोजगार सृजन के लक्ष्य को हासिल करने के लिए

- **राज्य स्तरीय माटीकला एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार वितरण समारोह-2025 में कारीगरों को किया गया सम्मानित**
- **30,888 लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से मिला रोजगार : राकेश सचान**

प्रतिबद्ध है। उन्होंने पॉलीथीन के विकल्प के रूप में माटीकला उत्पादों जैसे कुल्हड़, गिलास, थाली और बोतल के उपयोग को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि माटीकला हमें अपनी मिट्टी से जोड़ती है और राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करती है।



शनिवार को लखनऊ के गांधी भवन प्रेक्षागृह में 'राज्य स्तरीय माटीकला एवं ग्रामोद्योग पुरस्कार वितरण समारोह-2025' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने किया। समारोह में उत्कृष्ट शिल्पकारों और उद्यमियों को सम्मानित करते हुए माटीकला और ग्रामोद्योग के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहा गया। योगी सरकार की यह पहल न केवल कारीगरों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैए बल्कि पर्यावरण संरक्षण और परंपरागत कला को संरक्षित करने में भी योगदान दे रही है। समारोह में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों और कारीगरों ने इस प्रयास की सराहना की और इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। प्रमुख सचिव खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग अनिल कुमार सागर ने कहा कि वर्ष 2024-25 में 2,325 विद्युत चालित चाक, 375 पगमिल मशीनों का वितरण और 300 इकाइयों की स्थापना का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। इसके साथ ही खादी बोर्ड ने 580 दोना-पत्तल मशीन और 756 पॉपकॉर्न मशीनें भी वितरित की हैं। पिछले पांच वर्षों में माटीकला बोर्ड ने 30,888 लोगों के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार ने माटीकला बोर्ड की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि अब तक 48,048 कारीगर परिवारों का चिन्हांकन किया गया है, जिसमें से 32,593 को मिट्टी खोदने के पट्टे, 15,832 विद्युत चालित चाकए 81 दीया मेकिंग मशीन और 31 पेंटिंग मशीनें वितरित की जा चुकी हैं। इसके अलावा, 19,650 लाभार्थियों को प्रशिक्षण और 122 सहकारी समितियों की स्थापना भी की गई है। कार्यक्रम में राज्य स्तरीय माटीकला और ग्रामोद्योगी पुरस्कार प्रदान किए गए। माटीकला श्रेणी में आजमगढ़ के आनंद कुमार प्रजापति को प्रथम पुरस्कार 40,000 रुपये, अयोध्या के राम सजीवन प्रजापति को द्वितीय पुरस्कार 30,000 रुपये और कानपुर देहात के विपिन कुमार को तृतीय पुरस्कार 20,000 रुपये से सम्मानित किया गया। वहीं, ग्रामोद्योगी श्रेणी में मेरठ की मुनेश को प्रथम, बांदा के अर्जुन को द्वितीय और वाराणसी के अशोक कुमार जायसवाल को तृतीय पुरस्कार मिला।

# निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में शामिल होंगे सीएम योगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** निषाद पार्टी का तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 1 अप्रैल से शुरू होगा। इसमें महाराजा गुह्यराज निषाद की विशाल भव्य जयंती समारोह पर बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 अप्रैल को शामिल होगें। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता में तीसरे दिन 3 अप्रैल को महाराज गुह्यराज निषाद का जन्मोत्सव समारोह श्रृंगवेरपुर में निषाद पार्टी के तत्वावधान में विशाल मेला का आयोजन हो रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरे देश से आये लोगों को संबोधित करेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने बताया कि तीन दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए शुरू हो रहा है। प्रयागराज निषाद राज वंशजों के किला श्रृंगवेरपुर धाम में 1 अप्रैल से निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अधिवेशन में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर मंथन होगा। देशभर के करीब साढ़े तीन हजार प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। प्रतिनिधियों में देश भर से पार्टी के राष्ट्रीय, प्रादेशिक, मंडल, जिला, क्षेत्रीय, विधान सभा, ब्लॉक के संगठन, राष्ट्रीय निषाद एकता परिषद, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, द ग्रेट निषाद युवा वाहिनी, प्रबुद्ध एवं अन्य प्रकोष्ठ के पदाधिकारी, पूर्व सांसद, विधायक और निर्वाचित चेयरमैन,

- **अधिवेशन में आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर होगा मंथन**

जिलापंचायत सदस्य शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इसका एक व्यापक संगठनात्मक एजेंडा होगा। 3 अप्रैल राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद के संबोधन के साथ इस अधिवेशन का समापन होगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. संजय कुमार निषाद ने बताया कि निषाद पार्टी के राजनैतिक दखल से सत्ता से दूर हुए राजनैतिक दल या गैर राजनीतिक नासमझ कुछ लोग विभिन्न प्रकार की टिप्पणियां करते रहते हैं लेकिन निषाद पार्टी ही एकमात्र पार्टी है जो लोकतांत्रिक तरीके से अधिकतम संगठनात्मक कार्य करती है, चाहे वह पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन हो, राष्ट्रीय या प्रादेशिक कार्यकारिणी की बैठक हो या राज्यों और जिलों में अन्य कार्यक्रम हो। उन्होंने बताया कि मछुआ या निषाद बाहुल्य विधानसभा सीटें जीतने का लक्ष्य पिछली दो बैठकों में तय किया है। राष्ट्रीय परिषद की बैठक के दौरान आगामी चुनाव और पार्टी की तैयारियों सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि बैठक के लिए एक व्यापक संगठनात्मक एजेंडा तैयार किया गया है, जिसमें पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक होगी और 1 अप्रैल को 10 बजे निषाद संस्कृति के ध्वजारोहण से शुभारंभ होगा अधिवेशन में आगामी चुनावों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। प्रतिनिधियों को त्याग, समर्पण भाव, क्षमतावान, ज्ञानवर्धक, योग्यता, एकता, कर्मठ, निष्ठावान, सामंजस्यपूर्ण वातावरण के लिए अधिवेशन स्थल पर विकसित समाज की अवधारणा विषय पर एक प्रेरणादायक प्रदर्शनी भी लगायी जाएगी।

# पूर्व विधायक हरदेव के निधन पर अजय राय ने जताया शोक

**लखनऊ।** पूर्व विधायक हरदेव का निधन शनिवार की दोपहर 1:30 बजे उनके लखनऊ स्थित आवास पर हुआ। वह 86 वर्ष के थे और लंबे समय से आयु संबंधी बीमारियों से ग्रसित थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। हरदेव अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिसमें चार पुत्र और एक पुत्री शामिल हैं। उनका अंतिम संस्कार 30 मार्च 2025 को लखनऊ के भैंसाकुंड श्मशान घाट पर सायं 3 बजे संपन्न होगा। पूर्व विधायक हरदेव के आकस्मिक निधन पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिजनों को इस असह्य दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है। मूल रूप से बलिया के ग्राम फरहदा उर्फ पूरा, थाना भीमपुरा के निवासी हरदेव ने अपना जीवन समाज सेवा और जनकल्याण को समर्पित किया।

# सपा पीड़ित, दुःखी पीडीए के साथ है : अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा पीड़ित, दुःखी पीडीए के साथ है। पीडीए और आधी आबादी 90 फीसदी है। भाजपा पीडीए के खिलाफ है। पीडीए को परेशान करने और डराने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है। सपा

- **सपा अध्यक्ष ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये नेताओं को किया सम्बोधित**

पीडीए के सम्मान हक और आरक्षण की लड़ाई लड़ रही है। सपा की लड़ाई उत्तर प्रदेश को बचाने की है। नौजवानों के भविष्य को बचाने की है। भाजपा ने नौजवानों का भविष्य बर्बाद कर दिया है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार, महंगाई, बेरोजगारी, अन्याय चरम पर है।



पार्टी के प्रदेश मुख्यालय के डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये कार्यकर्ताओं एवं नेताओं को सम्बोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा है कि उन्होंने कहा कि भाजपा जनता को गुमराह कर रही है। सत्ता शीर्ष से जुड़े अधिकारी लूट रहे है। कमीशनखोरी में लिप्त है। यह कमीशन ऊपर तक जा रहा है। भाजपा सत्ताका दुरूपयोग कर रही है। अखिलेश यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री खुद को तीसमार खां समझते है। उनके हर आंकड़े में तीस होता है। वे उससे बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। महाकुंभ में मृतकों की सही संख्या आज तक नहीं बतायी। लोग अपने परिजनों को खोज कर थक गए। सरकार ने बेहद संवेदनहीनता का परिचय दिया है। यादव ने कहा कि भाजपा साजिश और षडयंत्र रचती है। समाजवादी पार्टी के खिलाफ झूठा दुष्प्रचार करती है। सच छिपाने का काम करती है। उत्तर प्रदेश में गोशालाओं की दुर्दशा है। सरकार बताएं कि गोशालाओं में कुल कितनी गायें है? सरकार ने उनके लिए कितना बजट दिया है? गौशालाओं की साफ-सफाई, गायों के खाने पीने के लिए चारे की क्या व्यवस्था है? अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार हर क्षेत्र में फेल हो गयी है। सरकार से न तो कानून व्यवस्था संभल रही है और न कोई विकास कार्य हो रहा है। पूरे राज्य में अराजकता है। अपराध की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है।

## अखिलेश ने दी नवरात्र की बधाई

अखिलेश यादव ने नवरात्र पर सभी के सुख समृद्धि एवं कल्याण की शुभकामना करते हुए कहा है कि इन पर्वों से हमें परस्पर सौहार्द, सद्भाव तथा शुचिता का संदेश मिलता है। उन्होंने कहा है कि नवरात्र में मां दुर्गा के विविध रूपों की पूजा वस्तुतः मातृशक्ति की आराधना है। देवी तमाम शक्तियों का एकाकार रूप है। वह अन्याय और अनीति के विरूद्ध संघर्ष की प्रेरणा देती है।

# गांवों की गलियां, ग्रामीणों का हाईवे : केशव प्रसाद मौर्य

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि गांवों की गलियां, ग्रामीणों का हाईवे की भांति हैं, इसलिए गांवों की गलियां दुरुस्त और साफ-सुथरी होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत किये गये विकास कार्य धरातल

- **नाली, चकरोड, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसीरोड, खड़ंजा निर्माण जारी**
- **बीते 8 साल में 5,18,021 पूर्ण कार्यों पर खर्च हुए 10,825 करोड़**

पर दिखने भी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे गांव स्वच्छ और सुंदर रहे और ग्रामीण स्वस्थ रहें।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओ का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। गौरतलब है कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना ;महात्मा गांधी से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका संवर्धन के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उन ग्रामीण परिवारों को गारंटीकृत रोजगार उपलब्ध कराया जाता है, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल श्रम करने के लिए स्वेच्छा से काम करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाने एवं जलभराव जैसी की समस्या के निदान के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना से नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।

ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2017-18 से अब तक ग्रामीण संयोजकता के 5,18,021 पूर्ण कार्यों पर रुपये 1082518.79 लाख व्यय किये जा चुके हैं। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक ग्रामीण संयोजकता के 78,272 कार्य कराये जा चुके हैं, इस साल इन पूर्ण कार्यों पर 64217.37 लाख धनराशि व्यय की गई है। आयुक्त, ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि ग्रामीण संयोजकता के कार्य ग्राम्य विकास की



प्राथमिकताओं में हैं। सरकार की मंशा, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश एवं योजना की गाइडलाइन के अनुरूप ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए मनरेगा योजना से नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण का कार्य निरंतर कराया जा रहा है।

## ग्राम चौपालों में 4 लाख 87 हजार समस्याओं का निस्तारण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ग्रामीणो की समस्यायों के निराकरण के लिए प्रदेश के प्रत्येक विकास खंड की दो ग्राम पंचायतों में प्रत्येक शुक्रवार को ग्राम चौपाल, (गांव की समस्या-गांव में समाधान) का आयोजन किया जा रहा है और बहुत बड़ी संख्या में लोगों की समस्यायों का निराकरण उनके गांव में ही हो रहा है। सरकार खुद चलकर गांव व गरीबों के पास जा रही है, ग्राम चौपालों से जहां गांवों में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की जमीनी हकीकत का पता चलता है, वहीं सोशल सेक्टर की योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी आ रही है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के अनुपालन में ठोस व प्रभावी रूपरेखा बनाकर चौपालों का आयोजन किया जा रहा है तथा चौपालों से पूर्व गांवों में सफाई पर विशेष रूप से फोकस किया जा रहा है और चौपालों के बारे में अधिक से अधिक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। व्यक्तिगत समस्याओं के अलावा सार्वजनिक समस्याओं का भी समाधान चौपालों में हो रहा है। उप मुख्यमंत्री ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्राम चौपालों का आयोजन विधिवत किया जाता रहे। उप मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि गांव-गरीब के विकास के लिए चलायी जा रही योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी निष्पक्षता, पारदर्शिता व संवेदनशीलता के साथ किया जाये। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को प्रदेश की 1043 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया, जिनमें 2494 प्रकरणो का निस्तारण गांव पंचायतों में ही कर दिया गया। इन ग्राम चौपालों मे 2918 ब्लाक स्तरीय अधिकारी व कर्मचारी तथा 4471 ग्राम स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।

# चैत्र रामनवमी पर श्रीरामचरितमानस के अखंड पाठ से गुंजायमान होगा पूरा प्रदेश

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चैत्र रामनवमी के मंगलमयी उपलक्ष्य में सभी जिलों में 24 घंटे का श्रीरामचरिमानस का अखंड पाठ कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि 5 अप्रैल दोपहर से प्रारंभ अखण्ड मानस पाठ की पूणार्हुति 6 अप्रैल को श्रीरामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के सूर्य तिलक के साथ होना चाहिए। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद सभी जनपदों में देवालयों, मन्दिरों में आवश्यक व्यवस्थाएं प्रारम्भ कर दी गई हैं।

शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बासंतिक नवरात्र और श्रीरामनवमी से संबंधित तैयारियों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि देवीपाटन मंदिर, बलरामपुर, शाकुम्भरी देवी मंदिर सहारनपुर, विंध्यवासिनी देवी धाम, मीरजापुर आदि प्रमुख देवी मंदिरों व शक्तिपीठों में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होगा। सूर्य तिलक का दर्शन करने अयोध्या में पूरे देश से लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा से जुड़े सभी आवश्यक प्रबन्ध किये जाने चाहिए। कतारबद्ध श्रद्धालुओं को तेज धूप में खड़े होने में समस्या न हो, इसके लिए जूट मैटिंग कराई जाए। सभी देवालयों में पेयजल के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। छाजन की व्यवस्था कराई जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि चैत्र नवरात्र के दिनों में पूरे प्रदेश में समान रूप से निर्बाध 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों के आसपास अंडाए मांस आदि की दुकानें नहीं होनी चाहिए, साथ ही यह भी सुनिश्चित करायें कि कहीं भी अवैध स्लाटरिंग न हों।

# पूर्व विधायक हरदेव का निधन



**लखनऊ।** पूर्व विधायक हरदेव का निधन 29 मार्च को अपराह्न 1:30 बजे उनके लखनऊ स्थित आवास पर हुआ। वह 86 वर्ष के थे और लंबे समय से आयु संबंधी बीमारियों से ग्रसित थे। वे पर्वाूत्तर रेलवे लखनऊ मंडल में तैनात एसीएम जगतारा संगम के पिता थे। मूल रूप से बलिया जनपद के ग्राम फरहदा उर्फ पूरा, थाना भीमपुरा के निवासी श्री हरदेव ने अपना जीवन समाज सेवा और जनकल्याण को समर्पित किया। वह 1980 से 1989 तक बलिया जनपद की रसड़ा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे और इस दौरान विधानसभा की कई विधायी संबंधित समितियों के अध्यक्ष एवं सदस्य के रूप में कार्य किया। उनके कार्यकाल के दौरान माननीय पूर्व मुख्यमंत्री वी.पी.सिंह, श्रीपति मिश्रा, वीर बहादुर सिंह और नारायण दत्त तिवारी के मुख्यमंत्री काल में उनकी गिनती सक्रिय विधायकों में होती थी। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। श्री हरदेव अपने पीछे एक भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिसमें चार पुत्र और एक पुत्री शामिल हैं। उनका अंतिम संस्कार 30 मार्च को लखनऊ के भैंसाकुंड श्मशान घाट पर सायं 3 बजे संपन्न होगा।

संक्षेप

## किशोरी के अपहरण का केस दर्ज

**प्रतापगढ़।** किशोरी के अपहरण को लेकर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीस मार्च की रात करीब साढ़े आठ बजे उसकी पन्द्रह वर्षीर्या पुत्री को अनेहरा निवासी नितेश कुमार पुत्र राकेश कुमार पूरे चिरंजीव निवासी अतुल सरोज पुत्र विजय सरोज के सहयोग से बहलाफुसलाकर कहीं भगा ले गया। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद दो आरोपियों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया गया है।

## टैबलेट व स्मार्ट फोन पाकर खिले मेधावियों के चेहरे

**प्रतापगढ़।** जलेशरगंज के समीप मोठिन स्थित राजकली रमाशंकर शुक्ल पीजी कालेज में सशक्तीकरण के तहत मेधावियों को टैबलेट व स्मार्ट फोन समारोहपूर्वक वितरित किया गया। परशुराम सेना के जिलाध्यक्ष शशिधर त्रिपाठी एवं महाविद्यालय के निदेशक बलराम शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत महाविद्यालय की छात्रा लक्ष्मी, प्रतिभा, अर्चना, अंकित, शिवम आदि को टैबलेट पाकर प्रसन्न देखा गया। मुख्य अतिथि डॉ. शशिधर त्रिपाठी ने कहा कि बहुमुखी प्रतिभा के निर्माण में तकनीकी ज्ञान में बढोत्तरी समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अध्यक्षता करते हुए निदेशक बलराम शुक्ल ने कहा कि ज्ञान के विविध क्षेत्रों में टैबलेट व स्मार्ट फोन शिक्षा पद्धति को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। कार्यक्रम का संयोजन उप प्राचार्य डॉ. सर्वेश त्रिपाठी ने किया। इस मौके पर रविप्रकाश यादव, प्रमोद कुमार, संतोष मिश्र, पंकज मिश्र, सुरेश तिवारी, सोनम आदि रहे।

## परीक्षा परिणाम वितरित किया गया

**भरथना, इटावा।** ज्ञान स्थली इंटर कॉलेज भरथना में परीक्षा परिणाम वितरित किया गया। जिसमें मेधवियों को शील्ड देकर एवं मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। बच्चों को सम्मानित करने के साथ-साथ उनके अभिभावकों को भी प्रसंशा पत्र प्रदान व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर विद्यालय प्रधानाचार्य सुनील कुमार राजपूत, पर्यवेक्षक राकेश यादव, राजेश, राजीव, शशिकांत, संकल्प, आशुतोष मिश्रा, श्याम त्यागी, आशुतोष, अवनीश, ध्रुव, श्रीश, राधेश्याम, सौरभ, अभिजीत, रशिमी, रीता, उमा, रितु, प्रिया, सीता, दिव्या आदि का विशेष सहयोग रहा।

## एसएसपी ने निरीक्षण किया

**इटावा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने थाना भरथना, थाना फ्रेंड्स कॉलोनी का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव व थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया। इस दौरान पुलिस के अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डीएम ने विकास कार्यों की जानी स्थिति, दिए निर्देश



**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर0 की अध्यक्षता में विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास विभाग के कार्यो की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुआ।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम डॉ. राजागणपति आर. ने ओडीएफ माडल ग्राम बनाने में प्रगति लाने का निर्देश दिया। जिन ग्राम पंचायतों में कचरा गाड़ी, ई-रिक्शा क्रय कर लिया गया है उसकी सूची ग्राम पंचायत वार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हो गया है उनका प्रथम एवं द्वितीय किश्त का भुगतान कराये। राज्य वित्त आयोग/केन्द्र वित आयोग की समीक्षा में नियमानुसार व्यय कर लें। जिलाधिकारी ने ग्राम पंचायतों में कराये गये कार्यो का मास्टर रजिस्टर बनाने का निर्देश दिया जिसपर एडीओ पंचायत द्वारा हस्ताक्षर किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान मास्टर रजिस्टर को देखा जायेगा। पंचायत सहायक केयर टेकर के मानदेय का भुगतान करायें जो पंचायत सहायक कार्य नहीं कर रहे हैं उनको नोटिस निर्गत करें। पंचायत भवन प्रतिदिन खोलने का निर्देश दिया। आरआरसी सेन्टर के लिए जहां जमीन चिन्हित नहीं हुआ है एसडीएम से समन्वय बनाकर जमीन चिन्हित करा लें तथा जहां आरआरसी सेन्टर का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है उसको संचालित करायें। सभी खण्ड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत द्वारा ओडीएफ मॉडल ग्रामों में सुबह/शाम में सामुदायिक शौचालय, अन्त्येष्टि स्थल, आरआरसी सेन्टर का निरीक्षण करें, कूड़ा कलेक्शन हो रहा है कि नही के बारे में निरीक्षण रिपोर्ट उपलब्ध कराये। ग्रामीण अन्त्येष्टि स्थल विकास योजनान्तर्गत वित्तीय एवं भौतिक प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि 15 जून तक अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कार्य पूर्ण कराये। जो भी कार्य ग्राम पंचायतों में कराये जाये उसका समय से भुगतान किया जाये। प्रत्येक सप्ताह में खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत ग्राम पंचायतों का निरीक्षण करेंगे एवं साथ ही 6 विंदुओं की अपनी रिपोर्ट प्रेषित करेंगे। पंचायत भवन पर सीएससी और लाइब्रेरी का संचालन कराये। ओपन जिम का निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण व समय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया। मिनी स्टेडियम, साधन सहकारी समिति का मरम्मत कार्य, सीएचसी पीएचसी का मरम्मत कार्य में प्रगति लाकर निर्माण कार्य समय से पूर्ण कराये। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, डीपीआरओ पवन कुमार, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, बीडीओ मिठवल सौरभ पाण्डेय कृतिका, समस्त बीडीओ, एड़ियों पंचायत अजय कुमार राय, ओम प्रकाश, व समस्त एडीओ पंचायत व अन्य संबधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परीक्षा देने से रोकने पर नौवीं कक्षा की छात्रा ने आत्महत्या की

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ जिले में शनिवार को प्रवेश पत्र न मिलने के कारण निराश नौवीं कक्षा की छात्रा ने अपने कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना मांधाता थानाक्षेत्र के पितईपुर गांव में हुई।

एएसपी (पूर्वी) दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि पितईपुर की रहने वाली पूनम देवी ने शिकायत में आरोप लगाया कि उनकी बेटी रिया प्रजापति (17) कमला शरण यादव इंटर कॉलेज की नौवीं कक्षा की छात्रा थी और बकाया फीस न चुका पाने के कारण उसे प्रवेश पत्र नहीं दिया गया। शिकायत के मुताबिक, स्कूल के प्रबंधक संतोष कुमार यादव, दीपक सरोज, प्रधानाचार्य राजकुमार यादव, चपरासी धनीराम और अज्ञात शिक्षक ने छात्रा को परीक्षा में बैठने नहीं देने और विद्यालय परिसर में अपमानित कर उसका भविष्य खराब करने की धमकी दी थी, जिससे निराश होकर उनकी बेटी ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## डीएम ने परसिया कस्तूरबा विद्यालय व उचित दर विक्रेता दुकानदार का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** डीएम डॉ. राजा गणपति आर. ने शोहरत गढ़ तहसील क्षेत्र ग्राम पंचायत परसिया के आरआरसी सेन्टर का निरीक्षण कर सेन्टर को क्रियाशील कराने का निर्देश दिया गया, बाद उसके परसिया ग्राम के उचित दर विक्रेता दुकानदार का निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर ई पास मशीन का मिलान किया गया, बाद इसके डीएम ने विकास खण्ड शोहरतगढ़ के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय एवं कम्पोजिट विद्यालय परसिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने निपुण तालिका, शिक्षक डायरी, मिडडे मील रजिस्टर आदि को देखा। जिलाधिकारी ने मिडडे मील को खाकर गुणवत्ता चेक किया गया, । इस दौरान शिक्षक कृतिका यादव अनुपस्थित पायी गयी, जिसका एक दिन का वेतन काटने का निर्देश दिया। इसके साथ निपुण तालिका में अंकित छात्रा शीतल से सवाल पूछां गया जो उत्तर नहीं दे पायी, जिसपर जिलाधिकारी ने विमला पाल को स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया गया, इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी पवन कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़, खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ यशोवर्धन सिंह आदि उपस्थित रहे।

# ईद को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराना हम सभी का दायित्व : डीएम



**मेरठ।** शनिवार को दिल्ली रोड स्थित ईदगाह पर डीएम डॉ. वीके सिंह की अध्यक्षता में ईद को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु गणमान्य व्यक्तियो के साथ बैठक आहूत की गयी। बैठक में शहर काजी, धर्म गुरूओ एवं प्रबुद्धजनो द्वारा अपने विचार व्यक्त किये । जिलाधिकारी ने कहा कि ईद को शांतिपूर्ण, सकुशल संपन्न कराना हम सभी का दायित्व है। बैठक में उपस्थित शहर काजी, धर्म गुरूओ एवं प्रबुद्धजनो से भी अपने स्तर पर लोगो को जागरूक करने की अपील करते हुये इस संबंध में कोई भी समस्या होने पर तुरंत अवगत कराने के लिए कहा गया। प्रबुद्धजनो द्वारा मेरठ शहर सहित पूरे जनपद में समस्त ईदगाहो/मस्जिद पर प्रकाश की व्यवस्था, सड़क मरम्मत, साफ-सफाई, पेयजल, ट्रैफिक व्यवस्था से संबंधित समस्याओ से अवगत कराया गया। एसएसपी विपिन ताडा ने कहा कि त्यौहार को शांतिपूर्ण संपन्न कराये जाने हेतु पुलिस प्रशासन पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा तथा पूर्व की भांति सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं एसएसपी ने समस्त जनपदवासियो से शांतिपूर्ण सदभाव तरीके से ईद मनाये जाने की अपील करते हुये ईद की मुबारकबाद दी। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, सीएमओ डा0 अशोक कटारिया, अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी, शहर काजी सहित अलग-अलग क्षेत्रो से आये हुये धर्म गुरू एवं प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## शिक्षिका के निधन पर प्रमोद और मोना समेत शिक्षकों ने जताया शोक

**प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने एमडीपीजी कालेज की अवकाश प्राप्त प्राध्यापिका डॉ. उषा उपाध्याय के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख जताया है। वहीं शनिवार को सांगीपुर एवं ढ़िगवस क्षेत्र के विद्यालयों में शोक सभाएं हुई। वह स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व0 पं. मुनीश्वरदत्त उपाध्याय की पुत्रवधू भी थी। शोकसभा में शिक्षकों ने डॉ. उषा के शैक्षिक क्षेत्र में दिये गये योगदान को अविस्मरणीय बताया। सांगीपुर स्थित गांधी इण्टर कालेज में हुई शोकसभा की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ. अमिताभ शुक्ल व संचालन शिक्षक रामबोध शुक्ल ने किया। यहां शोकसभा में अनुराग उपाध्याय, रंजन त्रिपाठी, रविशंकर, रवीन्द्र भूषण मिश्र, बच्चाबाबू वर्मा, अनिल कुमार सरोज, इम्तियाज अहमद आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित किया। इधर ढिगवस स्थित जगदीश नारायण इण्टर कालेज में प्रधानाचार्य अरूण कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में हुई शोकसभा में शिक्षकों ने डॉ. उषा के सामाजिक एवं शैक्षिक योगदान पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पवन कुमार मिश्र, अनिल कुमार त्रिपाठी, दिनेश कुमार द्विवेदी, नीलिमा कुमार, धीरेन्द्र यादव, कमलेश त्रिपाठी, प्रकाशचंद्र शुक्ल आदि रहे।

## ज्ञान को सशक्त बनाने के लिए मजबूत वातावरण जरूरी

**प्रतापगढ़।** स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज में शनिवार को मेधा ज्ञान सशक्तीकरण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक आचार्य रामअवधेश मिश्र ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि नवीन छात्रों में ज्ञान के सशक्तीकरण के लिए शैक्षिक वातावरण को मजबूती दिया जाना चाहिए। विद्यालय में आयोजन के तहत कक्षा छः एवं नौ तथा ग्यारह के नये प्रवेशार्थी छात्रों का तिलक एवं पुष्पगुच्छ से उत्साहवर्धन भी किया गया। वहीं छात्र छात्राओं के अभिवावकों के साथ परिचर्चा कार्यक्रम में मेधावियों के भविष्य निर्माण के गुर भी बताए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर मिश्र व संचालन आचार्य उमेशपाल मिश्र ने किया। इस मौके पर बसन्त मिश्र, हर्षद शुक्ल, रामकुमार यादव, शिवानन्द, शिवदीप, योगेश ओझा, सूबेदार सिंह, रेखा ओझा, रूचि त्रिपाठी आदि रहे।

# जिलाधिकारी ने किया देवी पाटन का निरीक्षण



जिला संवाददाता (vol)

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा देविपाटन मंदिर परिसर एवं मेला क्षेत्र का किया भ्रमण सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया एवं संबंधित अधिकारियों को को आवश्यक दिशानिर्देश दिएइस दौरान डीएम द्वारा रेलवे स्टेशन तुलसीपुर का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशानिर्देश दिए गए।

उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं प्रदान किया जाए जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े । इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्त, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार एएसपी, एसडीएम तुलसीपुर व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में मेधावियों के उपादेय मॉडल से गदगद दिखे अभिभावक

- पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल के अभिवावक सम्मेलन में विज्ञान की महत्ता पर हुई परिचर्चा



**प्रतापगढ़।** अझारा स्थित पं. नागेशदत्त पब्लिक स्कूल में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी में मेधावियों ने ज्ञान व विज्ञान के उपादेयी माडल प्रस्तुत किये। अभिवावक सम्मेलन पर हुई विज्ञान प्रदर्शनी में मेधावियों का माडल देख अतिथि व अभिवावक गदगद दिखे। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र एवं एचआर हेड रीमा मिश्रा तथा प्रबंधक सुनीता मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया। छात्रा स्वरित शुक्ला, कृष्णा सरोज, स्वरा शुक्ला, काव्या, अर्पिता सिंह, प्रज्ञा तिवारी, कीर्ति सिंह, श्रेया मौर्या द्वारा आटोमैटिक स्ट्रीट लाइट कंट्रोल एआई तकनीक के तहत थ्रीडी प्रिटिंग, रिमोट कंट्रोल कार, कलर टैजकिंग, रोबोट की प्रदर्शनी पुरस्कृत हुई। विद्यालय के संस्थापक रमेशचंद्र मिश्र ने कहा कि आधुनिक युग का विकास विज्ञान के वैभव पर निर्धारित है। उन्होनें मेधावियों से विज्ञान के नये नये प्रयोगो को ज्ञान के रूप में आत्मसात करने पर जोर दिया। अध्यक्षता करते हुए समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र ने कहा कि विज्ञान प्रगति का श्रोत है। संचालन प्रधानाचार्य एसएन त्रिपाठी ने किया। एचआर हेड रीमा मिश्रा व गौरव मिश्र ने मेधावियों को पुरस्कृत किया। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी महेश, अजय शुक्ल गुडडू व प्रमोद सिंह ने छात्र छात्राओं की प्रस्तुतियों की सराहना की। इस मौके पर भागवतदत्त पीजी कालेज की प्राचार्या डॉ. पूनम त्रिपाठी, तारा देवी इंस्टीटयूट के प्राचार्य राहुल सिंह, मौलवी फरजंद अली कालेज आफ लॉ के प्राचार्य शारदा प्रसाद विश्वकर्मा, तारा देवी क्रिकेट एकेडमी के हेड कोच नारायण मुकेश, कोच हर्ष पाल, राज सोनकर, कमलेश विश्वकर्मा आदि रहे।

# पुलिस ने वित्तीय संस्थानों की सुरक्षा के लिए चलाया गया चेकिंग अभियान



**बलरामपुर।** बैंकों में लगे सुरक्षा उपकरणों संदिग्ध व्यक्तियोंवाहनों को चेक किया गया। पुलिस नें लोगों को साइबर फ्रॉड से बचने के उपाय के बारे में भी किया गया जागरुक किया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निदेर्शानुसार बैंकोंडाकघरजनसेवा केन्द्र व अन्य वित्तीय संस्थानों की सुरक्षार्थ जनपद बलरामपुर के समस्त प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष चौकी प्रभारी द्वारा बैंकोंडाकघर व अन्य वित्तीय संस्थानों में चेकिंग अभियान चलाया गया ।

जनपद बलरामपुर के समस्त थानों की पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले बैंको/डाकघर के आस-पास तथा बैंक के अन्दर सघन चेकिंग की गई। इस दौरान बैंक अधिकारियों/कर्मचारियों से वार्ता कर सुरक्षा के सभी उपकरण सीसीटीवी कैमरा, फायर अलार्म आदि को किया चेक। संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों को चेक किया गया तथा बैंक में मौजूद लोगों को सुरक्षा के दृष्टिगत जागरुक किया गया एवं बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को सतर्क रहते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान सभी को साइबर अपराध से बचाव के बारे मे भी जानकारी दी गई।

## डगरारा में श्रीराम कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ आज

**प्रतापगढ़।** क्षेत्र के गौखाड़ी गांव में आज रविवार से नौ दिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। प्रख्यात कथाव्यास स्वामी सम्पूर्णानन्द जी महराज प्रभु श्रीराम की पावन कथा सुनायेंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम के संयोजक धर्मेन्द्र प्रताप सिंह चौहान ने दी है।

## पीएम श्री विद्यालय कटरा गुलहरिया श्रावस्ती में वार्षिक उत्सव आयोजित

**इकौना, श्रावस्ती।** पीएम श्री विद्यालय कटरा गुलहरिया श्रावस्ती में वार्षिक उत्सव का आयोजन प्रधानाध्यापक नीलमणि शुक्ला की अध्यक्षता में किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मिश्रीलाल विशिष्ट अतिथि डॉक्टर डीके त्रिवेदी जवाहर नवोदय विद्यालय बलरामपुर, प्रोफेसर विशाल मिश्रा दिल्ली विश्वविद्यालय, खंड शिक्षा अधिकारी इकौना फूलचंद मौर्य रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर अतिथियों ने माल्यार्पण कर दीप जलाकर किया ।इस दौरान बच्चों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया ।अपने उद्बोधन में डॉक्टर मिश्रीलाल भाजपा जिला अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा रूपी मंदिर में शिक्षा ग्रहण करने हेतु विभिन्न धर्म जात के बच्चे आते हैं और शिक्षा ग्रहण करते हैं ।यह बच्चे हमारे देश के स्वर्णिम भविष्य हैं। इनको अपने नैतिक जिम्मेदारियां को निभाते हुए शिक्षकों को शिक्षा देनी चाहिए ।जिससे यह देश के अच्छे नागरिक बन सके ।वही प्रवक्ता डी के त्रिवेदी जवाहर नवोदय विद्यालय ने कहा बच्चों के शिक्षण हेतु हमारी सरकार ने विभिन्न योजनाएं को चलाकर शिक्षा जगत में एक अनोखा पहल किया है ।प्रोफेसर विशाल मिश्रा दिल्ली विश्वविद्यालय में भी सभा को संबोधित किया ।बच्चों ने अपने सांस्कृतिक प्रोग्राम में स्कूल चले हम खुशनुमा, शहजादी ने प्रस्तुत किया । ।साथ ही आर्यन, विमल, प्रवेश, सत्यम ने जैसी करनी वैसी भरनी नाटक प्रस्तुत किया। आलू कचालू नृत्य प्रभा, मीनाक्षी, अंशिका ने प्रस्तुत किया ।छोटा बच्चा जान के गीत शिल्पा, हैदर, पलक, हौसला प्रसाद में प्रस्तुत किया। वहीं अन्नया, अमृता, प्रिया, अनजान, सलोनी ने मेरी चौखट पर चल के आना गीत प्रस्तुत किया ।कार्यक्रम का समापन करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी फूलचंद मौर्य अपनी कक्षाओं में सर्वाधिक अंक पाने वाले बच्चों को मेडल देकर के सम्मानित किया।

## धूमधाम से निकली कलश शोभा यात्रा



**प्रतापगढ़।** विकासखण्ड सांगीपुर के जूही शुकुलपुर गांव में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा में सैकड़ों की संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। सिर पर आस्था का कलश लिये महिलाएं मंगलगीत में रमी भी नजर आयीं। अयोध्या धाम से पधारे कथाव्यास महन्त गिरीशपति त्रिपाठी के नेतृत्व में निकली कलश यात्रा भैरवन, सांगीपुर आदि इलाकों में भ्रमण करते हुए लोकमंगल का संदेश दिया। कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नृत्य करते सनातन धर्म का जयकारा लगाते दिखे। कलश यात्रा का आयोजन मुख्य यजमान सतीशचंद्र शुक्ल फौजी ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार राज नारायण शुक्ल, अधिवक्ता राजेन्द्र त्रिपाठी, सुरेशचंद्र शुक्ल, दिलीपचंद्र शुक्ल, मनीष शुक्ल, महेश, आशीष, अमन, अंश आदि मौजूद रहे।

## सीडीओ जयेंद्र कुमार ने खेल मैदान मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** 29 मार्च ।जयेन्द्र कुमार, मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खण्ड जोगिया के ग्राम पंचायत जोगिया में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायत के कन्वर्जेन्स से खेल मैदान/मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय सहायक विकास अधिकारी, ग्राम सचिव, तकनीकी सहायक आदि उपस्थित रहें। खेल मैदान, मिनी स्टेडियम निरीक्षण में पाया गया कि खेल मैदान की बॉउंड्री वॉल, का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। तीन तरफ से कार्य पूर्ण हो गया है। ग्राम सचिव द्वारा बताया गया कि लो-लैण्ड होने के कारण निर्माण कार्य विलम्व से प्रारम्भ किया जा सका। मैदान में मिट्टी पटाई कार्य महात्मा गांधी नरेगा से कराया गया है। खण्ड विकास अधिकारी, जोगिया को निर्देशित किया गया कि मानक के अनुसार अन्य निर्माण कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

## सीडीओ ने सीएचसी जोगिया का किया निरीक्षण

**सिद्धार्थनगर।** सीडीओ जयेंद्र कुमार ने यीएचसी, जोगिया, वि0ख0-जोगिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय डॉ सौरभ चतुर्वेदी, प्रभारी चिकित्साधिकारी सीएचसी जोगिया सहित अन्य चिकित्स एवं पैरामेडिकल स्टॉफ व बीसीपीएम आदि उपस्थित रहे। क्षेत्र पंचायत द्वारा भवन में कराये गये निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर सम्बन्धित आवश्यक निर्देश दिया गया। भूतल पर शौचालय में बेसिन की सप्लाइ पाइप टूटी पायी गयी। जिसे ठीक कराने के निर्देश दिये गये। परिसर में साफ-सफाई करने के निर्देश दिये गये। सामुदायकि स्वास्थ्य केन्द्र पर संचालित गर्भवती महिलाओं के अनुश्रवण एवं सहयोग के लिए संचालित वामरूम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में समय करूणा, डार्करूम सहायक, वार रूम में डियुटी पर पायी गयी। कालिंग रजिस्टर में अधिकांश मोबाइल नम्बर गलत अथवा वर्किग मे नही थे। लेबर रूम रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए प्रभारी चिकित्साधिकारी को आवश्यक निर्देश दिया गया। परिसर में 3 एम्बुलेन्स निष्प्रयोज्य अवस्था में खड़ी है, जिसका नियमानुसार निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।

## जिला जज, डीएम, एसएसपी ने किया जिला जेल, बाल गृह, नारी निकेतन का निरीक्षण

**मेरठ।** शनिवार को जिला न्यायाधीश रजत सिंह जैन, डीएम डॉ. वीके सिंह, एसएसपी डॉ विपिन ताडा द्वारा जिला जेल, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह व राजकीय पष्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिला कारागार में जिला न्यायाधीश एवं डीएम ने बैरक, महिला वार्ड, पाकशाला, चिकित्सालय, शौचालय आदि का निरीक्षण किया व जेल अधीक्षक को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। महिला बैरक में उन्होने महिला कैदियो से वार्ता कर उनसे खान-पान, पैरवी हेतु वकील आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने खाने की गुणवत्ता चैक की व संबंधित को इस पर विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। जिला न्यायाधीश एवं डीएम ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह में किशोरो से वार्ता करते हुये उनसे खान-पान, दवाई, पेशी आदि विषयों पर जानकारी प्राप्त की। उन्होने वहां लाईब्रेरी, सीसीटीवी कैमरे आदि का निरीक्षण किया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सूरजकुंड बालगृह पर जिला न्यायाधीश व डीएम ने बच्चो से खान-पान, दवाई आदि विषयो पर जानकारी प्राप्त की। उन्होने वहां शयन कक्ष, शिक्षण कक्ष का निरीक्षण किया व संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने संबंधित अधिकारी को शौचालय की सफाई कराने के निर्देश दिये। जिला न्यायाधीश व डीएम ने राजकीय पष्चातवर्ती देखरेख संगठन लालकुर्ती (नारी निकेतन) में बच्चो को दी जा रही सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने बच्चो से खान-पान, पढाई आदि की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर जेल अधीक्षक जिला कारागार वीरेश राज शर्मा, जिला प्रोबेशन अधिकारी अतुल कुमार सोनी, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, सूरजकुंड बाल गृह तथा नारी निकेतन का स्टॉफ सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 108 टीबी मुक्त ग्राम प्रधानों का सम्मान



**श्रावस्ती।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद की 108 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम डीपीआरसी भवन में आयोजित हुआ, जिसमें जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. ए.के. सिंह ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया।

इस मौके पर जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को रजत और कांस्य रंग की गांधीजी की प्रतिमा तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इसके अलावा, 10 निक्षयमित्रों को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और कर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि यह उपलब्धि ग्राम प्रधानों और स्थानीय स्वास्थ्य इकाई के प्रयासों से संभव हुई है। उन्होंने 2023 और 2024 में टीबी मुक्त पंचायतों के सभी मानकों पर खरे उतरे 8 ग्राम पंचायतों की विशेष सराहना की। उन्होंने प्रधानों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र में संभावित मरीजों की जांच कराएं और उपचाररत मरीजों को पोषण और आर्थिक लाभ दिलाने में सहयोग करें।

**गेहूं कटाई के दौरान आग से बचाव की अपील**

डीएम ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही गेहूं की कटाई शुरू हो गई है, जिससे आगजनी की घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है। उन्होंने प्रधानों से अनुरोध किया कि फसल कटाई के समय कंबाइन का सावधानीपूर्वक प्रयोग करें और किसी भी घटना पर तुरंत जिला प्रशासन या अग्निशमन विभाग से संपर्क करें। उन्होंने बताया कि किसानों को जागरूक करने के लिए कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है और आगे भी किया जाएगा। सीडीओ अनुभव सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार देश से टीबी को समाप्त करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। वहीं, सीएमओ डॉ. अशोक कुमार सिंह ने बताया कि 100 दिवसीय अभियान के तहत जिले ने उच्चतम स्थान प्राप्त किया है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. के.के. वर्मा ने कहा कि जिलाधिकारी की अपील के बाद 851 निक्षयमित्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया और मरीजों को गोद लेकर पोषण सहायता प्रदान की। इन निक्षयमित्रों ने टीबी रोगियों का मनोबल बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर डॉ. ओपी वर्मा, डॉ. प्रवीन कुमार, डॉ. अवनीश तिवारी, डॉ. दीपक शुक्ला, डीपीसी रवि कुमार मिश्र, अनुपम श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और क्षय रोग कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कार्यालय जिला पंचायत-बहराइच

**पत्रांक : 833B/ नि.सू. / जि.पं. बह./ 2024-25** **दिनांक : 28 मार्च, 2025**

**:-निविदा सूचना :-**

विधान मण्डल क्षेत्र विकास निधि योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा पंचम राज्य वित्त आयोग तथा केन्द्रीय / 15वां वित्त आयोग (टाइड/ अनटाइड फण्ड) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 की अवशेष धनराशि तथा वर्ष 2024-25 में स्वीकृत निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्य कराये जाने हेतु जिला पंचायत बहराइच तथा प्रदेश की अन्य जिला पंचायतों में पंजीकृत ठेकेदारों तथा राज्य सरकार के सिंचाई विभाग लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच में आफलाइन निविदाएं दिनांक 23.04.2025 तक पूर्वान्ह 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा आमंत्रण उपरान्त दिनांक 23.04.2025 को ही अपरान्ह 3.30 बजे निविदा समिति द्वारा खोली जायेगी।

निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 22.04.2025 तक पूर्वान्ह 11.00 से सायं 5.00 बजे तक कार्यालय जिला पंचायत, बहराइच कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बहराइच तथा कार्यालय जिलाधिकारी बहराइच के न्यायालय सभाकक्ष से की जायेगी तथा उपरोक्त टेण्डर बिक्री के स्थान पर रखे गये टेण्डर बाक्स में टेण्डर डाले जायेंगे। सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी। सभी कार्यों को पूर्ण करने की अवधि तीन माह होगी। निर्माण कार्यों का क्रियान्वयन लोक निर्माण विभाग के मानक तथा प्राक्कलन के अनुसार सम्पादित करना अनिवार्य होगा। इसमें किसी प्रकार का बिचलन नहीं किया जायेगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता आगणन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप सुनिश्चित की जायेगी। निविदा स्वीकृत /अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित है। परियोजनाओं/ कार्यों का विवरण निम्नलिखित है:

| क्रमांक सं/लाट संख्या | विकास खण्ड का नाम | परियोजना का नाम | कार्य की लम्बाई (मी. में) | लागत(रू.में) जी.एस.टी. सहित | 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि | निविदा शुल्क GST सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | महसी | ग्राम पंचायत भगवानपुर के मजरा उंचेपुरवा में लाल बहादुर गौतम के घर के पास सी.सी. रोड राम प्रसाद गौतम के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य । | 110 | 496700 | 9934 | 118 |
| 2 | महसी | ग्राम पंचायत चन्दपईया के मजरा बढ़ेरिया में बेचे गौतम के घर से बालक राम के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य । | 150 | 755600 | 15112 | 236 |
| 3 | महसी | ग्राम पंचायत राजापुर में कंधई लाल आर्य के घर राकेश निषाद के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य । | 130 | 569300 | 11386 | 236 |
| 4 | फखरपुर | ग्राम पंचायत सिपहिया हुलास में श्री केशव गुप्ता के घर से श्री अशोक निषाद के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 132 | 635300 | 12706 | 236 |
| 5 | फखरपुर | ग्राम पं. धमार्पुर के तेलवा में सदानंद के घर के पास से विजय के घर होते हुए राधा मौर्या के हाता तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 170 | 756800 | 15136 | 236 |
| 6 | फखरपुर | ग्राम पं. जैतापुर बिसवा डामर रोड पर श्री हिरन लोधी के घर के पास से श्री पेशकर आर्य के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 69 | 332800 | 6656 | 118 |
| 7 | फखरपुर | ग्राम पं. बौण्डी के टिल्लूपुरवा में श्री पंचम लोधी के घर से श्री आनंद के घर होते हुए जग प्रसाद के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 140 | 592200 | 11844 | 236 |
| 8 | फखरपुर | ग्राम पं. लिंगाई के मजरा अवस्थीपुरवा में सरवर मिश्रा के घर के पास से नान्हू बाजपेई के घर होते हुए राजेश दीक्षित के घर तक इण्टरलाकिंग। | 95 | 711100 | 14222 | 236 |
| 9 | तेजवापुर | ग्राम पं. तारापुर में ननगुन कश्यप के घर के पास सी.सी. से छन्नू के घर होते हुए देशराज के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 150 | 745600 | 14912 | 236 |
| 10 | तेजवापुर | ग्राम पं. बौंडी शुक्ल में राम निवासी गौतम के घर से पतिराम साहू के घर होते हुए संकटु के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 128 | 532900 | 10658 | 236 |
| 11 | तेजवापुर | ग्राम पंचायत रामगढ़ी के गजरा तिवारीपुरवा में श्री अखिलेश के घर के पास इण्टरलाकिंग से श्री कमलेश तिवारी के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग कार्य। | 110 | 537100 | 10742 | 236 |
| 12 | फखरपुर | ग्राम पंचायत धमार्पुर पहिया कुट्टी में डागर रोड से वेतराम पाठक के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य । | 125 | 615100 | 12302 | 236 |
| 13 | शिवपुर | ग्राम पंचायत गुनीमपुर में राम चेरे लोधी के घर से राम समुझ लोधी व सिपाही लाल के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 90 | 424800 | 8496 | 118 |
| 14 | शिवपुर | ग्राम पंचायत शंकरपुर-लक्ष्मणपुर के शंकरपुर में लल्लू के घर से घनश्याम के घर मार्ग पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य । | 150 | 741300 | 14826 | 236 |
| 15 | नगर क्षेत्र-बहराइच | मोहल्ला बख्शीपुरा में संसारमणि शुक्ला के घर से अशोक पाण्डेय के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य । | 70 | 435000 | 8700 | 118 |
| 16 | वित्तौरा | ग्राम पंचायत अहिरौरा में राजेंद्र के घर से उत्तम चौधरी के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य । | 50 | 155000 | 3100 | 118 |
| 17 | रिसिया | राजकीय स्वर्ण जयंती पार्क बगनी (रिसिया मोड़) मुख्य सड़क मार्ग से पार्क के गेट तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य । | 97 | 218700 | 4374 | 118 |
| 18 | बित्तौरा | ग्राम पं. कुसौर में नहर से शमशान घाट तक इण्टरलाकिंग कार्य । | 150 | 759900 | 15198 | 236 |
| 19 | बलहा | नगर पालिका नानपारा में प्रधानमंत्री कृषि समृद्धि केंद्र व इफको बाजार के सामने इण्टर लाकिंग कार्य । | 52 | 316100 | 6322 | 118 |
| 20 | कैसरगंज | नगर पं. कैसरगंज के वार्ड नं. 10 डिहवा में शिव नारायण त्रिपाठी के घर से चन्द्रभान चौधरी के ट्यूबवेल तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 85 | 451000 | 9020 | 118 |
| 21 | कैसरगंज | ग्राम पंचायत बरखुरद्दारापुर के मजरा करीम बेहड़ में लखनऊ बहराइच राजमार्ग से मनोहर लाल वर्मा के घर होते हुए सी.सी. मार्ग तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 146 | 664000 | 13280 | 236 |
| 22 | हुजूरपुर | ग्राम पंचायत हरिहरपुर के डॉक खानापुरवा में हरिहरपुर कुट्टी मार्ग से हरदेव बक्श सिंह के घर मार्ग पर सी.सी. निर्माण कार्य । | 65 | 540800 | 10816 | 236 |
| 23 | बित्तौरा | ग्राम पंचायत चफरिया में कुरवारी मेहरबानपुरवा सम्पर्क मार्ग से एस०टी०पी० प्लांट तक अवशेष लेपन कार्य । | 20 | 150000 | 3000 | 118 |
| 24 | शिवपुर | ग्राम पंचायत इटहा में बेरिया समय डामर रोड से लोनियन पुरवा में आज्ञाराम लोनिया के घर की तरफखडन्जा निर्माण कार्य । | 400 | 846900 | 16938 | 236 |
| 25 | फखरपुर | ग्राम पंचायत टेड़वा अल्पीमिश्र में जिला पंचायत द्वारा निर्मित पुलिया से तालाब तक नाला निर्माण कार्य । | 60 | 604000 | 12080 | 236 |
| 26 | पयागपुर | ग्राम पं. पंचदेवरा के गोविन्दापुर में बलभद्र प्रसाद के अदालत की बाग होते हुए तालाब तक नाले पर अवशेष ढक्कन व नाला कार्य। | 15 | 206000 | 4120 | 118 |
| 27 | तेजवापुर | ग्राम पंचायत शेखदहीर मे मगन श्रीवास्तव के घर से बंजारी मार्ग पर नाला निर्माण कार्य । | 150 | 846500 | 16930 | 236 |
| 28 | हुजूरपुर | ग्राम पंचायत नसरापुर में सी.सी. मार्ग से दौलत सिंह के घर मार्ग पर सी.सी. निर्माण कार्य । | 80 | 799400 | 15988 | 236 |
| 29 | हुजूरपुर | ग्राम पंचायत जिगनिया जसकरन सिंह में हाईवे मार्ग से नजीर के घर मार्ग पर सी.सी. निर्माण कार्य । | 80 | 551600 | 11032 | 236 |
| 30 | बलहा | नरायनपुर में अनु.जाति बस्ती से बोरनिहा डामर तक खड़न्जा निर्माण कार्य । | 400 | 823900 | 16478 | 236 |
| 31 | रिसिया | ग्राम पंचायत जोकहा सलारपुर के कोरियनपुरवा मार्ग से भुलाईपुरवा की ओर खडन्जा कार्य । | 375 | 765200 | 15304 | 236 |
| 32 | रिशिया | ग्राम पंचायत जोकहा सलारपुर में गोट्टी संपर्क मार्ग से कविराज गांव की ओर खड़न्जा निर्माण कार्य । | 250 | 512200 | 10244 | 236 |
| 33 | महसी | ग्राम सभा मुकेरिया में बहराइच सम्पर्क मार्ग से पुरवा तक खड़न्जा कार्य। | 370 | 761000 | 15220 | 236 |
| 34 | पयागपुर | ग्राम पंचायत सहसरांवा के शिवशंकरपुरवा में प्राथमिक विद्यालय रोड से विश्राम शुक्ला के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य। | 80 | 642000 | 12840 | 236 |
| 35 | हुजूरपुर | शेखापुर बेहड़ी में जीवन लाल के घर से रोड तक खड़न्जा निर्माण। | 235 | 496900 | 9938 | 118 |
| 36 | फखरपुर | ग्राम पंचायत बिसवां में नहर पुल से गुडगुडी के घर की ओर सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 60 | 501600 | 10032 | 236 |
| 37 | फखरपुर | ग्राम पंचायत सरसठ बेटौरा में पंचायत भवन से गांव की ओरं सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | 50 | 418800 | 8376 | 118 |
| 38 | पयागपुर | ग्राम पंचायत बनकटा के बड़का ताल में गौशाला बैजनाथ मिश्रा के घर से दिनेश यादव के घर की ओर सी.सी. रोड निर्माण कार्य | 100 | 698100 | 13962 | 236 |
| 39 | बलहा | ग्राम पंचायत कोदरैला में बलवीर पाण्डेय के खेत के पास हयूग पाइप पुलिया निर्माण कार्य। बलहा। | 12 | 740000 | 14800 | 236 |
| 40 | हुजूरपुर | रत्तापुर स्कूल से राम प्रताप सिंह मास्टर के घर मार्ग पर सी.सी. निर्माण कार्य । | 40 | 449900 | 8998 | 118 |
| 41 | हुजूरपुर | डामर रोड चलतुआ से विजय भान के घर तक सी.सी. मार्ग निर्माण। | 110 | 756300 | 15126 | 236 |
| 42 | हजूरपुर | जिगनिया जसकरन डामर रोड से महुआरी मस्जिद तक सी.सी. निर्माण कार्य । | 100 | 845700 | 16914 | 236 |
| 43 | महसी | ग्राम पंचायत लखनापुर में जिला पंचायत द्वारा पूर्व निर्मित छतिग्रस्त सी.सी. रोड का उच्चीकरण एवं पुनर्नव निर्माण कार्य । | 70 | 452200 | 9044 | 118 |
| 44 | बित्तौरा | ग्राम पंचायत चाकूजोत के ग्राम रूकनापुर में पेन्टिंग रोड से कठाई घाट जाने वाले मार्ग पर अवशेष लेपन कार्य । | 55 | 434200 | 8684 | 118 |
| 45 | प्रयागपुर | ग्राम पंचायत सतरही में अहिरनपुरवा खड़न्जा से तिवारीपुरवा की ओर खड़न्जा निर्माण कार्य। | 410 | 698700 | 13974 | 236 |
| 46 | बित्तौरा | ग्राम पंचायत नौव्वा पट्टी कटेहनावान गिरन्ट में हनीफ के घर से रतहिया तक खडन्जा निर्माण कार्य। | 300 | 540000 | 10800 | 236 |
| 47 | महसी | ग्राम पंचायत बंशपुरवा में मेन रोड से गांव तक अवशेष सी.सी. रोड निर्माण कार्य । | | 178600 | 3572 | 118 |
| 48 | मुख्यालय | मा. अध्यक्ष आवास एवं अधिकारियों के आवासों में मरम्मत कार्य। | | 846500 | 16930 | 236 |
| 49 | पयागपुर | ग्राम सभा अमराई में रामानन्द उ.मा. विद्यालय के सामने से लोनियनपुरवा नहर पटरी पर अवशेष लेपन कार्य । | 27 | 186000 | 3750 | 118 |
| 50 | तेजवापुर | मौजा सरपतहा में मतीन के मकान से अमीन के खेत के पास तालाब तक नाला निर्माण कार्य । | 117 | 844800 | 16896 | 236 |
| 51 | फरवरपुर | ग्राम पं. कनेरा में सुरेश के हाता से तालाब तक नाला निर्माण कार्य। | 60 | 644700 | 12894 | 236 |
| 52 | रिसिया | ग्राम पंचायत नरसिंहडीहा में अशोक वर्मा के घर के पास से नाले तक नाला निर्माण कार्य। | 40 | 271186 | 5424 | 118 |

**निविदा की मुख्य शर्ते:-**

1. प्रत्येक कार्य की निविदा लागत के समतुल्य विड कैपसिटी (Bid Capacity) संलग्न करना अनिवार्य है।
2. प्रत्येक निविदादाता को प्रत्येक कार्य की निविदा के साथ निविदा शुल्क की पृथक-पृथक धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/डिमाण्ड ड्राफ्ट जो राष्ट्रीयकृत बैंक/शेडयूल बैंक से 'अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच' के पक्ष में निर्गत हो तथा देय हो निविदा के साथ संलग्न किया जायेगा तथा 2 प्रतिशत अग्रिम धरोहर धनराशि की एफ.डी.आर./ टी.डी.आर. जो राष्ट्रीयकृत/ शेड्यूल्ड बैंक से निर्गत हो या डाक विभाग द्वारा निर्गत राष्ट्रीय बचत पत्र (एन.एस.सी.) जो अद्यतन वैध हो तथा अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, बहराइच के पद नाम से बन्धक हो, निविदा के साथ पृथक-पृथक संलग्न किया जायेगा, और अनुबन्ध से पूर्व अवशेष 8 प्रतिशत धनराशि की FDR/TDR/NSC जमा करना अनिवार्य होगा। निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि कार्यालय में प्रपत्र -5 से जमा की जा सकती है।
3. प्रत्येक निविदादाता को निविदा के साथ अद्यतन(जो निविदा खुलने की तिथि में वैध हो) का चरित्र प्रमाण पत्र, हैसियत प्रमाण पत्र, ठेकेदारी पंजीयन प्रमाण पत्र, रू. 100 के स्टाम्प पर स्वघोषणा पत्र (टी-6), पैन कार्ड, जी.एस.टी रजिस्ट्रेशन प्रपत्र, श्रम विभाग का पंजीयन, सम्बन्धित कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न किया जायेगा ।
4. शासनादेश संख्या 1791 /33-26-2020 198 जी /2018 दिनांक 07 सितम्बर, 2020 के द्वारा निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त सफल निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD) अनुबन्ध गठन हेतु यथाशीघ्र प्रस्तुत करेंगे। अन्यथा सफल निविदादाता होने के 21 दिवस के उपरान्त निविदा स्वतः निरस्त मानी जायेगी एवं निविदादाता के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए उसका पंजीयन निरस्त कर काली सूची में डालने की भी कार्यवाही की जायेगी।
5. शासनादेश संख्या 622/23-12-2012-2आडिट/08टी.सी.-2 दिनांक 08 जून 2012 के अनुसार 10 प्रतिशत से अधिक Below पर 1 प्रतिशत प्रति 1 प्रतिशत कम दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी / परफारमेन्स गारन्टी ली जायेगी। सिक्योरिटी / परफारमेन्स गारन्टी जमा करने के उपरान्त ही अनुबन्ध गठन की कार्यवाही की जायेगी। निविदादाता द्वारा उक्त धनराशि जमा न किये जाने पर उसकी धरोहर धनराशि जब्त कर ली जायेगी। समस्त निविदादाताओं / ठेकेदारों को निर्गत आदेश कार्यालय-ज्ञाप संख्या 459 / जि.प./ नि.अनु./ 2024-25 दिनांक 06 नवम्बर, 2024 का अनुपालन किया जायेगा। निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री परीक्षण में गुणवत्ता संतोषजनक पाये जाने पर भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
6. ठेकेदार की विफलता के कारण ठेका मध्य अवधि में निरस्त किया जाता है तो उस परियोजना को अन्य ठेकेदार/एजेन्सी से पूर्ण कराने में होने वाली अतिरिक्त व्यय को प्रथम ठेकेदार की जमानत स्थायी जमानत या अन्य देयकों से प्रतिपूर्ति की जायेगी।

**रवीन्द्र सिंह**
**अभियन्ता**
**जिला पंचायत, बहराइच**

**डॉ. वीरेन्द्र बहादुर**
**अपर मुख्य अधिकारी**
**जिला पंचायत,बहराइच**

संक्षेप

## युवक का सामान ले उड़ा कार चालक

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) शहर निवासी एक व्यक्ति कार सवार युवक की झांसे में आकर उसकी कार में बैठ गया। बहाने बनाकर उसे कार से उतार दिया और सामान लेकर युवक फरार हो गया।पुलिस ने पीड़ित की तहरीर कार सवार युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम अर्जुननगर कालोनी निवासी अंशुल गुप्ता पुत्र सुरेश चंद गुप्ता ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 22 मार्च की देर शाम लगभग साढे 8 बजे गोला आने के लिए लखीमपुर एलआरपी चैराहे पर खडा होकर बस का इन्तजार कर रहा था। इसी दौरान सफेद रंग की स्विफ्ट कार आकर रूकी। जिस पर विधायक का पास लगा हुआ था। कार चालक ने कहा कि वह गोला जा रहा है, उसे भी छोंड देगा। इसके बाद वह कार में बैठ गया और रास्ते में उसने बताया कि वह पूर्व विधायक विनय तिवारी का पुत्र है और किसी की बर्थडे पार्टी से वह वापस आ रहा है।इसके बाद लखीमपुर रोड स्थित रिलायंस पम्प के पास उसने कार रोक कर सिगरेट और विस्किट लेने के लिए उतार दिया। जिसके बाद वह मौका मिलते ही कार लेकर फरार हो गया। उसकी कार में लैपटाप, मोबाइल, मोबाइल चार्जर, हार्ड डिस्क आदि रखे थे उसे भी ले गया।फिलहाल पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## युवती प्रेमी के साथ फरार

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र निवासी एक युवती अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई। जिसके पिता ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। एक व्यक्ति ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गुरुवार को उसकी पुत्री गोला में सामान खरीदने के लिए गई थी। इसी दौरान विकास चौराहे पर ग्राम मुडिया मंशाराम निवासी नीलेश उर्फ छोटे पुत्र बिंद्रा प्रसाद उसकी पुत्री को पहले फुसलाकर भगा ले गया। फिलहाल पुलिस ने मुकदमा दर्ज करें युवती की तलाश शुरू कर दी है।

## समाजसेवी डॉआई ए खान ने रोजेदारों को कराया इफ़्तार

पलियाकलां खीरी। समाजसेवी एवं पर्यावरण प्रेमी डा आई ए खान ने महीने भर रोजा रखने वाले रोजदारों को रमजान अलविदा के दिन इफ़्तार कराया जिसमे कई गाँव के लोगों ने भारी संख्या में भाग लिया।हर धर्म को समभाव से देखने वाले डा खान ने बताया कि सभी धर्म हमे अच्छी शिक्षा देते हैं सभी धर्मों की पवित्र किताबों में फास्टिंग को बहुत ही महत्त्व दिया गया हैं।इसी तरह पवित्र कुरान में पाँच चीजें फर्ज.की गई हैं जिनमें से एक फर्ज.रोजा है रोजा का शारीरिक स्वास्थ्य में बहुत ही महत्व है रोजा दिन भर में लगभग 15-16 घंटे खाली पेट रहा जाता है जिससे बहुत सारी बीमारियों में फायदा मिलता है जैसे बी पी, शुगर, दिल, लिवर, किडनी, आदि पेट से संबंधित बीमारियों में बहुत फायदा मिलता है।आजकल डॉक्टर्स और साइंटिस्ट भी 16 घंटे की फास्टिंग की सलाह देते हैं जिससे शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहे 15-16 घंटे की फास्टिंग से कैन्सर तक को मात दी जा सकती है।इस कार्यक्रम में समाजसेवी हाजी डा इजहार अहमद खान, प्रधान सैयद मुन्नन, व्यापार मंडल महामन्त्री इश्तियाक खान, खलील अहमद खान,सैयद मोईन, अनवर खान, मोहम्मद साबिर, हँजला खान, मोहम्मद इरफान, सरवर खान, अकील खान, एडवोकेट नाईम खान, मुस्तकीम, इमरान आदि सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# 167 ग्राम पंचायतें बनीं क्षय मुक्त, प्रधान सम्मानित



## ग्राम प्रधानों की संकल्पशीलता से संभव हुआ क्षय उन्मूलन

जिला पंचायत में आयोजित क्षय मुक्त ग्राम पंचायत के सम्मान समारोह कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के समक्ष खरवहिया की ग्राम प्रधान रामरानी, भवानीपुर की ग्राम प्रधान अंजलि पाल, खुर्रमनगर ग्राम प्रधान बलबीर सिंह, ओदरहा के ग्राम प्रधान विपिन शर्मा, गोला देहात के ग्राम प्रधान राजेंद्र गिरी ने ग्राम को किस प्रकार से क्षयमुक्त बनाया, उसकी पूरी रणनीति बताई।

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी।जिले में क्षय रोग उन्मूलन अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की गई है। जिले की 167 ग्राम पंचायतों को पूरी तरह से क्षय मुक्त घोषित किया गया है।

इस उपलब्धि के लिए जिला पंचायत सभागार में विश्व क्षय रोग दिवस पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के साथ सभी 167 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया और उनके योगदान की सराहना

- ग्राम अचरोरा लगातार दो वर्षों से टीबीमुक्त, प्रधान को गांधी जी की सिल्वर प्रतिमा से सम्मानित

की। वही ग्राम अचरोरा लगातार दो वर्षों से टीबी मुक्त होने पर ग्राम प्रधान को गांधी जी की सिल्वर प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं और ग्रामीण स्तर पर जनसहयोग का नतीजा है, जिससे टीबी जैसी गंभीर बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि ₹आज का दिन जिले के लिए गर्व और उत्साह का प्रतीक है। हमारी 167 ग्राम पंचायतों को क्षय मुक्त होना। यह दर्शाता है कि यदि प्रशासन, जनप्रतिनिधि और आमजन एकजुट होकर प्रयास करें, तो किसी भी चुनौती पर विजय पाई जा सकती है। क्षय रोग उन्मूलन की इस सफलता के पीछे सभी ग्राम प्रधानों, स्वास्थ्य कर्मियों और स्थानीय प्रशासन की मेहनत और संकल्पशीलता है। आपकी निष्ठा और परिश्रम ने यह साबित कर दिया है कि स्वस्थ समाज की नींव सामूहिक प्रयासों से ही रखी जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार और जिला प्रशासन जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में क्षय उन्मूलन अभियान को और सशक्त बनाया जाएगा, ताकि शेष पंचायते भी जल्द से जल्द क्षय मुक्त हो सके। उन्होंने उपस्थित प्रधानों से आग्रह किया कि इस मुहिम को निरंतर आगे बढ़ाते रहें और अपने गांवों में स्वास्थ्य व स्वच्छता को प्राथमिकता दें। अन्य ग्राम प्रधान आपसे प्रेरणा लेंगे। कहा कि सभी ग्राम प्रधानों और इस अभियान में सहयोग देने वाले प्रत्येक व्यक्ति को हार्दिक शुभकामनाएं देती हूं। आइए, हम सब मिलकर क्षय मुक्त और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए अपने प्रयास जारी रखें।

कार्यक्रम की शुरूआत में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, एसीएमओ डॉ अनिल गुप्ता ने टीवी मुक्त ग्राम पंचायत कार्यक्रम की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताई। कार्यक्रम में डीपीआरओ विशाल सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ लालजी पासी सहित चिकित्सा महकमे के अधिकारी गण,राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यरत अकाउंटेंट, डाटा एंट्री ऑपरेटर, सुपरवाइजर, डीपीसी तथा डिप्टी डीटीओ डॉ रवि एवं अन्य स्टाफ के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया एवं कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## बंजरिया के प्रधान को डीएम ने किया सम्मानित



पिपरिया धनी, खीरी। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सामने आई है। मोहम्मदी ब्लॉक की ग्राम पंचायत बंजरिया को 2024 में टीबी मुक्त घोषित किया गया है। इस उपलब्धि के लिए प्रधान गुरुपाल सिंह को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक समारोह में जिलाधिकारी दुर्गा शक्तिनागपाल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी कार्य को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए व्यक्ति के अंदर कार्य करने का जज्बा होना जरूरी है।

## अब नहीं होगा कटान , 1600 मीटर में बनेगी ठोकर

तिकुनिया खीरी। मोहाना नदी की कटान से अब जसनगर खैरेटिया मैं होने वाले कटान को रोका जा सकेगा। इसके लिए चार करोड़ से अधिक बजट की परियोजना मंजूर हुई है। जिसके चलते नदी के किनारेपर 1600 मीटर जिओ ट्यूब बैग की ठोकर और स्लोब बनाया जाएगा। ग्राम जसनगर खैरेटिया में भयंकर कटान कर रही नदी से गांव और मंदिर तथा रेलवे ट्रैक बचाने के लिए सिंचाई विभाग द्वारा क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा की मौजूदगी में फीता काटकर शुभारंभ कराया गया।



इस दौरान क्षेत्र के तमाम किसान तथा ग्रामीण मौजूद रहे। शुक्रवार को करीब 12 बजे सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता शोभित कुशवाहा अपने विभाग के अधिकारियों के साथ जसनगर देवी मंदिर पहुंचे इसके बाद क्षेत्रीय विधायक शशांक वर्मा ने मौके पर पहुंचकर पूजा अर्चना की उन्होंने कहा बॉर्डर इलाके में बाढ़ कटान की समस्या को देखते हुए सरकार द्वारा प्राथमिकता से बचाव कार्य शुरू किए गए हैं। जिसके चलते ठोकर का निर्माण कराया जा रहा है। जहां तक कटान हो रहा है वहां तक करीब 1600 मीटर में ठोकर निर्माण कराया जाएगा। जिसके चलते खैरेटिया बांध रोड तथा रेलवे ट्रैक के साथ क्षेत्र के तमाम गांव के लोगों को बाढ़ से राहत मिलेगी। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता शोभित कुमार ने कहा कि पौहारी बाबा जसनगर से काटान क्षेत्र तक तक 1600 मीटर में जिओ ट्यूब का निर्माण किया जाएगा जिससे क्षेत्र जनता को बाढ़ एवं कटान से सदा के लिए छुटकारा मिल जाएगा। इस दौरान अवर अभियंता नितिन कुमार ,पवन कुमार, संपूणानंद, गौरव कुमार सहित क्षेत्र के पूर्व प्रधान जगदीश वर्मा, जसनगर प्रधान पति सुरेश तडवाड, चीनी मिल बेलरायां उपाध्यक्ष सुच्चा सिंह ,निर्मल सिंह, राकेश कुमार, जसवंत सिंह ,किशन महावर ,रामस्वरूप गुप्ता, वकील विजय कुमार, तेजी सिंह, शेर सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## दशकों बाद उच्च न्यायालय के आदेश पर सुहेली नदी की खुदाई शुरू



पलियाकलां- खीरी। आखिरकार पांच दशकों के बाद गजियापुर सुहेली साइफन से सुहेली नदी के प्राकृतिक बहाव का रास्ता साफ करने को लेकर बनाई गई चार करोड़ 20 लाख रुपए की परियोजना का बाढ़ मंडल लखीमपुर खीरी के अधिकारियों, एसडीएम व समाजसेवी राजेश भारतीय की मौजूदगी में निघासन विधायक शशांक वर्मा द्वारा फीता काट कर व नारियल फोड़ कर खुदाई के कार्य का शुभारंभ किया गया। हालांकि यह परियोजना कहां तक सफल होती है यह तो आने वाला समय ही बताएगा। उल्लेखनीय है कि घाघरा बैराज से शारदा नगर बैराज तक निकाली गई शारदा सहायक सिंचाई परियोजना के नीचे से सुहेली नदी के पानी को निकालने के लिए 1972 में 24 बैरल का एशिया का सबसे बड़ा साइफन बनाया गया था। हालांकि सुहेली साइफन बनाने के दौरान सुहेली नदीं की धारा को 12 बैरल? के सोती सायफन में मोड़ा गया था।

जिसके बाद से आज तक सुहेली नदी का पानी अपने मूल रास्ते से न बहकर गजियापुर के 24 बैरल क्षमता के सुहेली साइफन से नहीं निकल सका और 12 बेरल के सोती साइफन से ही पानी निकल रहा था । वहीं सुहेली नदी के वापस अपने मूल रास्ते पर न बहने में वहां नदी की भूमि पर खेती की जा रही थी जिसके कारण सुहेली नदी में बाढ़ आने पर बाढ़ का पानी पलिया व निघासन तहसील क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामों सहित दुधवा टाइगर रिजर्व के जंगल में भर जाता था। विगत वर्ष इस समस्या को किसानों की मांग पर एक समाचार पत्र ने उठाया था। जिस पर फलाहारी गौ सेवा फाउंडेशन, पलिया द्वारा उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर की गई थी। जिसमें 15 जनवरी 2025 को हुई सुनवाई में उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति राजन राय व ब्रजराज सिंह की पीठ ने सुहेली नदी में आने वाली बाढ़ को मानवजनित होना बताया था और चार सप्ताह में सरकार से से जवाब मांगा था। जिसको लेकर बाढ़ मंडल लखीमपुर खीरी के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र कुमार सिंह द्वारा 04 करोड़ 20 लाख रुपए की परियोजना बनाई गई। इस पर लट्ठौआ घाट के पास छह पीकालेन मशीनों से खुदाई कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि सुहेली साइफन विगत 50 वर्षों से बंद पड़ा था। इसके कारण बाद से करीब 40 गांव प्रभावित होते थे। अब इस समस्या के निराकरण के लिए 04 करोड़ 20 लाख रुपए की परियोजना बनी है। अधिशासी अभियंता बाढ़ खंड अजय कुमार ने बताया कि लट्ठौआ घाट से सुहेली साइफन के आगे तक करीब 17 किलीमीटर की दूरी में नदी में 30 मीटर चौड़ी व 3:30 मीटर गहरी खुदाई की जाएगी।

## सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल वितरित



गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक परीक्षाफल एवं पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय कुमार शुक्ला ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कक्षा 6 के छात्र अखिलेश वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसे पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं ने पुरस्कृत किया।

कक्षा 8 के छात्र शिवम यादव व छात्र आरूषि पटेल सर्वश्रेष्ठ रहे। जिन्हें प्रबन्धक ठाकुर प्रसाद गंगवार ने पुरस्कृत किया। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं ने कहा कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है, जो हमें सफलता की ओर अग्रसर करता है। ज्ञान में किए गए निवेश से सबसे उत्तम लाभ प्राप्त होता है। आज का दिन किसी महापर्व से कम नहीं है, अपने गुरुओं के अथक प्रयासों के बाद आज हम उच्चतम शिखर पर पहुंचे है। प्रबन्धक ठाकुर प्रसाद गंगवार ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को उनकी सफलता पर बधाई दी और कम अंक प्राप्त छात्रों को और अधिक परिश्रम करने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य विजय प्रकाश शुक्ल ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उमाकांत कटियार समेत तमाम शिक्षक/शिक्षिकायें मौजूद रहें।

## विद्या मन्दिर के वार्षिक परीक्षाफल वितरण में मेधावी पुरस्कृत

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरण एवं पुरस्कार समारोह का आयोजन डॉ0 त्रिभुवननाथ पुरवार की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मेधावियों को अतिथियों



पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, विशिष्ट अतिथि प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने मां वीणा पाणिनी के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन और दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया ने अतिथियों परिचय का कराया। इसके पश्चात आशी गुप्ता, आशी पटेल, गुंजन पटेल, काव्या अवस्थी ने सरस्वती वन्दना और शुभ अवस्थी और अमोल शर्मा द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। हिंदी समाचार छात्रा आराध्या शुक्ला और अंग्रेजी समाचार छात्रा आराध्या यादव को प्रदान किया गया। प्रेरक प्रसंग के लिए छात्रा अनामिका को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। शत प्रतिशत उपस्थिति और घोष और वन्दना में सहयोग देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत विद्यालय प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा ने सम्मानित किया। प्राइमरी वर्ग और माध्यमिक वर्ग में द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया। विद्यालय गौरव का पुरस्कार प्राइमरी वर्ग में अवंतिका वर्मा और फातिमा अंसारी, जूनियर वर्ग में अध्ययन सिंह और सीनियर वर्ग में आयुष वर्मा को प्रदान किया गया। विद्यालय गौरव का पुरस्कार वितरण प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा और अध्यक्ष डॉक्टर त्रिभुवन नाथ पुरवार के माध्यम से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि ने समस्त विद्यार्थियों को अथक परिश्रम और स व्यवस्थित दिनचर्या हेतु आग्रह किया। विद्यालय प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वर दीन वर्मा ने शत प्रतिशत उपस्थिति हेतु आग्रह किया। अन्त में अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन पूर्णता मंत्र के साथ किया। कार्यक्रम का संचालन चंद्रेश अग्निहोत्री ने किया।

## नवरात्र आज,मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ी

लखीमपुर खीरी। नवरात्र आज से शुरू हो रहा है। मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए पुलिस की ड्यूटी पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस कर्मियों की लगाई गई है। नवरात्र के दौरान रोजाना आठ दिन तक ट्वीट्स के जरिये अपने कार्यों और चुनौतियों को साझा करेगी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि महिलाओं की सफलता हमें नारी शक्ति की असीम क्षमता की याद दिलाती है। ऐसे में चैत्र नवरात्र के सभी आठ दिन तक रोजाना ट्वीट्स के माध्यम से महिलाएं अपने क्षेत्रों में किए गए कार्यों, चुनौतियों और उपलब्धियों को साझा करेंगी, जिससे समाज में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिलेगा। इन महिलाओं द्वारा साझा अपने अनुभव से जिले की अन्य महिलाओ एवं बेटियों को आगे आने की प्रेरणा मिलेगी। इसके जरिये वह अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होने के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी।

## ग्लैरिंग पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

शाहजहांपुर। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्लैरिंग पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। इस अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत सरस्वती वंदना से हुई।



कार्यक्रम में प्रधानाचार्य आशुतोष शुक्ला एवं विद्यालय प्रबंधन ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य आशुतोष शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा, ₹सफलता अनुशासन और निरंतर परिश्रम का परिणाम होती है। बच्चों को शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को भी अपनाना चाहिए, जिससे वे समाज के आदर्श नागरिक बन सकें। विद्यालय टॉपर्स की सूची में कक्षा ढठउझ प्रत्यांश प्रथम, त्रिशिका द्वितीय कक्षा ठउझ अविशा, शिवी प्रथम, हर्षिता, आर्यांश द्वितीय, शिव, दिव्यांश तृतीय। कक्षा LKG – प्रशांत गौतम प्रथम, रक्षिता पांडे द्वितीय, प्रियल तृतीय, कक्षा UKG – आयुष प्रथम, अनन्या द्वितीय, यश तृतीय, कक्षा 1 रुद्राशिका पांडे प्रथम, समर द्वितीय, मानवी पाल तृतीय, कक्षा 2काव्या मिश्रा प्रथम, काशवी सिंह, अर्पिता गौतम द्वितीय, शानिहाल तृतीय, कक्षा 3 वैभवी प्रथम, फैसल द्वितीय, अहम तृतीय। कक्षा 4 श्रीशांक गौतम प्रथम, आहिल द्वितीय, आयुष तृतीय कक्षा 5 शिफा प्रथम, उदित द्वितीय, तान्या तृतीय। कक्षा सिदरा प्रथम, वैष्णवी द्वितीय, प्रांचल गुप्ता तृतीय। कक्षा 7 अर्पित कुमार प्रथम, अनुष्का सिंह द्वितीय, कशिश राठौर तृतीय कक्षा 8 असद प्रथम, अर्चित द्वितीय, आफरीन तृतीय स्थान पर रहीं । विद्यालय प्रबंधन ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी छात्रों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। साथ ही, कक्षा 9 का परीक्षा परिणाम 5 अप्रैल को घोषित करने की घोषणा की ।

## मीटर रीडिंग निकालने गये युवक को मारी गोली

शाहजहांपुर / थाना जलालाबाद क्षेत्र के गांव मोहद्दीनपुर में 1 मीटर रीडिंग निकलने वाला युवक मीटर रीडर बिजली का बिल निकालने जा रहा था तभी गांव से पहले ही मोहल्ला गौस नगर निवासी आरिफ पुत्र यामीन के गांव नगला नाथ निवासी युसूफ ०नदीम ने तमंचे से फायर कर उसके गोली मार दी। गोली उसके जाँघ में लगी है। गोली लगने से युवक वहीं मौके पर ही गिर गया।जबकि आरोपी गोली मारने के बाद मौके से फरार हो गए। राहगीरों ने गोली लगने से घायल आरिफ को देखा तो उन्होंने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची और तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालाबाद लेकर पहुंची। जहां पर सूचना मिलने पर घायल के परिजन व आसपास के लोग भारी संख्या में पहुंच गए। मौके पर कोतवाल प्रदीप कुमार राय भी पुलिस बल के साथ। उसके बाद पुलिस ने मौके पर घायल के बयान दर्ज किया। बयान दर्ज करने के बाद गंभीर रूप से घायल यूवक आरिफ को मेडिकल कॉलेज शाहजहांपुर के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के क्रम की जानकारी के बारे में पता चला करीब 2 साल पहले आरिफ नगला नाथ निवासी यूसुफ की लड़की को भगा ले गया था। बाद में सामाजिक दबाव पढ़ने के बाद उसने लड़की को छोड़ दिया। यूसुफ ने अपनी लड़की की दूसरी जगह शादी कर दी। तभी से पुरानी रंजीत चल रही थी। आज युवक मीटर रीडर आरिफ बिजली का बिल निकालना गांव जा रहा था तभी आरोपियों ने तमंचे से उसके गोली मार गोली दाईं जांघ में लगी है। बहीं पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है। क्षेत्राधिकार अमित चौरसिया पटना स्थल पर जाकर निरीक्षण किया के जानकारी देते हुए बताया कि हर बिंदु पर जांच कि जा रही है।

## रानी लक्ष्मी बाई कन्या इण्टर कॉलेज में बांटा गया वार्षिक परीक्षाफल

गोला गोकर्णनाथ,खीरी।(वीओएल) रानी लक्ष्मी बाई कन्या इण्टर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल वितरित कर टोपर्स को पुरस्कृत किया गया।

शनिवार को शहाबुद्दीनपुर अजान के रानी लक्ष्मीबाई कन्या इंटर कॉलेज में 2024-25 के शैक्षिक सत्र एवं शिक्षणेत्तर कार्यों के लिये छात्र/छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जीएम केन कुम्भी चीनी मिल चंद्रहास , प्रबंधक संजय वर्मा, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि वीडी वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती के चित्र का अनावरण व पुष्पार्पण से हुआ। विद्यालय के छात्र/छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि का तिलक वंदन द्वारा अभिनन्दन किया गया। पुरस्कार वितरण मुख्य अतिथि द्वारा कॉलेज में बेस्ट विनर, वर्गशः/कक्षाशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले / शत प्रतिशत उपस्थित के छात्र / छात्राओं को अंक पत्र, शील्ड/पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कक्षा केजी में काव्यांश मिश्रा



प्रथम, अनमोल राज द्वितीय, मीम खातून तृतीय।कक्षा केजी में आराध्या देवी प्रथम, अनिकेत द्वितीय, आस्था तृतीय। कक्षा एनसी में संध्या तिवारी प्रथम, अभय पाल द्वितीय, अंशुल यादव तृतीय। कक्षा एक में वंदया प्रथम, आराध्या द्वितीय, अभिज्ञान तृतीय।कक्षा दो में आंशिक प्रथम, आर्यांश द्वितीय, आरुष तृतीय।कक्षा पाँच में प्रियाशी प्रथम, करुणेश द्वितीय, अग्रीमा तृतीय।कक्षा छः में अशिव, शिवाशीश, सोनम क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय। इंग्लिश मीडियम विनय शोभित, अनामिका क्रमशःप्रथम, द्वितीय व तृतीय। कक्षा सात में अंशिका, समर, लविश क्रमशःप्रथम, द्वितीय व तृतीय। इंग्लिश मीडियम नंदिनी, अग्रिम, श्रस्टी क्रमशःप्रथम, द्वितीय व तृतीय। कक्षा आठ हिंन्दी मीडियम में अमित, सुयश, रामविलास व इंग्लिश मीडियम में अंचल, नैंसी, अनुष्का क्रमशःप्रथम, द्वितीय व तृतीय। कक्षा नौ हिंन्दी मीडियम में शिप्रा, नारायन, व इंग्लिश मीडियम में अभिषेक ,आस्था, अभिषेक पाण्डेय क्रमशःप्रथम, द्वितीय व तृतीय। कक्षा ग्यारह विज्ञान वर्ग हिन्दी मीडियम में ईशा, सतेंद्र, कायनात व इंग्लिश मीडियम में शिवानी, साक्षी, रामजी क्रमशःप्रथम, द्वितीय व तृतीय। मानविकी वर्ग में हिना, डाली, शिवांशी क्रमशःप्रथम, द्वितीय व तृतीय पर रहे। मुख्य अतिथि ने गृह परीक्षाओं में सफल सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। छात्र/छात्राओं को अपने जीवन के लक्ष्य को स्पष्ट रूप से परिभाषित करने का आग्रह किया तथा सभी से संपूर्ण समर्पण, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं समय प्रबंधन करके लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वहीं मुख्य अतिथि द्वारा कृषक अभिभावकों को कुंभी चीनी मिल द्वारा विभिन्न वित्तीय लाभकारी योजनाओं, उन्नत किस्म की गन्ने की प्रजाति, मुफ्त फंगीसाइट ट्राईकोडर्मा आदि उपलब्ध कराने, उत्पादन बढाने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक संजय वर्मा, प्रधानाचार्य सर्वेश कुमार वर्मा, मोटीवेशनल स्पीकर एंड लाइफ कोच वीडी वर्मा, सीडीपी विशेषज्ञ रमेश कुमार, सत्येंद्र, उवैद रजा खां, दिनेश, सुशील, सर्वेश, श्याम किशोर, भूपेंद्र,अभिषेक, सुशील, नियामत, सौरभ, राधा, चाँदनी, नेहा, प्रियंका, प्राची, आदि शिक्षक शिक्षिकाए, छात्र -छात्राएं व अभिभावकगण उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्त 85 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान सम्मानित

शाहजहांपुर /राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर जनपद में टीबी मुक्त 85 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह व मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह ने प्रशस्ति पत्र व गांधी जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।? उन्होंने कहा कि ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में टीबी के मरीजों को खोजा व नियमित दवाई उपलब्ध कराते हुए उन्हें इस बीमारी से ठीक किया गया। उन्होंने कहा कि आप लोग अपनी ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि होने के नाते इसका व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा लोगों को उपरोक्त लक्षण होने पर तत्काल जांच कराने के लिए कहें जिससे समय रहते उनकी पहचान की जा सके तथा उनका इलाज संभव हो सके। उन्होंने कहा कि हम लोग अभी 85 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त कर चुके हैं, आप लोग अपने-अपने गांव में लोगों को जागरूक करें किसी को खांसी, जुकाम, बलगम या उपरोक्त लक्षण हो तो उनकी जांच करवाएं। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 विवेक मिश्रा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0), अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला पंचायतराज अधिकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## अजमानी किडजी का मुख्य अतिथि ने किया उद्घाटन

लखीमपुर खीरी। शनिवार को अजमानी इंटरनेशनल स्कूल परिसर में अजमानी किडजी के नवीनीकरण एवं किडजी ग्रेड-1 के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर किडजी के बच्चों के मध्य परीक्षा फल एवं पुरस्कार वितरण किया गया। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले नन्हे बच्चों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गोपाल जी अग्रवाल (प्रेसिडेंट अग्रवाल मारवाड़ी ठाकुर द्वारा कमेटी) विशिष्ट अतिथि राममोहन गुप्ता (प्रेसिडेंट अंतराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन) पूनम मित्तल (प्रेसिडेंट अग्रवाल महिला संघ) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में शिक्षा के स्तर में किडजी के महत्व को बताते हुए बच्चों के बेहतर विकास की पहल की तथा सभी बच्चों को स्नेह और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अजमानी इंटरनेशनल के अध्यक्ष जसमीत सिंह अजमानी, प्रबंध निदेशिका हरविंदर कौर, प्रबंधक ब्रह्मजीत सिंह अजमानी, प्रधानाचार्य प्रिंस सलूजा उपस्थित रहे। प्रबंध निदेशिका हरविंदर कौर ने सभी का आभार प्रकट किया। इस मौके पर सचिन गुप्ता भी मौजूद रहे।

संक्षेप

## बेकाबू ट्रक ने 53 भेड़ों को रौंदा, 50 की मौत

मीरजापुर। थाना चुनार क्षेत्र के सुंदरपुर तिराहा के पास एक बेकाबू ट्रक ने 53 भेद को रौद डाला। जिसमें 50 भेद की मौके पर की मौत हो गई तथा तीन बड़े गंभीर रूप से घायल हुई। ट्रक चालक बेरहमी पूर्वक तीव्र गति से निकलकर भागने में सफल हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सड़क पर बिखरे भेड़ बकरियों को किनारे करने में जुटी रही। बताते हैं कि नेशनल हाईवे पर करते समय उक्त हादसा हुआ भेड़ पालक द्वारा जंगल से भेड़ को चराकर घर ले जाते समय शुक्रवार की देर शाम रास्ते में यह हादसा हुआ । भेड़ पालक के मुताबिक एक भेड़ का कीमत 20 हजार रुपये बताया गया। 50 भेड़ो की मौत से पशुपालक का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा था। ट्रकचलक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मौके पर पहुंची चुनार सीओ मंजरी राव जांच जुटी रही तथा मृत पड़े भेड़ों को इकट्ठा कराकर पोस्टमार्टम कराने का निर्देश दिया।

## श्रमिक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

जौनपुर। जिले के सिकरारा थाना क्षेत्र के गनापुर गांव में काम करने गये एक दलित श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने पर पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना शुक्रवार शाम को बतायी जा रही है कि गांव के ही दीपक कुमार गौतम 30 वर्ष पुत्र छोटेलाल गौतम को बुलाकर काम करने के लिए अपने घर पर ले गए थे। देर शाम दीपक के घर जाकर यह बताएं कि काम करते समय वह अचेत हो गया है। परिवार के लोग जब वहां पहुंचे तो वह मूर्छित अवस्था में वही पडा हुआ था। परिवार के लोग कई निजी चिकित्सक के यहां ले गए सभी ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार जन के अनुसार उसके सीने और शरीर पर कई स्थान पर चोट के निशान पडे हुए थे। परिवार के लोग उसकी लाश को लेकर थाने पहुंचे और प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह से पूरी बात बताई।

## सूचना

सूचित हो कि आलमबाग चौराहा, लखनऊ के पास मेरा बैग कहीं गिर गया है, जिसमें मेरी रजिस्ट्री ( बैनामा संख्या-20210104104 जिसकी बही संख्या-1 जिल्द संख्या-7444 क्रमांक-35519 दिनांक-12/11/2021 ) व अन्य अत्यधिक महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे हुए थे। जो काफी ढूंढने पर भी नहीं मिला अगर किसी को मिले तो मुझे सूचित करे।
**(जगपाल सिंह पुत्र रामपाल सिंह निवासी-6बी/141, बुढ़नपुर-3, आवास विकास, जिला-फरूर्खाबाद, उ.प्र. मो.-9453100391)**

# अपने ग्राम को बनाये रखें टीबी मुक्तः डीएम



आजमगढ़। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विश्व क्षय रोग दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने टीबी मुक्त करने वाली ग्राम पंचायतों को बधाई दी एवं कहा कि इसी तरह अपने ग्राम को टीबी मुक्त बनाये रखें, जिससे आस-पास के ग्राम पंचायतें भी जागरूक होंगी। निक्षय मित्र एवं अन्य संस्थाओं द्वारा टीबी मरीजों को गोद लेकर उनको टीबी मुक्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है, वे बधाई के पात्र हैं। जिलाधिकारी ने समस्त ग्राम प्रधानों से अपील किया कि स्वास्थ्य कर्मी जब आपके ग्राम में टीकाकरण या अन्य अभियानों के लिए जायें तो आप सभी उनका सहयोग करें। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि जनपद आजमगढ़ में कुल 1811 ग्राम पंचायतें हैं। वर्ष 2023 में 43 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित हो चुके हैं। वर्ष 2024 में 225 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुके हैं, जिसमें से 15 ग्राम पंचायतें वर्ष 2023 में भी टीबी मुक्त घोषित हुई थी इस अवसर पर जिलाधिकारी ने वर्ष 2023 की 15 टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कोठिया ब्लाक रानी की सराय, ग्राम पंचायत अमुड़ी व रानीपुर ब्लाक सठियांव, ग्राम पंचायत टुंडवाल ब्लाक मिजार्पुर, ग्राम पंचायत डेहरी ब्लाक पवई, ग्राम पंचायत कोइलारी ब्लाक जहानागंज, ग्राम बालपुर चकिया एवं उसारी खुर्रमपुर मल्टीपुर ब्लाक ठेकमा, ग्राम बहार कोठी ब्लाक अहिरौला, ग्राम इमिलिया, ग्राम पकड़ी खुर्द, ग्राम रसूलपुर जासं, ग्राम अखोली विख लालगंज, ग्राम बछुरखुर्द एवं पोखरा विख हरैया, वर्ष 2025 में टीबी मुक्त ग्राम पंचायतें-ग्राम पंचायत बसौधा भिटारी, सोनपार विकास खण्ड सठियांव, ग्राम पंचायत सुरैयाडीह, एकमा, सेमरा, अवति विख तहबरपुर, ग्राम पंचायत कुदारन तिवारी, नत्थुपुर, दाम महुला, पारीपट्टी, रसूलपुर, इमलीपुर विख अजमतगढ़, ग्राम पंचायत सेवटा, पटहुंवा, परासी विख जहानागंज, ग्राम पंचायत मातनपुर, चकदीना खान, हासापुर, हेंगापुर, टेउखर, कटघर जमुर, खोजापुर माधोपट्टी, भागमलपुर विख पल्हनी एवं ग्राम पंचायत श्रीनगर (सियरहा) व कंधरापुर विख बिलरियागंज को प्रशस्ति पत्र एवं महात्मा गांधीजी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया।

## बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान किए जाने पर एसआईसी सम्मानित

आजमगढ़। प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के अंतर्गत मुख्य चिकित्साधिकारी के एएनएमटीसी सभागार में जनपद के चिन्हित इकाइयों के अधीक्षक प्रभारी चिकित्साधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम, स्टाफ नर्स, एएनएम, एलटी और आशा बहुओं के साथ कार्यक्रम प्रबंधकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत पीएमएसएमए कार्यक्रम में जनपद वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रदेश में प्रथम स्थान में है। 55000 से अधिक गर्भवती महिलाओं की देखभाल हेतु अल्ट्रासाउंड हेतु पंजीकरण कराया गया, जिसमें 37000 से अधिक महिलाओं को निःशुल्क अल्ट्रासाउंड का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधीक्षक डॉ विनय कुमार सिंह ने पीएमएसएमए कार्यक्रम में प्रगति एवं चुनौती के विषय पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान किए जाने हेतु जिला महिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्साधीक्षक को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में प्रभारी चिकित्साधिकारी तहबरपुर, तरवां एवं सठियांव में सबसे ज्यादा सेवा प्रदान किए जाने हेतु सम्मानित किया गया साथ ही सबसे ज्यादा बार कोड जनरेट करने हेतु मुहम्मदपुर, फूलपुर एवं मेंहनगर के अधीक्षक को सम्मानित किया गया। बेहतर कार्य हेतु बीपीएम मेंहनगर, फूलपुर, सठियांव एवं बीसीपीएम मोहम्मदपुर को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में एनएचएम के डीपीएम अरशद अहमद अंसारी, डीसीपीएम विपिन पाठक, लेखा प्रबंधक अमरनाथ, मातृत्व स्वास्थ्य समन्वयक दिनेश कुमार, परिवार कल्याण मैनेजर बबलू यादव, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक प्रशांत कुमार एवं आरिफ जमाल सहित कुल 36 अधिकारियों को कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ उमाशरण पांडे ने बताया कि कार्यक्रम में प्रगति को इस वर्ष में और बेहतर किया गया जाएगा। संचालन डीसीपीएम एनएचएम द्वारा किया गया।

## संचारी रोगों से रोकथाम के लिए नपाध्यक्ष ने की बैठक



जिला संवाददाता(vol)

मीरजापुर ।संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत नपाध्यक्ष श्यामसुंदर केशरी की अध्यक्षता में ईओ जी लाल, सभासद,एवं अधिकारियों के साथ नगर के सिटी क्लब सभागार में बैठक की ।शासन के निर्देश पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक चलाया जायेगा।

इस अभियान को सफल बनाने के लिए नपाध्यक्ष ने विभागों को माइक्रोप्लान बनाकर वार्डो में एंटी लार्वा का छिड़काव करने,वार्ड की नालियों की नियमित सफाई रखने,कही भी कूड़ा जमा न होने,वार्डो में वार्ड वाइज फॉगिंग और सैनिटाइजेशन एवं जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिया है।

उन्होंने कहा कि शासन द्वारा इसके लिए सात का वार,संचारी रोगों पर प्रहार का स्लोगन दिया गया है,जिसमें जल जमाव न होने,सफाई रखने, मस्तिष्क ज्वर से बचने के लिए अपने बच्चों को समय पर टीका लगवाने,साफ पानी पीने, कुपोषित बच्चों का ध्यान रखने जैसी बात कही गई है ।नगर के लोग भी जागरूक बने और अपने घरों,छत,पानी की टंकी आदि में पानी इकठ्ठा न होने दे,उसे समय समय पर साफ रखे,जिससे डेंगू जैसे मच्छर न पनपे,क्योंकि ये मच्छर साफ पानी में ही पैदा होते है ।पूरे बाह के कपड़े पहने,अपने घरों के आस पास विशेष साफ सफाई रखे। इस बैठक में सभासद विजय प्रजापति, नीरज गुप्ता,सत्यनारायण जायसवाल, सभासद पति कमलेश मौर्य,अजय मोदनवाल, फायलेरिया निरीक्षक प्रियंका, अमरेश दुबे, कार्यक्रम प्रबंधक संजय सिंह,सीएसआई मनोज सेठ, मनोज यादव, गणेश, सूर्य यादव,वार्डो के सफाई निरीक्षक, सफाई नायक एवं पालिका के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान की सफलता की बनाई योजना

आजमगढ़। सीडीओ परीक्षित खटाना की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय अन्तर्विभागीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त ईओ एवं जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिया कि शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में वेक्टर जनित रोगों से बचाव हेतु कीटनाशक दवाओं का छिड़काव, एण्टी लार्वा का छिड़काव एवं फागिंग कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि आशा/आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से डोर-टू-डोर वेक्टर जनित रोगों से बचाव हेतु लोगों को जागरूक करायें। उन्होने निर्देश दिया कि ग्रामीण/शहरी क्षेत्रों में नालियों की सफाई करायें एवं खुली नालियों को ढ़कना सुनिश्चित करें, इसके साथ ही झाड़ियों की छटाई भी करायें।

**कार्यालय ग्राम पंचायत हमजाबाद, वि.ख. मोतिगरपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 29.03.2025

निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत-हमजाबाद, विकासखंड- मोतिगरपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्यो हेतु सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें दिनांक- 30.03.2025 से 04.04.2025 के अपराहन 2:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा दिनांक 04.04.2025 को अपराह्न 03:00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली व निरस्त की जाएगी।

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | मेन पक्की सड़क से राजेश मिश्रा के घर तक के मोड़ तक इंटरलाकिंग कार्य। | 11,42,427 लाख। | जिगजैग ईंट, ईंट, बालू, सीमेंट व अन्य सामाग्री। |

नोट- सभी शर्ते व नियम लागू होंगे। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती हैं।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- हमजाबाद, वि.ख.- मोतिगरपुर
जनपद-सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत हड़ई, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 29.03.2025

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हड़ई, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 30.03.2025 से दिनांक 05.04.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत हड़ई पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 05.04.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | मेही के घर से घर तक इण्टरलॉकिंग नाली निर्माण कार्य। | 12,17,386 रुपये। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 2. | अवध बिहारी के घर से सुनील के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 14,17,105 रुपये। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- हड़ई, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत पलियागोलपुर, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक- 29.03.2025

अल्पकालीन निविदा/कोटेशन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पलियागोलपुर, वि0ख0 दोस्तपुर, सुलतानपुर में राज्य वित्त/पंचम वित्त/15वां वित्त/आईसीडीएस/मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक- 30.03.2025 से दिनांक 08.04.2025 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पलियागोलपुर पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 08.04.2025 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | पलियागोलपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण कार्य। | 12 लाख। | ईंट प्रथम श्रेणी, सीमेंट, मोरंग, गिट्टी, सरिया व अन्य सामग्री। |
| 2. | धर्मदासपुर शिव मंदिर से रामहित निषाद के घर के पास तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 5,61,875 रुपये। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |
| 3. | पिचरोड से अमरेज यादव के घर तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 4,33,913 रुपये। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्ते लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रा.पं.- पलियागोलपुर, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

## जिला अस्पताल में 56 सुरक्षा कर्मियों की सेवा समाप्त



जौनपुर। जिला अस्पताल में कार्यरत 56 सुरक्षा कर्मियों को नौकरी से हटाए जाने के बाद गहरा असंतोष व्याप्त है। यह निष्कासन प्रदेश के मुख्यमंत्री के उस आदेश के खिलाफ है, जिसमें कहा गया था कि किसी भी आउटसोर्सिंग कर्मचारी को नौकरी से नहीं निकाला जाएगा। बावजूद इसके, अस्पताल प्रशासन ने सुरक्षा कर्मचारियों को सेवा से हटा दिया, जिससे उनमें आक्रोश फैल गया है ।बेदखल किए गए कर्मचारियों ने प्रशासन पर नियमों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि वे वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे थे, लेकिन अब अचानक उन्हें बेरोजगार कर दिया गया है। उनका कहना है कि सरकार द्वारा आश्वासन मिलने के बावजूद यह कार्रवाई उनके भविष्य को अंधकार में धकेलने जैसी है। नौकरी से हटाए गए सुरक्षा कर्मियों ने स्पष्ट किया है कि यदि उन्हें जल्द बहाल नहीं किया गया, तो वे जिला अस्पताल परिसर में सामूहिक आत्मदाह करने के लिए मजबूर होंगे। इस चेतावनी के बाद स्थानीय प्रशासन की चिंता बढ गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई होती नहीं दिख रही है। सुरक्षा कर्मचारियों की बहाली को लेकर अभी तक किसी सरकारी अधिकारी या जनप्रतिनिधि ने हस्तक्षेप नहीं किया है। कर्मचारियों की मांग है कि सरकार इस फैसले पर पुनर्विचार करे और उन्हें तत्काल बहाल किया जाए, अन्यथा आंदोलन तेज किया जाएगा।

## फिजियोथेरेपी शिविर में 143 को मिला स्वास्थ्य लाभ

जौनपुर। शहर के कृष्णा ट्रामा एंड ज्वाइंट रिप्लेस सेंटर पर फिजियोथेरेपी एवं ऑक्यूपेशनल थेरेपी शिविर का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से 143 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ मिला।



शिविर से पूर्व डॉक्टर महिपाल सिंह व डॉक्टर दीक्षा श्रीवास्तव द्वारा पैरामेडिकल की छात्राओं को स्पाइन फ्लेक्सिबिलिटी एवं पेल्विक हेल्थ फॉर हेल्थ वर्कर्स विषय पर व्याख्यान दिया गया । डा. महिपाल सिंह बताया कि फिजियोथेरेपी एक बहुत ही उपयोगी चिकित्सा पद्धति है जो शरीर की गति और कार्यक्षमता को बेहतर बनाने में मदद करती है। यह चिकित्सा की प्रक्रिया मुख्य रूप से शारीरिक दर्द, चोट, ऑपरेशन के बाद की रिकवरी, और मांसपेशियों तथा जोड़ के विकारों के इलाज के लिए बेहद कारगर है। फिजियोथेरेपी न केवल दर्द को कम करने में मदद करती है, बल्कि यह शरीर की लचीलापन, ताकत और समग्र स्वास्थ्य में सुधार करने में भी मदद करती है। विशेषकर बुजुर्गों, खिलाडियों, घंटों तक बैठा कर पढने लिखने वाले बच्चों, कार्यस्थल पर शारीरिक मेहनत करने वाले लोगों के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होती है। फिजियोथेरेपी को हर तरह के शारीरिक इलाज का अहम हिस्सा माना जाता है और यह दवाइयों के बिना उपचार का एक सुरक्षित और प्रभावी तरीका बन गया है। डा0.दीक्षा श्रीवास्तव ने बताया कि ऑक्यूपेशनल थेरेपी एक चिकित्सा पद्धति है जिसका उद्देश्य व्यक्तियों को दैनिक जीवन की गतिविधियों में स्वतंत्रता और क्षमता प्रदान करना है। यह शारीरिक, मानसिक या संज्ञानात्मक चुनौतियों का सामना कर रहे लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। नियमित रूप से उपचार ले रहे बच्चों में मोटर स्किल्स, सेंसरी प्रोसेसिंग और सोशल-इमोशनल स्किल्स की पहचान और क्षमताओं में महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है।

## नगर पालिका के विकास कार्यों का लोकार्पण

जौनपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत संरचना के विकास कार्यों का लोकार्पण नगर पालिका अध्यक्ष मनोरमा रामसूरत मौर्या ने किया। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति रही ।अध्यक्ष ने बताया सिपाह में भगेलूराम पार्क के सामने स्थित गली में प्रेमचंद श्रीवास्तव के मकान से सुरेंद्रनाथ श्रीवास्तव के मकान तक सी.सी. नाली निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इसके अलावा, पचहटियां में आजमगढ मेन रोड पर राम अवतार निषाद के घर से प्रदीप त्रिपाठी एडवोकेट के घर होते हुए शिवांगी महाविद्यालय तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसी क्रम में, मोहल्ला खरका हुसैनाबाद में स्थित बनवारी बाबा के समाधि स्थल के सौंदर्यीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया गया। यह सौंदर्यीकरण कार्य क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को बढ़ावा देगा। साथ ही, वार्ड सैदनपुर में मिजार्पुर-जौनपुर मेन रोड से मां किराना स्टोर तक सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इस सड़क निर्माण से क्षेत्रवासियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी ।अध्यक्ष ने कहा, नगर पालिका परिषद जौनपुर नागरिकों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए निरंतर विकास कार्य कर रही है। जल निकासी, सडक निर्माण और सौंदर्यीकरण से नगरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। हमारी प्राथमिकता हर वार्ड का समुचित विकास करना है। सभासद अंकित सिंह बिट्टू, पूर्व सभासद अनुज मौर्य, मनीष श्रीवास्तव, सभासद रूपा गुप्ता,रामसकल मौर्य और रिंकू मौर्य आदि उपस्थित रहे।

## संदीप पाण्डेय तीसरी बार बने अध्यक्ष

जौनपुर। भारत विकास परिषद शौर्य के कार्यकाल के लिये चुनाव प्रक्रिया का संचालन नगर के एक प्रतिष्ठित होटल में किया गया। इस प्रक्रिया को संचालित करने के उद्देश्य से चुनाव अधिकारी के रूप में प्रान्तीय वित्त सचिव रमेश कुमार उपस्थित रहे। चुनाव अधिकारी ने चुनाव के संवैधानिक नियमों को बताकर चुनाव प्रारम्भ करने की घोषणा की। जिसमें सर्वप्रथम में डा. गिरीश कुमार सिंह ने कोषाध्यक्ष पद के लिये जनार्दन पाण्डेय का नाम प्रस्तावित किया और डा. राजेश एवं अतुल मिश्र ने इसका अनुमोदन किया। चुनाव अधिकारी द्वारा कोषाध्यक्ष पद के लिये जनार्दन पाण्डेय के नाम की घोषणा की गई। संगठन सचिव पंकज सिंह ने सचिव पद के लिये अवधेश गिरि के नाम को प्रस्तावित किया तथा राहुल पाण्डेय एवं डा. आशुतोष सिंह ने इसका अनुमोदन किया। चुनाव अधिकारी द्वारा सचिव पद के लिये अवधेश गिरि के नाम की घोषणा की गई। अध्यक्ष पद के लिये दया निगम ने पुनरू तीसरी बार डा. सन्दीप पाण्डेय के नाम को प्रस्तावित किया जिसका अनुमोदन सुजीत यादव एवं सुनील सिंह द्वारा किया गया तथा चुनाव अधिकारी द्वारा तीसरी बार डा. सन्दीप पाण्डेय को संस्था का अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष बनने के बाद डा. सन्दीप पाण्डेय ने सर्वप्रथम संगठन सचिव के रूप में जयशंकर सिंह का और महिला संयोजिका के पद के लिये प्रियंका पाण्डेय का चयन किया। उन्होंने कहा कि शौर्य परिवार इस बार और नये कीर्तिमान स्थापित करेगा। कार्यक्रम का संचालन हर्षित गुप्ता ने किया। इस कार्यक्रम में नीरज श्रीवास्तव, रंजीत सिंह, डा. राजेश कुमार, प्रमोद सैनी, नित्यानन्द पाण्डेय, सन्दीप चौधरी, सुधा पाण्डेय, अंजू सिंह, रश्मिता सिंह, नेहा मिश्रा, जया सिंह, राजीव श्रीवास्तव, रमेश श्रीवास्तव, अविनाश गिरि, आशुतोष राय, शमशेर बहादुर पाल आदि उपस्थित रहे।

## हिण्डाल्को रेणुकूट ने जीता सीआईआई एचआर एक्सीलेंस अवॉर्ड- 2025

रेणुकूट। सतत विकास और नवाचार के लिए प्रसिद्ध हिण्डाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेणुकूट हमेशा से कर्मचारी सशक्तिकरण, प्रतिभा विकास और संगठनात्मक उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध है। इसी क्रम में हिण्डाल्को रेणुकूट को मानव संसाधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु सीआईआई एचआर एक्सीलेंस



अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार हिण्डाल्को को डिस्टिंक्शन इन एचआर एक्सीलेंस कैटेगरी में प्रदान किया गया। गौरतलब है कि यह प्रतिष्ठित पुरस्कार इस वर्ष केवल तीन भारतीय संगठनों को प्रदान किया गया जिसमें हिंडाल्को द्वारा इस पुरस्कार को प्राप्त करना गौरव की बात है। मुम्बई के ताजमहल होटल में आयोजित इस कार्यक्रम में हिंडाल्को रेणुकूट को यह सम्मान उत्कृष्ट मानव संसाधन नीतियों, रणनीतिक नेतृत्व और सर्वश्रेष्ठ मानव संसाधन प्रथाओं को उत्कृष्ट रूप से लागू करने हेतु दिया गया। यह पुरस्कार मानव संसाधन विभाग की टीम के निरंतर प्रयासों, समर्पण और नवाचार का प्रमाण है, जिन्होंने मूल्यांकन प्रक्रिया के हर चरण में प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर हिण्डाल्को रेणुकूट एचआर टीम ने हिण्डाल्को ग्रुप सीएचआरओ समिक बसु और क्लस्टर हेड समीर नायक के समर्थन एवं प्रेरणा तथा भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और मूल्यांकनकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए विशेष आभार व्यक्त किया। साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों ने इस पुरस्कार के लिए हिण्डाल्को रेणुकूट एचआर टीम को हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर मानव संसाधन प्रमुख जसबीर सिंह ने कहा कि यह पुरस्कार केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि हमारे सामूहिक जुनून और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है, एक टीम के रूप में जीतना इसे और भी खास बना देता है। वहीं क्लस्टर हेड समीर नायक ने कहा कि इस उपलब्धि के साथ, हिण्डाल्को रेणुकूट ने एचआर उत्कृष्टता के नए मापदंड स्थापित करने और सतत सुधार, नवाचार और विकास की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को फिर से साबित किया है। गौरतलब है कि यह पुरस्कार सीआईआई नेशनल कमेटी ऑन टूरिडम एंड हॉस्पिटैलिटी एंड एमडी एंड सीआईओ ऑफ द इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ( आईएचसीएल) के चैयरमैन पुनीत चटवाल ने हिण्डाल्को प्रतिनिधि मंडल में शामिल जसबीर सिंह, अजय सिन्हा तथा आशुतोष परीदा को प्रदान किया।

## श्रद्धालु और दर्शनार्थियों से विनम्रता पूर्ण व्यवहार करें

मीरजापुर। जनपद के विंध्याचल में सुविख्यात मां विन्ध्यवासिनी, कालीखोह व अष्टभुजा धाम में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि का परम्परागत मेला 29/30.03.2025 की मध्य रात्रि से प्रारम्भ हो कर 07. 04. 2025 तक चलेगा ।जिसमें मां विन्ध्यावासिनी का दर्शन पूजन करने स्थानीय दर्शनार्थियों के साथ-साथ वाह्य जनपदों, विभिन्न प्रदेशों एवं देश-विदेश से भी भारी संख्या में श्रद्धालुजन अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए यहां आते है । ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष-2018 में विन्ध्याचल नवरात्रि मेला को राज्यस्तरीय मेला घोषित किया गया है ।शनिवार मई वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा व जिलाधिकारी मीरजापुर प्रियंका निरंजन द्वारा थाना कोतवाली कटरा क्षेत्रान्तर्गत स्थित सैमफोर्ड पब्लिक स्कूल, मीरजापुर में चैत्र नवरात्रि मेला विन्ध्याचल-2025 को निर्बाध एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जनपद एवं वाह्य जनपदों से आने वाले पुलिसकर्मियों एवं अन्य विभागों से ड्यूटी में लगे अधिकारी व कर्मचारीगण की ब्रीफिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ।

सम्पूर्ण मेला व्यवस्था के नोडल अधिकारी नितेश सिंह ( अपर पुलिस अधीक्षक नगर, मीरजापुर ) को बनाया गया है तथा पुलिस मेला अधिकारी विवेक जावला क्षेत्राधिकारी नगर को तथा मेला प्रबंध के लिए गठित मेला प्रकोष्ठ का प्रभारी निरीक्षक-अरविन्द कुमार मिश्रा को बनाया गया है ।सम्पूर्ण मेला क्षेत्र को 03 सुपर जोन, 10 जोन एवं 21 सेक्टर जोन में विभाजित किया गया है ।चैत्र नवरात्रि मेला विन्ध्याचल-2025 ड्यूटी में लगे पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी,कर्मचारीगण की ब्रीफिंग के दौरान निर्देशित किया गया कि ड्यूटी में लगे सभी अधिकारी व कर्मचारीगण मां विन्ध्यवासिनी, अष्टभुजा व काली खोह का दर्शन पूजन करने श्रद्धालुजन व दर्शनार्थियो को सुगम एवं सुरक्षित ढ़ंग से दर्शन-पूजन कराना सुनिश्चित करेंगें तथा गर्भ गृह में प्रवेश पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगा, ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मी साफ-सुथरी वर्दी धारण करेंगें तथा अनुशासित रहकर विन्ध्याचल मेला में आने वाले श्रद्धालु व दर्शनार्थियों से विनम्रता पूर्ण व्यवहार करते हुए अपने कर्तव्यों एवं दायित्वों का पूर्ण मनोयोग एवं निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगें ।

## अवैध संबंध से नाराज पत्नी ने की पति की हत्या



करमा,सोनभद्र। स्थानीय पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम को मिली बड़ी कामयाबी, साजिश रचकर अपने पति की हत्या कराने वाली पत्नी सहित एक नाबालिग पुलिस अभिरक्षा में व पांच हत्यारे गिरफ्तार, आलाकत्ल रॉड, मृतक का मोबाइल एवं घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद।

ग्राम पथरहिया सीताबहार निवासिनी सुनीता देवी, थाना करमा द्वारा थाना करमा पर लिखित तहरीर दी थीं कि मेरे पति राम नरेश यादव उम्र लगभग 45 वर्ष जो 25.01.2025 को शाम 18.00 बजे के बाद अपने घर से निकलकर खरी चुनी लेने गए थे । करीब सवा से साढ़े आठ बजे के आसपास सूचना मिली कि कोई उनके गले पर वार कर उनकी हत्या कर दिया है जिसके आधार पर मु0अ0सं0 17/2025 धारा 103(1) बीएनएस थाना करमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू की गई ।काफी प्रयास के बाद भी कोई उल्लेखनीय सफलता नहीं मिली किंतु उक्त घटना को निरंतर मॉनीटर करते हुए पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देश पर लगे हुए अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी घोरावल राहुल पाण्डेय के नेतृत्व में थाना करमा, सर्विलांस व एसओजी की टीमें कार्य करती रहीं ।इसी दौरान ग्राम वासियों में सुगबुगाहट होने लगी कि राम नरेश यादव कुसुम कोल के चक्कर में अपनी पत्नी सुनीता को प्रताड़ित करता था। इस बात के साक्ष्य भी मिलने लगे। दौरान विवेचना मिली गवाहियों एवं इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य से पुष्ट हुआ कि घटना मृतक नरेश यादव की पत्नी सुनीता देवी ने अपने दामाद आलोक यादव को मिलाकर कुछ लड़कों को नरेश यादव की हत्या के लिए सहेजा, जिसके परिणाम स्वरूप अभियुक्तगण संदीप कुमार पुत्र शिव कुमार हरिजन निवासी केवटा, थाना घोरावल , एक नफर बाल अपचारी उम्र करीब 15 वर्ष, अंकित कुमार पुत्र महेंद्र हरिजन निवासी केवटा, थाना घोरावल , मयंक कोल पुत्र राजेंद्र कोल निवासी जोगिनी, थाना घोरावल ने मौके पर घटना को अंजाम दिया । इसके बदले में मृतक की पत्नी सुनीता ने हत्या करने वालों को अपने दामाद आलोक यादव के माध्यम से रु० 50000/ दिया । इस प्रकार घटना का सफल अनावरण हुआ एवं हत्या जैसे जघन्य अपराध में शामिल/संलिप्त अभियुक्तगणों को तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए शनिवार को करमा क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया एवं उनके कब्जे से मृतक राम नरेश यादव की मोबाइल, घटना में प्रयुक्त बदमाशों की मोटरसाइकिल और आलाकत्ल - रॉड एवं फिरौती राशि में से बचे रुपए 15000/ बरामद कर लिया ।विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

पूछताछ में मृतक की पत्नी सुनीता देवी ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताई कि पिछले तीन साल से अपने पति राम नरेश यादव के कुसुम कोल से संबंध, अपने एवं अपने बच्चों के प्रति उनकी प्रताड़ना से तंग आकर काफी समझाने के बाद जब नहीं माने तब मैंने अपने दामाद आलोक यादव निवासी ग्राम जोगिनी से संपर्क किया। आलोक यादव ने अपने साथियों को 50000 रुपए पर हत्या करना स्वीकार किया। तब 25 जनवरी 2025 को घटना को अंजाम दिया। घटना के बाद तय राशि 50000 रुपए उन्हें आलोक यादव के माध्यम से उन्हें दे दिया गया। सभी बदमाशों ने उक्त घटना क्रम को तस्दीक किया। अनावरण, गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राज कुमार सिंह, थाना करमा, निरीक्षक रामस्वरुप वर्मा, प्रभारी स्वाट मय टीम . निरीक्षक नागेश सिंह, प्रभारी सर्विलांस सेल मय टीम। उप निरीक्षक आशीष सिंह, थाना करमा, उप निरीक्षक जितेंद्र यादव थाना करमा रहे।

संक्षेप

## युवती का शव पुलिस ने किया बरामद

भटनी(देवरिया) ।स्थानीय थाना क्षेत्र के छोटी गण्डक नदी के पक्के पुल के उत्तर तरफ सडक के पश्चिम कम्बल मे लिपटा एक युवती का शव पुलिस ने संदिग्धावस्था मे बरामद किया ।बताया गया है कि घटना स्थल के पास चरवाहे अपने पशुओं को चरा रहे थे ।उनका कहना है कि साढे सात बजे तक वहां कोई शव नही था ।उसके बाद एक बोलेरों वहां खडी कर कम्बल मे लिपटा शव को छोड कर भाग निकले ।घटना जंगल की आग के तरह से क्षेत्र मे फैल गयी ।

घटना की जानकारी जब पुलिस को हुई तो थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार प्रधान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गये ।घटना की सूचना उच्चाधिकारियों की दिये ।थोडी देर मे ही घटनास्थल पर पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी पहुंच कर घटना स्थल का निरीक्षण किया ।लोगो से जानकारी लिये ।थानाध्यक्ष को शव की पहचान करने व कार्यवाही किये जाने का निर्देश दिया ।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि एक अज्ञात वाहन द्वारा शव को यहां रखकर भाग जाने की बाद बताया । युवती की पहचान 18वर्षीय निशा पुत्री राजेश प्रसाद ग्राम पिपरा थाना विजयीपुर जिला गोपालगंज ( बिहार )के रुप मे हुई ।

युवती अपने ननिहाल ग्राम मोतीपुर टिकैत थाना भटनी मे ही रहती थी ।पुलिस घटना के बाद असके पिता और ननिहाल वालो को थाना लाकर पहचान करायी ।और परिजनों व ननिहाल बालो से पुछताछ कर रही है ।युवती का शव कैसे यहां आया ।कौन लाया इसकी भी पुलिस जाँच पडताल कर रही है ।पुलिस शव का पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया ।

# 52 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों व 6 निक्षय मित्रों को किया सम्मानित

जिला संवाददाता(vol)





कुशीनगर। राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत आज जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज, मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी द्वारा 52 टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों, 6 निक्षय मित्रों को प्रशस्ति पत्र सहित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा देकर कलेक्ट्रेट सभागार में सम्मानित किया गया। यह 5 टीबी रोगियों को न्यूट्रिशन युक्त पोषण पोटली वितरित कर उन्हें गोद लिया गया।उन्हें निक्षय मित्र योजना के अंतर्गत पोषण पोटली प्रदान करते हुए न्यूट्रिशन से भरपूर सामग्रियां प्रदान की गई।आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए डीएम ने कहा कि पोलियो की भांति टीबी को भी विस्तृत अभियान चलाकर प्रदेश सहित भारत को टी बी मुक्त बनाना है। यह तभी संभव होगा जब समाज के प्रत्येक वर्ग इस अभियान में जुड़कर अपना सहयोग प्रदान करेंगे। खासकर ग्राम पंचायतों के निर्वाचित जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान गण, शिक्षकगण, चिकित्सकगण, के साथ साथ अधिकारीगण भी इसमें बढ़ चढ़ कर अपनी भूमिका निभा सकते है। ग्राम प्रधान अपने क्षेत्र के व्यक्ति जिनमें टीबी के लक्षण दिखे उनकी जाँच एवं उपचार अपने नजदीकी सरकारी अस्पतालों में कराते रहे और प्रयास करे कि आप का ग्राम पंचायत टीबी मुक्त रहे। 99 प्रतिशत टीबी फेफड़े की होती है, जिसका इलाज संभव है। चिकित्सकों के परामर्श के अनुसार पूरा दवा का कोर्स लें। चिकित्सक खासकर ओ.पी.डी. के समय रोगियों के इलाज के दौरान टी बी लक्षण वाले मरीजों का चिन्हांकन करें और आवश्यतानुसार दवाएं उपलब्ध कराए, उनका सहयोग करें।

- 5 टी.बी. रोगियों को न्यूट्रिशन युक्त पोषण पोटली वितरित कर लिया गया गोद।
- टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों को सरकारी अस्पताल अवश्य भेजे:

उन्होंने ने कहा कि एक समय था जब टीबी एक गंभीर बीमारी हुआ करती थी लेकिन आज इसका इलाज संभव है। उन्होंने ग्राम प्रधानों तथा उपस्थित समस्त अधिकारियों कर्मचारियों से कहा कि अगर आसपास आपके ग्राम समाज में किसी को लंबे समय से बुखार और खांसी है तो उसे तत्काल निकटतम अस्पताल में भर्ती कराए, जिससे उसका इलाज ससमय हो सकेगा। जो टीबी के मरीज है अगर उन्हें पौष्टिक आहार प्रोटीन युक्त सही समय से मिलते रहेगा तो उनकी प्रतिरोधक क्षमता शीघ्र बढ़ जाएगी एवं वह पूर्व की भांति स्वस्थ हो जाएंगे। निक्षय मित्रों से उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति टीबी के मरीजों को गोद ले रहे हैं उनकी दवाओं के साथ-साथ पौष्टिक आहार का भी ख्याल रखें यह ध्यान रहे की टीबी के मरीज दवा का पूरा कोर्स ले बीच में दवा खाकर छोड़े नहीं। जन सहभागिता कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु बेहद आवश्यक है। अपने इर्द-गिर्द साफ सफाई रखें तथा स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें जल जनित रोगों से बचें घर के आसपास कूड़े इकट्ठे ना होने दें।मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि टीबी मुक्त भारत अभियान पूरे प्रदेश भर में चल रहा है जो मरीज इस रोग से ग्रसित हैं उन्हें पोषण से युक्त खाद्य सामग्री दें।केवल पोषण पोटली देना एकमात्र कार्य ही नहीं है अपितु यह विशेष ध्यान दें कि वे समय से दवा ले रहे हैं या नहीं । आप उनके अभिभावक के रूप में उपस्थित होकर कार्य करें। सीएमओ ने कहा कि जनपद में चल रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में कार्यरत सभी कर्मियों का सहयोग सराहनीय है।हवा के माध्यम से भी इस रोग का प्रसार होता है इसलिए मास्क का प्रयोग अवश्य करें।हम सब को आपस में मिलकर भारत को टीबी मुक्त बनाना है, इसके लिए आप सभी से अपेक्षित सहयोग की आवश्यकता है।कहा कि कोई भी टीबी के लक्षणों वाला व्यक्ति आपके आस पास देखे तो उसे तत्काल सरकारी अस्पताल तक पहुँचाने में सहयोग करे, उसका समुचित इलाज कराया जायेगा।उन्होंने अनुरोध किया कि आज इस अभियान के अंतर्गत जिन ग्राम प्रधानों को टीबी मुक्त ग्राम सभा हेतु प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जा रहा है, कृपया वे सभी पूरी तन्मयता से अपने ग्राम को हर साल टीबी मुक्त बनाने के हर संभव प्रयास करें। जो भी अधिकारी, चिकित्सक टीबी रोगियों को गोद ले रहे हैं वह निरंतर उनका ख्याल रखें, दवाओं के साथ-साथ पौष्टिक आहार भी प्रदान करें, साथ ही उनका हाल-चाल भी समय-समय पर पूछते रहे। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी ने कहा कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सब के सहयोग से इस अभियान को सफल बना सकते है। इस बीमारी को लेकर ग्रामीण इलाकों में काफी भ्रांतियां है। जिन्हें हम जनजागरूकता के माध्यम से दूर करना है। जिला कार्यक्रम समन्वयक टीबी मुक्त अभियान की रूपरेखा को विस्तारपूर्वक बताया ।इस अभियान के अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत 965 शिक्षक एवं प्रधानाचार्य द्वारा एवं पंचायत राज विभाग के द्वारा 285 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया है। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अल्पना रानी , जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ एस एन त्रिपाठी, आईएमए के प्रतिनिधि डॉक्टर अजय शुक्ला, बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी राम जियावन मौर्य, जिला पंचायती राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, अवध शुगर मिल प्रतिनिधि नवनीत त्यागी, चिकिसकगण के साथ-साथ चिकित्सा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जागरूकता से बीमारियों से मिलेगी मुक्तिः डीएम

देवरिया ।क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले की 92 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त हो चुकी हैं। शनिवार को आईटीआई कॉलेज सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने इन 92 ग्राम प्रधानों को सम्मानित किया। उन्होंने टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। साथ ही, प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत 21 तथा परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 27 चिकित्साधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के दौरान एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के तहत मेगा कैंप का भी आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने ग्राम प्रधानों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जिले को क्षय रोग मुक्त बनाने के लिए और अधिक प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से अपील की कि वे अपने गांवों में बड़े-बुजुर्गों, बच्चों और महिलाओं को टीबी के प्रति जागरूक करें तथा इसके बचाव के उपाय बताएं। उन्होंने कहा कि ₹जागरूकता ही हर बीमारी से मुक्ति दिला सकती है ।₹ प्रधानमंत्री ने 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि यदि किसी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखें तो उसे तुरंत सरकारी अस्पताल में जांच के लिए भेजें, जहां इस बीमारी का पूरा इलाज निशुल्क उपलब्ध है ।इस अवसर पर जिलाधिकारी ने 1 अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के तहत द्वितीय अंतर्विभागीय समन्वय बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को गंभीरता और निष्ठा से इस अभियान के संचालन के निर्देश दिए। अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, खांसी और टीबी के संभावित मरीजों की स्क्रीनिंग करेंगी और लोगों को जागरूक करेंगी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश झा ने कहा कि ग्राम प्रधानों को संचारी रोग नियंत्रण अभियान में भी सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जन सहभागिता, स्वच्छता और जागरूकता ही इस अभियान की सफलता की कुंजी है ।कार्यक्रम में एसीएमओ आरसीएच डॉ. अजय शाही, डीटीओ राजेश कुमार, सहित सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## प्रत्येक विकास खण्ड से 2 ग्राम प्रधान हुए सम्मानित

देवरिया । वित्तीय वर्ष 2024-25 में खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रत्येक विकास खण्ड से 02 ग्राम प्रधानों को जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी, वीरेंद्र प्रसाद ने सभी विभागीय योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, पीएमईजीपी, पं. दीनदयाल ग्रामोद्योग रोजगार योजना, माटीकला योजना, कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना तथा माइक्रो कामन फैसिलिटी सेंटर की स्थापना आदि की जानकारी दी।

खादी ग्रामोद्योग प्रोत्साहन योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में अधिक से अधिक खादी ग्रामोद्योगी इकाइयों की स्थापना कराने के लिए सभी ग्राम प्रधानों से अनुरोध किया गया ।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष, पं. गिरीश चंद्र तिवारी ने प्रत्येक सम्मानित ग्राम प्रधान को 2000 रुपये, अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस समारोह में जिला पंचायत सदस्य अजीत कुमार सिंह, सहायक विकास अधिकारी बी. पी. सिंह, रजनीश मिश्रा, राहुल गुप्ता, दिनेश गौड़, धीरेन्द्र प्रताप बंटी, चन्द्रशेखर साहनी, रणविजय सिंह ( ग्राम प्रधान, देवरिया सदर ) सहित 32 ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

ग्राम प्रधानों का चयन मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, जिला सूचना अधिकारी शांतनु कुमार श्रीवास्तव एवं जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, देवरिया के द्वारा किया गया।

# पुलिस मुठभेड़ में तीन पशु तस्कर घायल



कुशीनगर।जनपद में शनिवार को पुलिस ने अलग अलग पुलिसिया मुठभेड़ में दो पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस मुठभेड़ में दोनों पशु तस्करों के पैर में गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस टीम ने पशु तस्करों के पास से अवैध तमन्चा मय कारतूस, चोरी की मोटर साइकिल सहित पांच राशि गोवंश बरामद किया है।

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में 29 मार्च 2025 को कुबेरस्थान क्षेत्र में एक पशु तस्कर, गौकश की सूचना प्राप्त हुई।इस सूचना के आधार पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसमें कुबेरस्थान, पडरौना कोतवाली, रविन्द्रनगर धूस व साइबर सेल की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कुबेस्थान क्षेत्र के सेमरा हरदो कठकुइयां ढाला रोड के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल आते दिखाई दिया।

जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी। जिसमें अभियुक्त घायल हो गया। जिसकी पहचान मनौव्वर पुत्र गुलाब हुसैन निवासी बसहिया बनवीरपुर थाना कोतवाली पडरौना जनपद कुशीनगर के रुप में हुई। जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। मौके से उसके कब्जे से एक अदद अवैध तमन्चा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल, एक अदद लकड़ी का ठीहा, एक अदद चाकू, एक अदद रस्सी तथा घटना में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन व 720 रुपये नगद बरामद किया गया है। इसी तरह शनिवार को ही जनपद के कसया थाना क्षेत्र में भी पुलिस मुठभेड़ में एक पशु तस्कर घायल हो गया। घायल पशु तस्कर के साथ एक अन्य सहित दो पशु तस्कर को गिरफ्तार कर एक पिकप वाहन से वध हेतु तस्करी कर ले जाए जा रहे 05 राशि गौवंश व 02 अवैध तमन्चा मय कारतूस, लकड़ी का ठीहा आदि बरामद किया। कसया पुलिस को मुकामी थाना क्षेत्र में कुछ पशु तस्करों, गौकश के होने की सूचना प्राप्त हुई। इस सूचना के आधार पर तत्काल योजना बनाते हुए पुलिस टीमों का गठन किया गया। जिसमें कसया, हाटा कोतवाली, तरयासुजान, तमकुहीराज एवं पटहेरवा थाने की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा कसया क्षेत्र के हिरण्यपुर कट के पास घेराबंदी कर चेकिंग की जा रही थी। चेकिंग के दौरान एक पिकप वाहन आते दिखाई दिया। जिसको पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया तो वाहन में सवार व्यक्ति द्वारा लक्ष्य साधकर पुलिस टीम पर जान मारने की नियत से फायर किया गया। जवाबी प्रतिरक्षा में पुलिस टीम द्वारा फायरिंग की गयी।

जिसमें अभियुक्त एक घायल हो गया। जिसकी पहचान बाबूद्दीन पुत्र साबिर निवासी ग्राम नरहवा थाना गोपालपुर जिला गोपालगंज बिहार के रुप में हुई है तथा उसका एक अन्य साथी तबरेज पुत्र हारून साकिन कंचनपुर थाना तरकुलवा जनपद देवरिया को भी मौके से गिरफ्तार किया गया। मौके पर उनके कब्जे से दो अदद अवैध तमन्चा 315 बोर, तीन अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, एक अदद खोखा कारतूस 315 बोर, एक अदद लकड़ी का ठीहा, एक अदद बांका, एक अदद रस्सी, एक अदद पिकप वाहन महेन्द्रा बोलेरो बिना नम्बर कुल 8,170 रुपये नगद व दो मोबाइल फोन बरामद किया गया। घायल पशु तस्करों को दवा ईलाज हेतु पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस को अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो गोवंशीय पशुओं को वाहन पर क्रुरता पूर्वक लाद कर वध हेतु बिहार ले जाते है। गौकशी कर अवैध धन अर्जित करते है। जिसे आपस में बाट लेते है। पुलिस टीम ने गिरफ्तार पशु तस्करों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की हुई बैठक



कुशीनगर। डीएम की अध्यक्षता व सीडीओ की उपस्थिति में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई ।स्वास्थ्य समिति की बैठक में संस्थागत प्रसव, बच्चों के टीकाकरण, गर्भवती माताओ की जांच, मंत्रा पर डाटा फीडिंग, मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु रिपोटिंग, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जन्म पंजीकरण, गर्भवती मां के उपचार की स्थिति आदि पर समीक्षा हुई। बैठक में माह फरवरी 2025 आशा भुगतान पर प्रपोजल की अद्यतन स्थिति का भी जायजा लिया गया। इसके साथ एएनसी पंजीकरण के संबंध में जानकारी लेते हुए सभी एमओआईसी को मासिक टारगेट पूरा करने हेतु ए एन सी पंजीकृत की संख्या पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीपीएमयू, बीसीपीएम, व एएनएम, आशा के कार्यों एवं प्रदर्शनों की समीक्षा करने, मंत्रा एप पर फीडिंग करने एवं आधार प्रमाणीकरण करने, बीएचएसएनडी सत्र में गर्भवती महिलाओं की नियमित समय समय पर जांच करने, जिन क्षेत्रों में विभिन्न टीकाकरण से बच्चे छूट गए है तो छूटे हुए बच्चों को अभियान चलाकर वृहद स्तर पर टीकाकरण करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। उन्होंने कहा कि जो भी कंट्रोलिंग एवं रिपोर्टिंग अथॉरिटी है वह अपने अधीनस्थों के परफॉर्मेंस की समीक्षा करें। इस दौरान अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम तथा ई संजीवनी के माध्यम से ऑनलाइन वीडियो कंसलटेंसी की प्रगति, पीएचसी के अनटाइड फंड, ई कवच, आभा आईडी की भी समीक्षा की। बैठक के दौरान मंत्रा पर फीडिंग के सापेक्ष आधार प्रमाणीकरण की प्रगति की समीक्षा की जिसमें अपेक्षित प्रगति एवं खराब प्रदर्शन रहने पर प्राचार्य मेडिकल कॉलेज, एम ओ आई सी पडरौना व सुकरौली से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार प्रमाणीकरण हेतु सभी सीएचसी की स्थिति और बेहतर करने हेतु भी कहा ।आभा आईडी क्रिएट करने में पडरौना की प्रगति खराब एवं सुकरौली में प्रगति अच्छी पाई गई। बैठक दौरान जिलाधिकारी ने जनपद में बच्चों के टीकाकरण की प्रगति भी जानी तथा इस संदर्भ में जागरूकता के प्रसार को निर्देशित किया तथा गर्भवती माताओं के स्वास्थ्य के संदर्भ में भी प्रगति जाना तथा विभिन्न टेस्ट यथा एनीमिया हिमोग्लोबिन टेस्ट व यूरीन टेस्टिंग की संख्या में वृद्धि के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस संदर्भ में सभी सीएचसी पर समान रूप से चिकित्सक उपस्थित रहे। कहा कि 4 मोबाइल मेडिकल यूनिट को रोस्टर वाइज सभी स्थानों पर भेजें। जहां चिकित्सकों कम है उन क्षेत्रों में अवश्य जाए। उन्होंने संस्थागत प्रसव के मामले में प्रगति भी जानी। जनपद में चल रही शासन की स्वास्थ्य योजनाओं को प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने हेतु विशेष रणनीति तैयार कर क्रियान्वित करने के लिए सीएमओ और सभी एमओआईसी को कहा। सभी कर्मचारी पीएचसी और सीएससी पर नियमित रूप से ससमय उपस्थित रहे। सभी एमओआईसी, बीएचएसएनडी सत्र का निरीक्षण निरंतर अंतराल पर करते रहे। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी अल्पना रानी, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक श्री दिलीप व एडिशनल सीएमओ ,जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक प्रियदर्शी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रवण कुमार सिंह, समस्त एमओआईसी, स्वास्थ्य विभाग के सभी संबंधित अधिकारी, कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## बरेली में जीएसटी के नाम पर अवैध वसूली करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

बरेली। जिले में पुलिस ने जीएसटी के नाम पर ट्रक चालकों से अवैध वसूली करने वाले गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया जबकि तीन अन्य फरार हो गये। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी ।शीशगढ़ थाने के प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात पुलिस नियंत्रण केंद्र को सूचना मिली कि टांडा छंगा-बहेड़ी रोड पर कार में सवार कुछ लोग ट्रकों को रोक कर चालकों से जबरन रुपये वसूल रहे हैं। सूचना मिलते ही शीशगढ़ पुलिस ने मौके पर जाकर घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को देखते ही कार के बाहर खड़े तीन लोग अंधेरे का लाभ उठा कर भाग गए, जबकि कार में बैठे दो लोगों को मौके पर ही दबोच लिया गया। एसएचओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान रामपुर जिले के जगदीप सिंह और उत्तराखंड के रुद्रपुर के संजयदास के रूप में की गयी है। तलाशी लेने पर आरोपियों के पास एक देशी पिस्तौल, तमंचा, ट्रक चालकों से वसूले गए दो हजार रुपये, एक लैपटाप और दो मोबाइल फोन बरामद हुए हैं। पांचों आरोपियों के खिलाफ अवैध वसूली और शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उनके पास मिली कार को जब्त कर लिया गया है और फरार हुए तीन अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पकड़े गए जगदीप सिंह और संजय दास ने बताया कि उनके फरार हुए साथियों के नाम अमृतपाल, चेतन और गुड्डू हैं। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे उत्तराखंड की ओर से आने वाले ट्रकों को रोककर उनमें लदे माल का जीएसटी बिल दिखाने के नाम पर अवैध वसूली करते थे। जो ट्रक चालक रुपये नहीं देता, उसे पिस्तौल या तमंचा दिखाकर धमका देते थे।

## अव्वल बच्चे परस्कृत



देवरिया ।सदर ब्लॉक के कंपोजिट विद्यालय बगहा मठिया में शारदा संगोष्ठी, वार्षिकोत्सव एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि सदर ब्लाक के खंड शिक्षा अधिकारी श्री देव मुनि वर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। विद्यालय के बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया ।विद्यालय से सेवानिवृत्ति हो रहे प्रधानाध्यापक श्याम यादव के विदाई समारोह के संबोधन में उन्होंने कहा की एक शिक्षक राजकीय सेवा से सेवानिवृत्ति होता है समाज में अपने दायित्व से नहीं ।हम हर अवसर को एक उत्सव के रूप में मनाते हैं इसी क्रम में विदाई समारोह को भी हम एक उत्सव के रूप में मना रहे हैं ।उन्होंने कक्षा एक से आठ तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी उत्तीर्ण बच्चों को शील्ड देकर पुरस्कृत किया ।मुख्य अतिथि को विद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम का संचालन बालेंद्र मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी सदस्य ,न्याय पंचायत के शिक्षकों सहित अभिभावक एवं बच्चे उपस्थित रहे ।

# 14 अप्रैल को सूर्य मंदिर में 21 निर्धन कन्याओ के होंगे हाथ पीले

कुशीनगर। केडी शाही जनजागृति संस्थान, तुर्कपट्टी महुअवा द्वारा अनवरत 23 वर्षो से निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है।इस परम्परा को आगे बढाते हुए 21 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी 14 अप्रैल को तुर्कपट्टी स्थित सूर्यमंदिर में आयोजित किया गया है। यह आयोजन पूर्ण रूप से पारंपरिक रीति रिवाजों के अनुसार सम्पन्न होगा।

यह जानकारी शनिवार को संस्था के संरक्षक व समाजसेवी अजय कुमार गुप्ता, प्रबंधक सुधीर शाही व कार्यक्रम संयोजक शैलेन्द्र दत्त शुक्ल ने संयुक्त रूप से आयोजित प्रेसवार्ता में दी। उन्होंने बताया कि संस्थान द्वारा पिछले तेइस वर्षों में 650 निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया जा चुका है। इस पवित्र महायज्ञ का श्रीगणेश वर्ष 2003 में सूर्यमंदिर परिसर में हुआ था। इस वर्ष भी यह आयोजन एतिहासिक गुप्त कालीन सूर्य मंदिर परिसर में ही होगा। उन्होंने बताया सूर्यमंदिर मंदिर परिसर के यज्ञशाला में सायंकाल सात बजे 21 निर्धन कन्याओं का विवाह परम्परागत रीति-रिवाज व मंत्रोच्चार के बीच संपन्न होगी। आयोजक मंडल ने बताया कि इसके पूर्व 14 अप्रैल को वर-वधू पक्ष से जुडे बराती व घरातियो का स्वागत सायं पाच बजे किया जायेगा। विवाहोपरांत अतिथि सम्मान व आशीर्वाद समारोह कार्यक्रम होगा, जिसमे अतिथियों द्वारा गृहस्थ जीवन मे प्रवेश करने वाले युगल जोडों को आशीर्वचन प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम के अगली कडी में रात्रि 9 बजे लोक संस्कृति, लोकगीत, लोक नृत्य नाट्यकला पर अधारित "शिव-पार्वती विवाह" का नाट्य मंचन किया जायेगा। यह मंचन रंगमंच, फिल्मो व धारावाहिको के सुप्रसिद्ध निदेशक मानवेन्द्र त्रिपाठी के निर्देशन में प्रस्तुत किया जायेगा। कार्यक्रम के अंत मे गृहस्थ संचालन से जुडी सामग्रियों के साथ नव विवाहित युगल जोडों की सम्मान के साथ बिदाई की जायेगी। महिलाओं के प्रतिनिधित्व के रूप में कंचन गुप्त ने बताया कि सामूहिक विवाह समारोह में शामिल होने वाली कन्याओं का पूर्ण सम्मान संस्थान की टीम द्वारा किया जाएगा।

# विकसित देवरिया का आगाज है पूर्वांचल क्रांति दिवसः कलराज मिश्रा



देवरिया ।शनिवार, सदर सांसद शशांक मणि के प्रयास से जनपद में प्रोजेक्ट अमृत प्रयास के तत्वाधान में पूर्वांचल क्रांति दिवस का आयोजन किया गया ।आयोजन के दौरान शहीद रामचंद्र विद्यार्थी चौक से मशाल जुलूस निकाला गया जिसमे मंगल पांडे और लक्ष्मीबाई के परिधान में बच्चों ने मनोहारी प्रस्तुति दी गाजे बाजे के साथ जुलूस शहीद चौक से निकलकर जी आई सी मैदान में पहुंचा जिसका नेतृत्व स्वयं सदर सांसद शशांक मणि कर रहे थे ।इस आयोजन का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व राज्यपाल व पूर्व केंद्रीय मंत्री कलराज मिश्र ने मशाल जलाकर किया ।मुख्य अतिथि ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता संग्राम की प्रथम चिंगारी जलाने वाले बलिया के अमर शहीद मंगल पांडे ने 29 मार्च को ही अंग्रेजों के खिलाफ गोली चलाकर स्वतंत्रता का बिगुल फूंका था और ये बता दिया कि पूर्वांचल की धरती वीरों की जननी है ।उन्होंने कहा कि आज के इस ऐतिहासिक दिन से प्रेरणा लेकर यहां के कर्मयोगी सांसद ने देवरिया के विकास की नई आधारशिला रखी है जिसमें आप सभी देवरियावासियों का सहयोग बहुत ही आवश्यक है । उन्होंने कहा कि देवरिया से मेरा पुराना नाता रहा है यहां की उर्वरा भूमि ने रामचंद्र विद्यार्थी, सोना सोनार, और अंशुमान सिंह जैसे अनेकों योद्धाओं को जन्म दिया है जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल क्रांति दिवस का उद्देश्य अपने क्षेत्र में आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय विकास पर केंद्रित है, जनपद और जनपदवासियों का उत्तरोत्तर विकास हो यही मेरी शुभकामना है ।विशिष्ट अतिथि के रूप में पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद के लक्ष्मण ने कहा कि ये देवरिया का सौभाग्य है कि यहां की जनता को शशांक मणि जैसा कर्मठ, ईमानदार और मजबूत इच्छाशक्ति वाले सांसद मिले हैं जो दिन रात अपने क्षेत्र के विकास के लिए नित नवाचार करते रहते हैं, इनके नेतृत्व में निश्चित ही देवरिया विकास की नई इबारत लिखेगा ।सदर सांसद शशांक मणि ने कहा कि अपने लोकसभा क्षेत्र को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने के लिए मै प्रतिबद्ध हूं ।यहां के युवाओं, किसानों, महिलाओं और व्यापारी बंधुओं को तकनीकी के माध्यम से जोड़कर यहां की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का मै हमेशा प्रयास करता रहूंगा और इसमें आप सभी की भागीदारी होना भी अत्यंत आवश्यक है, आप सभी के प्रयास और सहयोग से ही हम सब मिलकर विकसित देवरिया का निर्माण कर सकते हैं ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में देश और प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है।जात पात और धर्म से ऊपर उठ कर हम सभी को मिलकर एक नए देवरिया का निर्माण करना है । इस दौरान भोजपुरीट बैंड के द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी गई । शैलेन्द्र द्विवेदी, सुरभि कश्यप, मोहिनी द्विवेदी, अंशुमान शुक्ला ने भोजपुरी गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया ।संस्कृत विद्यालय के बच्चों द्वारा वेद मंत्रों का उच्चारण किया गया । इस दौरान रामपुर विधायक सुरेंद्र चौरसिया, सुरेंद्र कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद तिवारी, जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, दुर्गेश राय, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार दुबे, क्षेत्रीय मंत्री हरिचरण सिंह कुशवाहा, संजय तिवारी, पवन मिश्रा, ब्लाक प्रमुख संजय तिवारी, प्रभाकर राय, राजेश मिश्रा, गंगा सिंग कुशवाहा, अजय कुमार दुबे आदि उपस्थित रहे।

- देवरिया के विकास में जनपदवासियों का सहयोग अपेक्षित : शशांक मणि
- विकास की नई इबारत लिखेगा देवरिया – के लक्ष्मण

## यातायात पुलिस ने ई - रिक्शा चालकों की कसी नकेल



देवरिया । पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में यातायात प्रभारी गुलाब सिंह मय यातायात पुलिस द्वारा दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु शहर के प्रमुख चौराहों पर विशेष रुप से ईझरिक्शा वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाकर गलत दिशा में वाहन चलाने वालों, बिना ड्राइविंग लाइसेंस, गलत नंबर प्लेट एवं बिना फिटनेस के सम्बन्ध में चेकिंग की गयी और ई-रिक्शा/आटो के दाहिने तरफ रस्सी बांधने हेतु बताया गया और यातायात नियमों का पालन न करने वाले 86 वाहनों का एम वी एक्ट में चालान किया गया ।वाहन चालकों को यातायात नियमों के पालन करने हेतु जागरुक किया गया । विदित हो शहर में भारी संख्या में चल रहे ई रिक्शा चालकों द्वारा यातायात नियमो की धज्जियाँ उड़ाए जाने से शहर की सड़कों ,बाजारों,गलियों ,चौराहों रेलवे ,बस स्टेशन ,सब्जी मंडी आदि में लोगों का पैदल चलना मुश्किल हो गया है। सवारी बैठने की होड़ में मुख्य सड़क पर ही इनकी कतार लग जाने से जगह जगह जाम लग जा रहा है। कसया रेलवे क्रासिंग पर सवारी बैठाने की होड़ से प्रतिदिन पूरी सड़क पर जाम लग रहा है ।

संक्षेप

## स्कूटर से गिरकर महिला की मौत

सीतापुर। जिले के लहरपुर कोतवाली इलाके में राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे सर्विस रोड पर गड्ढे के कारण एक महिला की स्कूटर से गिरकर मौत हो गयी। लहरपुर कोतवाली क्षेत्र की निवासी रानी रस्तोगी (50) अपने बेटे मनीष के साथ स्कूटर से सीतापुर में नेत्र चिकित्सालय जा रही थी तभी यह हादसा हुआ। पुलिस के अनुसार, स्कूटर का अगला टायर सड़क पर बने गड्ढे में फंस गया, जिससे वाहन अनियंत्रित हो गया। रानी रस्तोगी स्कूटर से गिर गयी और उनके सिर में गंभीर चोट लगी, जिससे उनकी तत्काल मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रानी के बेटे मनीष रस्तोगी ने बताया कि उनकी मां की मौत का कारण सड़क पर बना बड़ा गड्ढा है। सड़क पर बने बड़े गड्ढे के कारण मां स्कूटर से गिर गयी और सिर में चोट लगने से उनकी मौत हो गयी। स्थानीय निवासियों ने भी अपना गुस्सा जाहिर किया और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिकारियों पर लापरवाही बरतने और सड़कों की मरम्मत में विफल रहने का आरोप लगाया।

## जिला अस्पताल में कैदी की मौत

पीलीभीत। जिले में सजायाफ्ता एक कैदी की जिला अस्पताल में मौत हो गयी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में दोषी जिला कारागार में बंद था। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक (एसएचओ) राजीव कुमार सिंह ने पत्रकारों को बताया कि मृतक की पहचान राजू उर्फ अब्दुल्ला (47) के रूप में हुई है, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद मौत का सही कारण पता चलेगा। अधिकारी ने बताया कि राजू को मार्च 2023 में दुष्कर्म और यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत 10 वर्ष कैद की सजा सुनाई गयी थी तथा उस पर 67हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया था।मामला 2014 में बिलसंडा थाने में दर्ज किया गया था। जेल अधीक्षक राजेश पांडेय ने बताया, 28 मार्च को पूर्वाह्न करीब 10:30 बजे राजू बेहोश हो गया, उसे सीने में दर्द और सांस लेने में दिक्कत की शिकायत थी। उसे तुरंत जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया और फिर एंबुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। देर शाम इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने जेल प्रशासन के प्रोटोकॉल के अनुसार मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच की जा रही है।

# निर्धारित लक्ष्यों की शत प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करें



जिला संवाददाता(vol)

- अपर जिलाधिकारी अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति व निवेश मित्र की बैठक सम्पन्न

सीतापुर। शासन द्वारा गठित जिला उद्योग बन्धु समिति ध्सिंगल विण्डों, निवेश मित्र की बैठक अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव, निवेश मित्र पोर्टल, निर्यात प्रोत्साहन योजना, ओडीओपी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जेम पोर्टल इत्यादि योजनाओं की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि लक्ष्यपरक योजनाओं में निर्धारित लक्ष्यों की शतप्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त होने वाले आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं ससमय निस्तारण कराया जाये। बैठक में उद्यमियों से प्राप्त समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु अपर जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि व्यापारियों और उद्यमियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करते हुये उन्हें अवगत कराया जाये। अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि औद्योगिक आस्थानों के रख-रखाव हेतु उचित कार्यवाही की जाये तथा औद्योगिक आस्थानों के उच्चीकरण एवं अवस्थापना सुविधाओं हेतु भेजे गये आगणनों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने विद्युत विभाग, बैंक आदि विभागों के प्रकरणों के संबंध में संबंधित अधिकारियों को आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये। ऋण संबंधी आवेदनों का नियमानुसार त्वरित निस्तारण कराये जाने हेतु एल0डी0एम0 को निर्देश दिये। बैठक में उप जिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, उपायुक्त उद्योग संजय सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सीतापुर वैभव त्रिपाठी सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी एवं उद्योग बंधु समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे।

## डीएम ने ईवीएम भंडारण कक्ष का किया निरीक्षण

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने आज इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष एवं वीवी पैट भण्डारण कक्ष वेयर हाउस का वाह्य निरीक्षण का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं एवं आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित को दिये। उन्होंने इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन भण्डारण कक्ष में लगे सी0सी0टी0वी0 कैमरे की जांच टी0वी0 स्क्रीन पर देखी एवं साफ-सफाई के निर्देश भी दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि एवं निर्वाचन विभाग कर्मचारी उपस्थित रहे।



# पत्रकार हित के लिए आर-पार की होगी लड़ाई : अनुराग

महोली/सीतापुर। आल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन के चीफ कोआर्डिनेटर अनुराग एम सारथी ने शनिवार को पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई के आवास पर पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक संवेलना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या एक जघन्य अपराध है। प्रशासन व पुलिस घटना के 22 दिन व्यतीत हो जाने के बाद भी खुलासा नहीं कर पा रही है।राघवेंद्र परिवार का इकलौता रोटी अर्जक था। जिसकी हत्या के बाद परिवार के सम्मुख रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। सरकार को परिवार की मदद के लिए आगे आना चाहिए। सरकार को आर्थिक मुआवजा बच्चों की पढ़ाई व पत्नी



को शिक्षा के अनुरूप सरकारी नौकरी देनी चाहिए। घटना का जल्द खुलासा कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाय। जिससे कभी दुबारा ऐसी घटना की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि आज इसी घटना को लेकर सीतापुर में सभी पत्रकार संगठनों के साथ एक बैठक आयोजित की गयी है। जिसमें सभी लोगों से विचार विमर्श कर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा की सीघ्र ही इस घटना का सही खुलासा न होने पर परिवार को आर्थिक सहायता मुहैया न कराए जाने पर सभी साथियों के साथ विचार विमर्श कर जल्द ही तहसील स्तर से लेकर जिला मुख्यालय व राजधानी तक एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। पत्रकार के हित के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ी जाएगी। इससे पहले तहसील के एक दैनिक अखबार के पत्रकार शिवचंद्र त्रिवेदी के भतीजे शशिकांत त्रिवेदी की 4 मार्च को हुई सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत से आहत परिजनों से उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दौरान पत्रकार संजीव पांडे, अनूप मिश्रा, शिवचंद्र त्रिवेदी प्रवीण शुक्ला, सुरेंद्र मिश्रा, राजवीर शुक्ला, पुनीत मिश्रा समेत अन्य पत्रकार मौजूद है।

# रॉबर्ट कॉक की टीबी जीवाणु की खोज उपचार में मील का पत्थर साबित हुई



सीतापुर। प्रत्येक वर्ष 24 मार्च को जनपद में विश्व क्षय रोग दिवस मनाया जाता है। परन्तु इस वर्ष 24 मार्च को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में मुख्य कार्यक्रम के आयोजन के कारण राज्य स्तर से प्राप्त निदेर्शो के क्रम में विश्व क्षय रोग दिवस 29 मार्च को जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार पर मनाया गया।

विश्व क्षय रोग दिवस के कार्यक्रम का प्रारम्भ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरान्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार द्वारा सभा को सम्बोधित करते टी0बी0 के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए अवगत कराया कि रॉबर्ट कॉक द्वारा 24 मार्च 1882 को टी0बी0 जीवाणु की खोज की थी, जो टी0बी0 के उपचार मे मील का पत्थर साबित हुयी। उनकी इस खोज के लिए उन्हें 1905 में नोबेल पुरस्कार प्रदान किया गया था। इस गंम्भीर संक्रामक बीमारी को देखते हुए भारत सरकार द्वारा टी0बी0 को 2025 तक समाप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। टी0बी0 को समाप्त किये जाने के प्रयासों के अन्तर्गत जनपद में 07 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक 100 दिवसीय विशेष टी0बी0 अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत टी0बी0 के लापता मरीजों को खोजने, टी0बी0 से होने वाली मृत्यु को कम करने और टी0बी0 से नए व्यक्तियों को संक्रमित न होने देने से बचाने के प्रयासों में तेजी लाने के लिए उच्च जोखिम वाली जनसंख्या यथा 60 वर्ष से अधिक आयु, 18.5 किग्राध्मी2 से कम बी0एम0आई0 वाली कुपोषित जनसंख्या, मधुमेह रोगी, धूम्रपान व नशा करने वाले, इलाज प्राप्त कर रहे टी0बी0 रोगियों के साथ रहने वाले व्यक्ति, इलाज पूरा कर चुके टी0बी0 रोगी व एच0आई0वी0 ग्रसित व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कराई जा रही है तथा उनका चेस्ट एक्स-रे कराया जा रहा है। इस अभियान में जनपद की कुल जनसंख्या 5304008 के सापेक्ष 796193 (15 प्रतिशत) की मैपिंग की गयी। जिसके सापेक्ष 885700 (109 प्रतिशत) की स्क्रीनिंग कर ली गयी है। स्क्रीनिंग की गयी जनसंख्या के सापेक्ष 542840 (61 प्रतिशत) का निक्षय पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कर लिया गया है तथा 32563 की बलगम एवं 153345 व्यक्तियों की एक्स-रे जांच करा ली गयी है।

## एसपी ने किया पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के माध्यम से जागरूक



उन्नाव। पुलिस अधीक्षक दीपक भूखर ने पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के माध्यम से एक विशेष पहल की है, जिसके अंतर्गत सरस्वती मेडिकल कालेज में छात्र छात्राओं एवं चिकित्सकों को साइबर क्राइम, यातायात नियम एवं नारी सशक्तिकरण की महत्ता को विस्तृत रूप से बताया। जनपद के साइबर क्राइम प्रभारी, यातायात प्रभारी, महिला थाना प्रभारी आदि ने अपनी विशेषज्ञता के अनुरूप छात्र-छात्राओं को जागरूक किया।

पुलिस अधीक्षक ने उनके द्वारा पूर्व में किये क्राइम अनुसंधानों के अनुभवों को साझा करते हुए साइबर क्राइम के विभिन्न पहलुओं पर व्यवहारिक ज्ञान दिया। उन्होंनें बताया कि सोशल मीडिया, एंटरनेटमेंट प्लेट्फार्म्स, इत्यादि से साइबर अपराधी कैसे आपके निजी जानकारियों की रेकी करके आपकों आर्थिक हानि पहुचा रहें हैं, और फिर पीड़ित आर्थिक हानि होने के उपरांत सामाजिक लोक लज्जा के डर से मानसिक पीड़ा सहते हुए अवसाद की स्थिति को प्राप्त हो जाता है। उन्होनें आग्रह किया कि यदि अज्ञानतावश या लापरवाही के कारण इस प्रकार की घटनाएं घटित होती है तो इसकी त्वरित शिकायत की जाये जिससे कि पुलिस अपराधियों को चिन्हित करने में अपना प्रयास कर सके। यातायात नियमों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दोपहिया सवारों की दुर्घटनाओं में अत्यधिक संख्या में मृत्यु के आंकड़े बताते हैं कि यातायात नियमों का पालन जनसाधारण द्वारा यथोचित रूप से नही किया जा रहा है जिसमें मुख्यतः हेलमेट न पहनना एवं कार सवारों का सीट बेल्ट न लगाना देखा जा सकता है हमारा लक्ष्य है। दुर्घटनाओं को न्यूनतम रखना एवं दुर्घटना में किसी की भी असामयिक मृत्यु न होना। यह लक्ष्य तभी प्राप्त किया जा सकता है जब जनसाधारण यातायात नियमों का पालन करने को अपना मूल कर्तव्य समझें। नारी सशक्तिकरण पर बात करते हुए उन्होनें कहा कि पुलिस की 1090 व 112 सेवाएं सदैव महिलाओं की सुरक्षा के लिए प्राथमिक रूप से उपलब्ध हैं, महिलाएं निडर होकर किसी भी अत्याचार शोषण के विरूद्ध अपनी बात-शिकायत कह सकती हैं।कार्यक्रम के दौरान संस्थान के मुख्यचिकित्साधीक्षक श्वेतांक अग्रवाल, मुख्य वित्त अधिकारी अखिलेश मौर्य, वित्त अधिकारी रजनीश सिंह, मुख्य सुरक्षा अधिकारी एस0के0 सिंह सहित संस्थान के समस्त चिकित्सक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## महाराज राणा सांगा के त्याग और बलिदानों को भारत का नागरिक नहीं भूल सकता

सीतापुर। जनपद में शनिवार को राष्ट्रीय करणी सेना और आजाद हिंद भगत संगठन ने सपा सांसद के द्वारा महापुरुष राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी किए जाने का संगठन के कार्यकताओं द्वारा सामूहिक विरोध जताया गया। जिसमें सीतापुर जनपद के लालबाग पार्क में कार्यकताओं ने नारेबाजी करते हुए सपा सांसद का



पुतला भी जलाने का प्रयास किया। इस विरोध प्रदर्शन में आजाद हिंद भगत संगठन के कार्यकर्ता एवं करणी सेना के कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। जिसमें करणी सेना के और आजाद हिन्द भगत संगठन के जिलाध्यक्ष ने बताया कि कैसे मुगलों के विरुद्ध महाराज राणा सांगा के द्वारा किए गए युद्ध और उनके त्याग और बलिदानों को भारत का राष्ट्रवादी नागरिक नहीं भूल सकता है और यह घोर निंदनीय और अनुचित है कि वर्तमान में समाजवादी पार्टी के नेताओं के द्वारा उनके विरुद्ध टिप्पणी की जा रही है।इसके कारण समस्त राष्ट्रवादियों की भावनाएं आहत हुई हैं। जिसका विरोध सर्वसमाज कर रहा है। भारत के बलिदानी और शूरवीरों के ऊपर ऐसी टिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसमें करणी सेना के जिला अध्यक्ष ने बताया कि वीरों के उपहास न बनाया जाए। यदि वीरों का मजाक बनाया जाएगा तो आने वाली पीढ़ी क्या सीखेगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनीष हिन्दू (मन्नु), जिला महामंत्री वैभव हिन्दू, नगर अध्यक्ष अग्निवेश हिंदू, नगर उपाध्यक्ष नवीन हिंदू, आकाश हिन्दू, ऋषि हिन्दू, अंकित हिन्दू, राजा हिन्दू, एडवोकेट सत्यम हिंदू, राहुल हिंदू, ऋषि हिन्दू, गोलू हिंदू, समर हिन्दू, प्रशांत सिंह, धीरज, दीपक सिंह, समर सिंह, बबलू सिंह, दीपेंद्र सिंह इत्यादि रहे।

# जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं का विरोध-प्रदर्शन

उन्नाव। सरकार द्वारा शराब बिक्री के लिए बम्पर ऑफर दिए जाने पर उन्नाव में आम आदमी पार्टी के कार्यकतोओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन के साथ राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा

जिलाध्यक्ष कुलदीप यादव ने उत्तर प्रदेश की सरकार द्वारा शराब बिक्री पर दिए गए बम्पर ऑफर की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा शराब की एक बोतल के साथ दूसरी और तीसरी तक बोतल मुफ्त देने की योजना ने न केवल समाज को नैतिक रूप से कमजोर किया है, बल्कि यह राज्य के नागरिकों के स्वास्थ्य और भविष्य के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि यह योजना यह संदेश देती है कि शराब को एक प्रोत्साहन के रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे राज्य में शराब के सेवन को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश राज्य में पहले से ही सामाजिक और आर्थिक असमानताएं बढ़ रही हैं, और इस तरह की योजनाएं केवल इन असमानताओं को और बढ़ा सकती हैं। यह योजना हमारे युवाओं के लिए एक नकारात्मक संदेश भेजती है और शराब की लत को बढ़ावा देती है, जो स्वास्थ्य और समाज के लिए घातक है। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि हमारी पार्टी यह मानती है कि उत्तर प्रदेश के जरूरी और अहम मुद्दों पर निर्णय लेने के बजाय समाज को नशे की तरफ धकेल कर योगी सरकार समाज को असली मुद्दों से भटकाना चाहती है। शराब का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, और राज्य सरकार को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। हम राज्यपाल से आग्रह करते हैं कि योगी सरकार द्वारा शराब पर दिए गए बम्पर ऑफर को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। शराब के प्रचार-प्रसार पर सख्त रोक लगाई जाए। एवं शराब के बढ़ते अवैध कारोबार का खात्मा किया जाए। युवाओं और समाज के अन्य वर्गों में शराब से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाए। शराब के दुरुपयोग के कारण हो रही सामाजिक समस्याओं को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। इस मौके पर जिला महासचिव शैलेन्द्र उपाध्याय, छात्र सभा से प्रदेश सचिव अमन सोनी, जिला उपाध्यक्ष सौरभ यादव, राघवेंद्र बाजपेई, दीपक राजपूत, पंकज सेठ, जिला मीडिया प्रभारी शरीफ खान, दीपू महराज, नगर अध्यक्ष मान सिंह, राकेश पटेल, मनीष कुमार, पूर्ण लाल, लिटेश, विवेक कुमार सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## नमाज तरावीह पढ़कर कुरआन पाक मुकम्मल कराया: कारी मोनिस

उन्नाव। नगर के टेढ़ी रोड स्थित जिन्नाती मस्जिद में कारी मोहम्मद मोनिस ने अलविदा जुमा की 27 वे माह ऐ रमजान को विशेष नमाज तरावीह पढ़कर कुरआन पाक मुकम्मल कराया और हिंदुस्तान मुल्क में अमन व चैन की दुआ की। वहीं अकीदत मदों ने कारी मोनिस को माला पहनाकर इस्तकबाल किया। इस मुकद्दस मौके पर मौलाना मो० इस्लामुद्दीन बरकाती, मौलाना आरिफ मिस्बाही, मौलाना मो० अली हबीबी, कारी नसरुद्दीन, मौलवी आदिल, कारी इमरान, हाफिज नईम, हाफिज बिलाल, कारी शरीफुद्दीन, हाफिज मुस्लमिन, हाजी बाबू, हाशिम अनवर, आदि रहे।

# तीन माह से लापता बच्चा सकुशल विशाखापट्टनम से बरामद



सीतापुर। जनपद के बिसवां में लगने वाले गुलजार शाह मेला से 27 दिसंबर 2024 को अपहरण किए गए तीन वर्षीय बच्चे को पुलिस ने आंध प्रदेश से सकुशल बरामद कर लिया है। बरामद हुए 03 वर्षीय बालक कार्तिक मौर्य को सकुशल बरामद कर परिजन के सुपुर्द किया गया है। बच्चे को तीन माह बाद सामने पाकर माँ और परिजनों की आंखों में खुशी के आंसू छलक पड़े और उन्होंने पुलिस विभाग को खूब आशीर्वाद दिया। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक सिंह ने बताया कि 27 दिसंबर 2024 को वादी प्रेम मौर्य नि0 मो0 सेठगंज थाना कोतवाली बिसवां जनपद सीतापुर द्वारा सूचना दी गयी थी कि उनका 03 वर्षीय पुत्र कार्तिक मौर्य अपनी माता व परिजन के साथ गुलजार शाह मेला बिसवां गया था। जहां करीब 5 बजे सायं सामान की खरीदारी करते समय वह अचानक लापता हो गया। उक्त सूचना के आधार पर थाना बिसवां पर मुकदमा अज्ञात के खिलाफ पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में टीम का गठन कर बालक की शीघ्र एवं सकुशल बरामदगी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे। जिसके क्रम में गठित पुलिस टीम व जनपद सीतापुर की सर्विलांस टीम द्वारा सम्यक साक्ष्यों का परिशीलन किया जाने लगा।

### अपहरणकर्ताओं के हरदोई से जुड़े थे लिंक

जनपद हरदोई से बच्चे के बारे में उल्लेखनीय जानकारी प्रकाश में आई तथा जनपद हरदोई के थाना अतरौली के बच्चे की चोरी कर तेलंगाना राज्य में बेचे जाने की बात प्रकाश में आयी और वहां के चोरी गये बच्चे की बरामदगी की गयी। हरदोई से प्राप्त सूचना के आधार पर हरदोई में जाकर पूछताछ के क्रम में बालक कार्तिक मौर्य के विषय में कुछ जानकारी हासिल हुई। जिसके आधार पर 19 मार्च 2025 को तत्काल थाना कोतवाली बिसवां से एक टीम उ0नि0 अतुल कुमार वर्मा के नेतृत्व में जरिये एरोप्लेन (आंध्र प्रदेश) के विशाखापट्टनम रवाना किया गया।

### नासिक पहुंचने पर खुले और भी राज

इस बीच सर्विलांस टीम से उल्लेखनीय जानकारी प्राप्त हुई कि कार्तिक मौर्य से संबंधित अभियुक्त महाराष्ट्र के नासिक जिले में होने के पुख्ता सबूत मिले हैं। उक्त सूचना के आधार पर कोतवाली बिसवां से एक दूसरी टीम उ0नि0 सुधाकर सिंह के नेतृत्व में 21 मार्च 2025 को रवाना होकर नासिक पहुँचने पर और वहां तलाश करने पर उक्त अभियुक्तो के बारे में जानकारी प्राप्त हुई कि उक्त अभियुक्तगण विशाखापट्टनम (आन्ध्र प्रदेश) जा रहे हैं कि टीम द्वारा पीछा करते हुए विशाखापट्टनम पहुंची। लेकिन लोकेशन ट्रेस न हो पाने के कारण कोई उल्लेखनीय जानकारी नहीं प्राप्त हो सकी।

### पुलिस की अपहरणकर्ताओं को लग गई थी भनक

इस पर पुनः जनपद सीतापुर की सर्विलांस टीम के अथक प्रयास से राजमुंद्री (आन्ध्र प्रदेश) में बालक कार्तिक मौर्य से संबंधित अभियुक्तों की होने की जानकारी प्राप्त हुई। जिस पर रवानाशुदा दोनों टीमों के संयुक्त प्रयास से राजमुंद्री (आन्ध्र प्रदेश) जहां अबोध 03 वर्षीय बालक कार्तिक मौर्य से संबंधित अभियुक्तों की जानकारी प्राप्त हुई और टीम द्वारा स्थानीय पुलिस की मदद से उक्त श्रीमती ज्योती पत्नी रामबाबू उर्फ कुमार, राजमुंद्री ईस्ट गोदावरी के घर पर बरामदगी हेतु तलाश करायी गयी तो घर पर ताला बंद था। इसलिए टीम को लगातार 03 दिन व रात घर के पास ही नजर बनाये रखी। किंतु श्रीमती ज्योति पत्नी रामबाबू उर्फ कुमार निवासी राजमुंद्री ईस्ट गोदावरी को पुलिस की आहट मौजूदगी होने पर अपने स्वयं के बच्चों व बालक कार्तिक मौर्य को अपने दूर के रिश्तेदार निवासी कान्तामौरू विशाखापटनम (आन्ध्र प्रदेश) के यहां यह कहकर कि दो-चार दिन हमारे बच्चों को आप अपने घर रखिये उसे आवश्यक कार्य हेतु हैदराबाद जाना है, छोड़कर चली गई थी। उक्त कार्यवाही के दौरान भाषा की समस्या के कारण स्थानीय व्यक्ति अशोक की मदद से बालक कार्तिक मौर्य को खोज निकालने में सफल रहे। सम्पूर्ण कार्यवाही से अभियोग में अभियुक्तगण प्रकाश में आये, जिनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

### ढोल नगाड़ों से किया पुलिस का स्वागत

बालक कार्तिक मौर्य की बरामदगी की सूचना जैसे परिवारीजनों व कस्बा



बिसवां में लोगों पता चली तो परिवारीजन व बिसवां के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी। जिसमें बिसवां के व्यापारी, अधिवक्ता संघ, पत्रकार बंधु व बिसवां के तमाम सम्मानितजन द्वारा बरामदगी करने वाली टीम का माला, फूल व गाजे बाजे से साथ बड़ा चैराहा कस्बा बिसवां पर स्वागत किया गया। पूरे क्षेत्र में लोगों द्वारा पुलिस के कार्यो की भूरि-भूरि-प्रशंसा की जा रही है।

# राज्यपाल से मिलेगा संयुक्त मोर्चा, मृत राघवेंद्र के लिए मांगेगा न्याय

जिला संवाददाता




सीतापुर। जस्टिस फॉर राघवेंद्र अभियान के तहत आयोजित जनसंसद में आज बड़ी संख्या में पत्रकारों अधिबक्ताओं, सामाजिक व किसान संगठनों ने सहभागिता कर मृतक पत्रकार राघवेंद्र को न्याय दिलाने के लिए आवाज बुलंद की। लोकसभा व राज्यसभा की तर्ज पर सदन का संचालन हुआ।

जनसंसद की अध्यक्षता उदय प्रताप त्रिवेदी व मस्त हफीज रहमानी ने संयुक्त रूप की। सदन में उपजा अध्यक्ष महेंद्र अग्रवाल ने कहा मृतक पत्रकार को न्याय दिलाने के लिए सभी पत्रकार संगठन एकजुट है हमे पूरी उम्मीद है कि सरकार परिवार की पूरी मदद करेगी। पत्रकार संगठन ऐपजा के चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारंगी ने कहा पत्रकारों की आवाज को दबाया जा रहा है। जो पत्रकार भ्रष्टाचार की खबरे लिख रहा है या तो उस पर झूठे मुकदमे लिखे जा रहे है या उसकी हत्या हो रही है या धमकाया जा रहा है। यह लोकतंत्र के मूल्यों की हत्या है। उन्होंने कहा मृतक राघवेंद्र को न्याय दिलाने के लिए सभी संगठनों को मिलकर महोली कूच करना होगा। पत्रकार जीशान कदीर ने कहा राघवेंद्र की हत्या को खोलना ही नहीं चाहता प्रशासन। पत्रकार राहुल अरोड़ा ने कहा पत्रकारों को अब एकजुट होकर इस लड़ाई को सामाजिक संगठनों के साथ लड़ना होगा तभी सुनवाई होगी। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हरिनाम बाबू मिश्र ने कहा कि राघवेंद्र की शहादत को व्यर्थ नहीं जानेगा। ब्राह्मण समाज हम सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग करते हैं। बार एसोसिएशन अध्यक्ष विजय अवस्थी ने कहा पत्रकार व अधिवक्ता समाज की आवाज है। हमारी कलम को कोई डरा नहीं सकता हम सभी संगठन संयुक्त रूप से प्रदेश स्तर पर आवाज बुलंद करेंगे। सचेन्द्र दीक्षित ने कहा ये युगपरिवर्तन की बेला है। मृतक राघवेंद्र का बलिदान बम व्यर्थ नहीं जाने देंगे। राष्ट्रवादी ब्राह्मण समाज के मंडल अध्यक्ष श्रवण बाजपेयी ने कहा इस सरकार में ब्राह्मणों पर बहुत हमले बढ़े है। किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धू ने कहा हम सभी संगठनों ने मृतक राघवेंद्र परिवार के लिए जो सहयोग जोड़ा है। उसको 2 अप्रैल को मृतक पत्रकार के घर जाकर उनकी पत्नी को सब लोग मिलकर देंगे। किसान नेता शिवप्रकाश सिंह ने कहा जनसहयोग अभियान का पहला चरण पूर्ण हुआ है जरूरत हुई तो दूसरा चरण भी जल्द शुरू करेंगे। डॉ ब्रज बिहारी ने कहा आखिर क्या कारण है जो सच बोलना चाह रहा है उसकी आवाज बंद कराई जा रही है। राघवेंद्र की आवाज तो हमेशा के लिए खामोश कर दी गयी अफसोस सड़के इसके बाद भी सूनी है पर अब मिलकर लड़ने का वक्त आ गया है। पूर्व पालिकाध्यक्ष ने सदन में सबकी सहमति से दो प्रस्ताव रखे जो सर्वसम्मति से सदन ने पारित किए जिसके तहत 11 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल मृतक राघवेंद्र के मुद्दे पर अब तक हो रही धीमी विवेचना व कोई सरकारी मदद न मिलने की शिकायत लेकर राज्यपाल से मिलेगा व सरकार से राघवेंद्र की पत्नी को तत्काल नौकरी व 50 लाख आर्थिक मदद दे इस हेतु कार्रवाई करे कहा जायेगा। सदन की कारवाई का संचालन रजनीश मिश्र ने किया। सभा में सरदार गुरूपाल सिंह, पंकज सक्सेना, अशोक यादव, किसान नेता पिंदर सिंह सिद्धि, शिवप्रकाश सिंह, डॉ ब्रज बिहारी, निर्भय द्विवेदी, महेंद्र अग्रवाल, अनूप मिश्रा, श्रवण बाजपेयी, हरिनाम बाबू मिश्र, नियाज हुसैन, सविता बाल्मीकि, कमलेश पांडेय, सचीन्द्र दीक्षित, जीतेन्द्र मिश्र, जीशान कदीर, राहुल अरोड़ा, अयाज अहमद, हरिओम मिश्रा, नवल किशोर तिवारी, शोभित बाजपेयी, सौरभ मिश्रा, गोलू ऋचा सिंह, कौसरजहां, युवराज बाजपेयी, जगदीप शुक्ला, वैभव दीक्षित, नीलम प्रजापति, सुनीला रावत, यशवंत सिंह यादव, नैमिष शुक्ला, राम किशोर कनौजिया, मोहित पांडेय, नेतराम शास्त्री, कमरुल हक, शहनवाज, आनंद शुक्ला, सपना त्रिपाठी, प्रमिला बंसल, ओमकार नाथ यादव आदि लोग रहे।

संक्षेप

## खेत पर पानी देने गये किसान की मौत

**ललितपुर।** खेत पर पानी देने गये किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अंदेशा लगाया जा रहा है कि किसान करेंट की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। बताया गया है कि ग्राम बस्तगुंवा थाना बार निवासी राजाराम पुत्र बच्चू लोधी विगत रात्रि खेत में पानी देने के लिए गया था। जब सुबह उसके परिजन खेत पर पहुंचे तो वह मृत अवस्था में डला था। अंदेशा लगाया जा रहा है कि वह करेंट की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## किसान मेला आज पाली में

**ललितपुर।** मुख्य विकास अधिकारी के0के0 पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि राष्ट्रीय कृषि विकास योजनांतर्गत वर्ष 2024-25 में जनपद स्तरीय दो दिवसीय किसान मेला/ संगोष्ठी का आयोजन आज प्रातः 11 बजे से राजकीय पान केन्द्र पाली में किया जायेगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वह उक्त किसान मेला, गोष्ठी में उपस्थित होकर किसान भाईयों को विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित करें।

## ईओ ने ईदगाह व मस्जिदों का किया निरीक्षण

**ललितपुर।** अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, कर अधीक्षक / प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार जैन द्वारा नगर में स्थित समस्त ईदगाहों/ मस्जिदों आदि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान ईओ ने संबंधित स्वास्थ्य नायकों को निर्देशित किया कि ईद-उल-फितर पर्व मनाया जाना है। उक्त तिथि को मस्जिदों, ईदगाहों आदि पर विशेष सफाई अभियान चलाते हुए साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाए। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, कर निर्धारण अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, कर अधीक्षक प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश जैन, अमित कुमार एवं नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## योजना का लाभ उठायें निवेशक

**ललितपुर।** पर्यटन विभाग द्वारा नवीन पर्यटन नीति 2022 प्रख्यापित की गई है, जो 5 साल की अवधि या प्रतिस्थापित होने तक लागू रहेगी। जिसके पर्यटन के क्षेत्रों में की चिन्हित कतिपय गतिविधियों जैसे होटल, बजट होटल, रिजॉर्ट, हेरिटिज होटल, वेलनेस सेंटर, फार्म स्टे, साहसिक पर्यटन परियोजना, ढाबे, मेरिज गार्डन, थीम पार्क, मनोरंजन पार्क, वाटर पार्क इत्यादि क्षेत्रों में निवेश करने पर प्रोत्साहन, अनुदान छूट दिये जाने का प्रविधान है।

पर्यटन नीति 2022 के बारे में विस्तृत जानकारी कार्यालय जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ललितपुर, विकास भवन कमरा नं० 10 के माध्यम से 1 अप्रैल को प्रदान की जाएगी। जिला पर्यटक अधिकारी हेमलता ने बताया कि जो उद्यमी, होटलीयर्स, जनपदवासी पर्यटन नीति 2022 के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त करना चाह रहे है, वह कार्यालय जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद ललितपुर एवं दूरभाष नं० 7905609469 पर संपर्क कर सकते है।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधान हुए सम्मानित

### संचारी रोगों से बचाव के लिए अप्रैल माह में चलेगा अभियान, माइक्रोप्लान के अनुसार गतिविधियां संचालित करने के निर्देश



**ललितपुर।** प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत टी.बी. हारेगा देश जीतेगा की थीम पर आयोजत विश्व क्षय रोग दिवस में टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र व स्मृति प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर क्षय रोग उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने वाले स्वयंसेवी संगठनों/एक्स-रे लैब संचालकों व अन्य अधिकारी/कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। इसके साथ ही अप्रैल माह में प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की

●प्रधानमंत्री टी.बी. मुक्त भारत अभियान...

गई। अध्यक्षता करते हुए अपर जिलाधिकारी वि./रा. अंकुर श्रीवास्तव ने अभियान की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानमंत्री के विजन टीबी मुक्त भारत को साकार करने के लिएघर-घर जाकर टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग कर उन्हें उपचार दिया जाए और निर्धारित समय पर फोलोअप लिया जाए। कार्यक्रम में टी.बी. कन्सलटेंट डा.जेएस बक्शी ने बताया कि जनपद में विगत 100 दिवसों में क्षय रोग उन्मूलन हेतु विशेष अभियान चलाकर टीबी के मरीजों का चिन्हीकरण किया जा रहा है, विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 29 प्रतिशत अधिक मरीजों का चिन्हीकृत किया गया है। बताया कि जनपद में कुल 415 ग्राम पंचायतों में से 25 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त घोषित हो चुकी हैं, जिन्हें कास्य कलर की श्रेणी में रखा गया है, साथ ही इन 25 ग्राम पंचायतों में से 2 ग्राम पंचायतें सिलवर कलर की श्रेणी में आ चुकी हैं। इन 25 ग्राम पंचायतों में देवरी, महरौनीखुर्द, विद्याखेत, अगौरा, अगौड़ी, सिमिरिया, उदगुवां, असउपुरा, सारसेढ, विजयपुरा, रारा, बगौरा, टेटा, खजुरिया, पिपरिया, मकरीपुर, बछरई, छपरौनी, ऊमरी, फुलवारा, भैलोनीलोध, ककड़ारी, धमना, सिमिरिया, चंदावली शामिल हैं। इसके उपरान्त इन टीबी मुक्त 25 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों व क्षय रोग उन्मूलन में अहम भूमिका निभाने वाले स्वयंसेवी संगठनों /एक्स-रे लैब संचालकों व अन्य अधिकारी/कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संचारी रोगों के प्रति जनजागरुकता हेतु उत्कृष्ट मीडिया कवरेज हेतु जिला सूचना अधिकारी दयाशंकर व कार्यालय से सुमित कुमार को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसी दौरान आगामी माह अप्रैल 2025 में संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान के सफल संचालन हेतु द्वितीय अन्तर्विभागीय बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद ने अभियान की संक्षिप्त रुप रेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि जनपद में 01 से 30 अप्रैल 2025 संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 10 से 30 अप्रैल 2025 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा।

इस दौरान संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान में अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए शासन के निदेर्शानुसार अभियान में विभिन्न गतिविधियां करायीं जायेगी। डिस्ट्रिक पब्लिक हेल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सेना ने संचारी रोग नियंत्रण अभियान / दस्तक अभियान में सभी विभागों के कार्य एवं दायित्वों के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी दी एवं संचारी रोगों के नियंत्रण में जन सहभागिता जरूरी है। जिला मलेरिया अधिकारी अनिल किस्टोफर मैसी द्वारा वेक्टर जनित रागों की स्थिति से अवगत कराया गया साथ ही उनसे बचाव के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी।

बैठक में सीडीओ कमलाकांत पाण्डेय, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, अपर सी.एम.ओ., बीएसए, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, पंचायती राज एवं ग्राम्य विकास विभाग, नगर पालिका परिषद्, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, प्रतिनिधि डब्लू.एच.ओ./प्रतिनिधि-यूनीसेफ, सूचना विभाग, शिवराम सिंह निरंजन, जिला कार्यक्रम समन्वयक, जनपद के समस्त चिकित्सा अधीक्षक, सहायक मलेरिया अधिकारी, वरिष्ठ मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया निरीक्षक उपस्थित रहे।

# किशोर संप्रेक्षण गृह में अव्यवस्था देख एडीजे नाराज



**बांदा।** जिला जज डॉ बब्बू सारंग के निर्देश पर शनिवार को अपर जिला जज सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीपाल सिंह ने राजकीय संप्रेक्षण ग्रह किशोर चित्रकूट का त्रैमासिक निरीक्षण किया। किशोर संप्रेक्षण गृह में अव्यवस्थाओं को देखकर अपर जिला जज ने कड़ी नाराजगी जताई।

उन्होने संप्रेक्षण ग्रह के किशोर अपचारियों से सर्वप्रथम भोजन के बारे में जानकारी ली। किशोरों ने बताया कि सवेरे 10 बजे मात्र एक चम्मच चने दिए गये थे जबकि मीनू के तहत प्रातः 8 बजे नास्ते में सूजी का हलवा, उबले चने व चाय मिलनी चाहिए थी लेकिन वह नही दी गयी। किशोर अपचारियों ने सचिव को सवेरे 10:30 बजे फल में दिए गये केले दिखाए लेकिन यह कई दिन पुराने और संड़ चुके थे जिसे खाकर वह बीमार भी हो सकते थे। इस बारे में अपर जिला जज ने वरिष्ठ लिपिक वीर सिंह से जानकारी ली तो बताया कि ठेकेदार जितेन्द्र धतुरहा व रामखेलावन ने केले भेजे हैं इसके अलावा किशोर अपचारियों ने बताया कि पीने के लिए जो दूध मिलता है उसमें बदबू आती है और वह पीने योग्य नही होता।

अधिकांश दूध फट जाता है, मिठाई में हमेशा खराब गुणवत्ता के एक लड्डू दिए जाते हैं। सचिव ने शयन कक्ष का जायजा लिया और देखा कि कूलरों में घास नही है और वह खराब अवस्था में हैं। उन्होने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और वरिष्ठ लिपिक को व्यवस्थाएं दुरूस्त करने के कड़े निर्देश दिए। दोपहर में खाने के मीनू के अनुसार तहरी, रायता, चटनी, पापड़ तैयार हो रहा था जबकि मीनू के तहत दोपहर एक बजे तक भोजन मिल जाना चाहिए था।

उन्होने पेयजल की व्यवस्था देखी लेकिन वह भी उचित नही मिली। सुरक्षा की दृष्टि से भी भवन असुरक्षित है। सुरक्षा के लिए मात्र तीन पुलिसकर्मी मिले इनमें एक ड्यूटी पर तैनात थे। अव्यवस्थाओं को देखकर उन्होने मानकों की अनदेखी कर खान-पान की व्यवस्था मानक के अनुरूप न होने को लेकर उच्चाधिकारियों को जानकारी देने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीईओ राशिद अहमद अंसारी व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# परीक्षा फल वितरित, मेधावी छात्र-छात्राएं पुरस्कृत



**बांदा।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में लगातार मेहनत करने वाले छात्र-छात्राओं का वार्षिक परीक्षा फल वितरित हुआ। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासु गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय के अध्यक्ष उमेश चंद्र अवस्थी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजकुमार, प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता ने अतिथियों का परिचय कराया। इसके पश्चात रिजल्ट कार्ड वितरण समारोह शुरू हुआ। प्रथम एवं द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त छात्र-छात्राओं को अंक पत्र एवं पुरस्कार देकर शुभकामनाएं दी गईं। अध्यक्ष मालती बासू ने कहा कि छात्र-छात्राएं देश का भविष्य हैं। इन्हें सतत मेहनत करने की जरूरत है। प्रबंधक संतोष कुमार सिंह सीनियर एडवोकेट ने कहानी के माध्यम से बताया कि छात्रों को किस प्रकार से मेहनत कर लक्ष्य की प्राप्ति करनी चाहिए और परिवार का नाम रोशन करते हुए पहचान बनाना चाहिए। अंग्रेजी माध्यम कक्षाओं को संचालित करने वाली कोऑर्डिनेटर प्रतिभा सिंह ने प्ले ग्रुप से कक्षा 8 तक का अंग्रेजी माध्यम परीक्षा फल वितरित किया। 6 ह्यएह्न आस्था अग्निहोत्री, 6 ह्यबीह्न नैतिक खरे, सनी साहू, आनंद मिश्रा, लावण्या प्रजापति, रौनक, इच्छा सिंह, आशुतोष कुमार, उत्कर्ष त्रिवेदी, दिव्यांश त्रिपाठी, अनुराग चैरसिया, प्रतिभा अग्निहोत्री, अक्षिता सिंह रहीं। परीक्षा प्रभारी नारायण तिवारी ने विद्यालय की प्रगति रिपोर्ट रखते हुए छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दीं।

# सांसद के बचाव में सड़क पर उतरी सपा



**ललितपुर।** सांसद रामजीलाल सुमन के आगरा स्थित आवास पर 26 मार्च को करणी सेना के पदाधिकारियों द्वारा आवास सहित उनकी गाडि ?ों को निशाना बनाया गया। इतना ही नहीं सांसद के परिजनों पर हमला किया गया था। जिसके विरोध में समाजवादी पार्टी एकजुटता के साथ शनिवार को सड़कों पर उतरी है और सपा जिलाध्यक्ष नेपाल

●सपा जिलाध्यक्ष बोले भाजपा सरकार में बढ़ा अपराध का ग्राफ

सिंह यादव के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया है। शनिवार को सपाईयों ने बाबा साहब अम्बेडकर पार्क से पैदल चलते हुए तुवन चैराहा होते कलेक्ट्रेट परिसर में कूच किया, जहां सपाई पुलिस के घेरे में रहे। राष्ट्रपति को भेजे ज्ञापन में सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव ने कहा कि सांसद एवं वरिष्ठ नेता रामजी लाल सुमन के घर तोडफोड़ करने वाले आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। जब लोकतंत्र के सबसे बड़े सदन में सांसद सुरक्षित नहीं है, तो सोचो दलित वर्ग का क्या हाल होता होगा, इसी घटना से अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रदेश की कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। योगी सरकार पर कानून व्यवस्था संभालने नहीं संभल रही है। प्रदेश में गुंडाराज कायम है, आज हमारी बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है, प्रतिदिन प्रदेश में हत्या, लूट, बलात्कार जैसी कई घटनाएं घट रहीं हैं और सरकार अपनी झूठी उपलब्धियों का बखान कर रही हैं। इसके बाद झांसी ललितपुर लोकसभा बूथ प्रभारी एवं पूर्व जिलाध्यक्ष ज्योति सिंह यादव ने कहा कि हम दलितों का अपमान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। यदि हमारे दलित समाज के सम्मान को ठेस पहुंचती है तो समाजवादी पार्टी पूरे प्रदेश में बड़ा जन आंदोलन छेड़ देगी। उन्होंने आगे कहा कि यह देश बाबा साहब डा.बी.आर.अम्बेडकर के संविधान से चलेगा, किसी की तानाशाही से नहीं चलेगा, मनमानी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं होगी। प्रदर्शन के दौरान अनुसूचित पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहन घायल, जिला उपाध्यक्ष भजनलाल कुशवाहा, नगर अध्यक्ष अभि खजुरिया, अशोक अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अनवर खान, जिला कोषाध्यक्ष रोहित राठौर, युवजन सभा जिलाध्यक्ष अरशद मंसूरी, मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया, पूर्व लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष आकिब मंसूरी, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह राजपूत, बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी जिलाध्यक्ष तुलसीराम अहिरवार, वरिष्ठ नेता हरिसिंह यादव जिजयावन, जिला सचिव रामनरेश यादव, प्रमोद इमलिया, आसिफ, सिंह धौर्रा, शहरोज खान, राजेन्द्र सिंह यादव, रोवन यादव, साहिल अली, जितेन्द्र यादव, मीडिया प्रभारी राममूर्ति तिवारी सहित अनेक सपा नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तक

**बांदा।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की दूसरी जिला स्तरीय अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। संचारी रोग नियंत्रण 1 से 30 अप्रैल तक और दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा। इसमें 13 विभाग मिलकर कार्य करेंगे। डीएम जे0 रीभा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष संवेदीकरण बैठकों को समय से पूरा किया जाए। खंड विकास अधिकारियों और अधिशाषी अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्र में जल भराव की स्थिति को समाप्त करें तथा निरोधात्मक कार्रवाई प्राथमिकता के साथ कराएं। शिक्षा विभाग संचारी रोगों से बचाव एवं सफाई की जानकारी प्रतिदिन बच्चों को प्रार्थना सभा में दें साथ ही पेंटिंग, निबंध प्रतियोगिता, निबंध लेखन के जरिए जागरूकता कार्यक्रम व शुद्ध पेयजल के बारे में जानकारी दें। ग्राम विकास विभाग ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य योजना के तहत नालियों की सफाई झाड़ियों की कटाई, एंटी लार्वा का छिड़काव, जल भराव का निस्तारण करने की जिम्मेदारी एडीओ पंचायत को सौंपी गयी। गांवों में आशा आंगनवाड़ी कार्यकत्री पोस्टर, पंपलेट वितरित कर और 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चे जिन घरों में मिलें उन घरों में संचारी रोगों से बचाव का स्टीकर लगाएं साथ ही मच्छर पनपने की परिस्थितियों को नष्ट करने व बचाव के बारे में जानकारी दें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बृजेन्द्र सिंह, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एन प्रसाद, डॉ अजय कुमार, डॉ डी सी डोहरे, जिला विकास अधिकारी एस एम ओ डॉ वर्षा नायर, मलेरिया अधिकारी पूजा अहिरवार, स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी व जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## हत्या के 4 आरोपियों को उम्र कैद, जुर्माना

**बांदा।** हत्या के मामले में चार आरोपियों को दोषी पाते हुए अपर जिला जज पंचम गैंगेस्टर गुणेन्द्र प्रकाश ने आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। बबेरू थाना क्षेत्र के जलालपुर निवासी वादी दादू पुत्र जागेश्वर यादव ने 13 अक्टूबर 2011 को थाना में तहरीर दी कि रात लगभग 8 बजे गांव के बचुली, राघवेन्द्र सिंह उर्फ बउवा, कल्लू व चुन्नू सिंह ने मिलकर मेरे भाई बलि उर्फ बलराम की गोली मारकर हत्या कर दी है। भाई बलि उर्फ बलराम और भाई जगराम रामदास के साथ खेत की जुताई के लिए ट्रैक्टर के लिए शीलू सिंह के पास गये थे लेकिन वहां लौटने से पहले घात लगाए बैठे आरोपियों ने जान से मारने की नियत से गोली मारी जिससे बलराम सिंह की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। बाकी लोग जान बचाकर भागे और थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। अदालत में चली सुनवाई के दौरान अभियोजन की ओर से 8 गवाह पेश किए गये। विद्वान शासकीय अधिवक्ता देवदत्त मिश्रा और सौरभ सिंह ने प्रभावी पैरवी की। न्यायाधीश ने पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का अवलोकन और दोनो पक्षों की अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद चारों आरोपियों को हत्या का दोषी पाते हुए कठोर आजीवन कारावास और प्रत्येक को 20-20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। आरोपी चुन्नू सिंह के विरूद्ध पहले से ही हत्या, हत्या के प्रयास जैसे गंभीर धाराओं में मुकदमें पंजीकृत हैं जिसमें कई मुकदमों में पहले से आजीवन कारावास की सजा काट चुका है। इस हत्या कांड के मामले को निस्तारित होने में लगभग 13 वर्ष का समय लगा।

# टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के प्रधानों को डीएम ने प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित



**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम की बैठक की अध्यक्षता करते हुए वर्ष 2024 में टी0बी0 मुक्त हुई ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों को प्रतीक चिन्ह के रूप में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

उन्होंने ग्राम प्रधानों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि हमें जिला बिजनौर को क्षय रोग मुक्त बनाने में और अधिक प्रयास करने होंगे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में बीती शाम महात्मा विदुर सभागार में 01 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रस्तावित विशेष संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान के अन्तर्गत द्वितीय अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने संचारी रोग नियन्त्रण एवं दस्तक अभियान पूर्ण गंभीरता एवं निष्ठा के साथ संचालन करने की निर्देश सभी विभाग की अधिकारियों को दिए। बैठक में विभिन्न विभागों के सम्बन्धित जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा व्यक्तिगत रूप से तथा ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 कौशलेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला क्षय रोग अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी बिजनौर के अलावा अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण जरूरीः हरिश्चंद्र



**ललितपुर।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद लखनऊ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जिला विज्ञान क्लब ललितपुर के अंतर्गत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तालबेहट में विज्ञान के लोकप्रियकरण एवं संचार कार्यक्रम के अंतर्गत, स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन वैज्ञानिक

●जीजीआईसी तालबेहट में स्वच्छ पर्यावरण एवं स्वस्थ जीवन वैज्ञानिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी तालबेहट भूपेंद्र सिंह, नीरज पटेरिया मंडल अध्यक्ष भाजपा, पुनीत सिंह परिहार अध्यक्ष नगर पंचायत तालबेहट मौजूद रहे।

कार्यक्रम के उद्घाटन के अवसर पर सरस्वती जी की प्रतिमा के समक्ष दीपप्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण प्रधानाचार्या श्रीमती अंजना वर्मा सहित समस्त अतिथियों ने किया। सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छ पर्यावरण से स्वस्थ जीवन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

विजयी प्रतिभागियों को शील्ड व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए, भाजपा के जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए स्वच्छ पर्यावरण जरूरी है, इस प्रकार के कार्यक्रम से लोगों में पर्यावरण के प्रति प्रेम जागृत होगा। उपजिलाधिकारी तालबेहट ने कहा की जिला विज्ञान क्लब ललितपुर द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है, तहसील स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होना यहां के विद्यार्थियों के लिए अच्छा है। विषय विशेषज्ञ के रुप मे आमंत्रित डॉ0 इच्छा ओमर ने विधार्थियों को पर्यावरण को स्वच्छ रखने के कई उपाय बताएं एवं उनका अपने स्वास्थ्य पर प्रभाव पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के अंत में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज तालबेहट की प्रधानाचार्य श्रीमती अंजना वर्मा ने सबका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात सभी विद्यार्थियों को भोजन भी कराया गया।

## भाजपा के 8 वर्ष पूर्ण होने पर घर-घर जाकर लोगों को योजनाओं की जानकारी दी



**नगीना, बिजनौर।** सेवा सुरक्षा व सुशासन को समर्पित उत्तरप्रदेश सरकार के सफलतापूर्वक आठ वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी के हर घर संपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चैहान ने नगीना विधानसभा के नगीना नगर मंडल के बूथ संख्या 283, 284 पर घर-घर संपर्क कर बूथ पर निवास करने वाले लोगो को जन कल्याणकारी योजनाओं व उत्तरप्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए पुस्तक व पत्रक वितरण किया। इस अवसर पर नगर महामंत्री अरुण शर्मा, बूथ अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, पूर्व नगराध्यक्ष शिवशंकर सक्सेना, पूर्व नगराध्यक्ष ओमपाल सैनी, सेक्टर संयोजक अशोक ठेकेदार, नगर मंत्री मनोज टंडन, लालबहादुर प्रजापति, गंगाराम सैनी आदि पदाधिकारी एंव कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत, पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिले

**नगीना, बिजनौर।** नगर क्षेत्र नगीना के परिषदीय विद्यालयों का परीक्षाफल घोषित कर दिया गया। प्राथमिक विद्यालय विश्नोई सराय 2 में परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मनीष राणा ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ने व नगर का नाम रोशन करने की अपील की। गिफ्ट व पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।




नगर क्षेत्र नगीना के प्राथमिक विद्यालय विश्नोई सराय 2 का परीक्षाफल घोषित किया गया जो शत प्रतिशत रहा परीक्षाफल व पुरस्कार वितरण समारोह प्रगतिपत्र व पुरस्कार वितरित करते हुए को प्रधानाध्यापक मनीष राणा ने बच्चों से मन लगाकर पढ़ने व नगर का नाम रोशन करने की अपील की।

कक्षा 5 में सारा परवीन ने प्रथम, फरहान अंसारी ने द्वितीय व मरियम ने तृतीय कक्षा 4 में अवैस ने प्रथम, बिलाल ने द्वितीय व आफियान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कक्षा 3 में जकिया परवीन ने प्रथम फैसल ने द्वितीय व अकदस ने तृतीय स्थान, कक्षा 2 में अलीशान ने प्रथम आयुष ने द्वितीय व अंश ने तृतीय स्थान कक्षा 1 में रहमाना ने प्रथम अजहर ने द्वितीय व मयंक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया सभी को प्रतीक चिन्ह व गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। गिफ्ट व पुरस्कार पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

## ई-रिक्शा वाहनों के विरुद्ध चला चेकिंग अभियान

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में यातायात पुलिस ललितपुर व विभिन्न थाना पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में ई-रिक्शा चेकिंग व जागरुकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान चेकिंग करते हुए नियमों के बारे में जागरुक किया गया। इसी क्रम में ई-रिक्शा चालकों को नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया साथ ही शहर व थाना क्षेत्र के प्रमुख चैराहों पर, चालकों को निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलाना, नशे की हालत में वाहन न चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करें, लेन ड्राइविंग का पालन करें तथा मानक से अधिक सवारी न बैठाने आदि के बारे में जागरूक किया गया। यातायात प्रभारी आलोक तिवारी ने बताया कि इस अभियान के तहत जनपदीय पुलिसध्यातायात पुलिस द्वारा कुल 41 वाहनों का चालान किया गया तथा 02 ई-रिक्शा सीज किये गए।

## फसल क्षति से बचाव की अपील

**ललितपुर।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने जनपद के कृषकों से अपील की है कि जनपद में किसानों द्वारा लगाई गई फसलें आने वाले 10-15 दिनों में बिल्कुल तैयार हो जाएंगी, ऐसे में किसी भी आपदा या फसल क्षति से बचने के लिए अपने खेतों में लगे ट्रांसफार्मर के आस-पास लगभग 10 वाई 10 वर्गफीट तक की फसलों को पहले ही काट कर वहां सफाई कर दें, ताकि किसी भी प्रकार से इलेक्ट्रिसिटी फाल्ट होने पर विद्युत तारों से निकलने वाली चिंगारी से आप की खड़ी फसलों को कोई नुकसान न पहुंचे।

## युवक ने पारिवारिक कलह के चलते फांसी लगाकर मौत को गले लगाया

**बिजनौर।** पारिवारिक कलह के चलते युवक ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद कार्रवाही शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना स्योहारा क्षेत्र के ठाकुरद्वारा रोड स्थित सिंह पैलेस में शुक्रवार की शाम चैकीदार के रूप में काम करने वाले अमित कुमार ( 24 वर्ष ) पुत्र उदयराज सिंह ने फंदा लगाकर जान दे दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्राथमिक जांच में आत्महत्या का कारण पारिवारिक कलह बताया जा रहा है। मृतक अमित नवादा का रहने वाला था और सिंह पैलेस में चैकीदारी का काम करता था। घटना के संबन्ध में धामपुर सीओ सर्वम सिंह का कहना है कि शुक्रवार शाम करीब 7बजे पुलिस को सूचना मिली कि सिंह पैलेस में एक युवक ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजने के बाद अग्रिम कार्रवाही शुरू कर दी है।

संक्षेप

## सभासद पुलिया, नाली की सफाई में जुटे

**जसवंतनगर, इटावा।** नगर के मोहल्ला अहीर टोला में स्थित गमादेवी मंदिर के समीप चोक हो गई पुलिया की शिकायत नगर पालिका अध्यक्ष और ईओ द्वारा अनसुनी किए जाने के बाद वार्ड सभासद ने मंदिर में गंदा पानी भरने से बचाने के लिए स्वयं पुलिया और नाली की सफाई करने के लिए जुट गये। अहीर टोला में स्थित गमा देवी मंदिर के समीप पुलिया के काफी समय से चोक पड़े होने के कारण नाली का गंदा पानी देवी मंदिर में पहुंच रहा था। वार्ड सभासद संजीव कुमार के अनुसार उन्होंने कई बार नगर पालिका परिषद अध्यक्ष से इस समस्या के निदान के लिए विनती की लेकिन उनके द्वारा लगातार अनसुनी करने के कारण उनके वार्ड की यह समस्या हल नहीं हो सकी। रविवार से चैत्र नवरात्रि का पर्व शुरू हो रहा है और बड़ी संख्या में स्त्री पुरुष मंदिर में इस दौरान आएंगे जाएंगे। श्रद्धालुओं को नाली के पानी में से होकर ना गुजरना पड़े इससे बचाव के लिए सभासद संजीव कुमार ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए शनिवार को चोक पड़ी नाली को खोलने का प्रयास किया। नगर पालिका परिषद की सफाई व्यवस्था पर यह करारा तमाचा है और वह भी तब जब नगर में साफ सफाई स्वच्छता जांचने वाली टीम आई हुई है। हर घर के बाहर दो डिब्बे रखवा कर व हटवा कर वह टीम फोटो खिंचवाकर इति श्री कर रही है। अभी तक शायद इस समस्या को उन्हें या तो दिखाया नहीं गया है या फिर उन्हें इस वार्ड में नहीं पहुंचने दिया गया।

## राज्यपाल ने दी राजल नीति को शुभकामनाएं

**गोरखपुर।** युवा लेखक राजल की आने वाली पुस्तक राजल नीति लोकव्यवहार को उत्तर प्रदेश की राज्यपाल उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने पत्र के माध्यम से शुभकामनाएं दी हैं। जिसमे उन्होंने राजल को पुस्तक के लिए बधाई दी और पुस्तक की सफलता के लिए कामना की है। राजल नीति पुस्तकें वर्तमान में 7 भाषा हिंदी, अंग्रेजी, बांग्ला, मराठी, गुजरती, ओड़िया और पंजाबी भाषा में उपलब्ध है। टाइम मैनेजमेंट पर राजल सबसे ज्यादा अनुवाद किये जाने वाले भारतीय लेखक हैं। उन्होंने अब तक 6 पुस्तकें लिखी हैं। जिनमे राजल नीति टाइम मैनेजमेंट, राजल नीति स्ट्रेस मैनेजमेंट, राजल नीति लोकव्यवहार प्रमुख हैं। इस अवसर पर राजल ने उत्तर प्रदेश की माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी के प्रति आभार व्यक्ति किया और बताया की वो जो कुछ भी हैं अपने स्वर्गीय दादाजी राधेश्याम गुप्त जी की वजह से हैं और उनकी यह सफलता उन्हें ही समर्पित है। उनकी वजह से ही वो कक्षा 6 फेल और पढ़ाई छोड़ने से 9 डिग्री/सर्टिफिकेट की यात्रा तय कर पाए। जिसमे एल. एल. बी, जर्नालिज्म, पी. जी. डी. बी. ए और बी लेवल जैसी 4 प्रोफेशनल डिग्रियां भी शामिल हैं साथ ही साथ उन्होंने डायमंड बुक्स के निदेशक नरेन्द्र वर्मा के मार्गदर्शन के लिए भी उनका आभार व्यक्त किया। राजल नीति पुस्तकों का विमोचन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश के तत्कालीन राज्यपाल राम नाइक और हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला कर चुके हैं और भारत के तत्कालीन माननीय उपराष्ट्रपति श्री वेंकैया नायडू जी और गुजरात के माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेंद्र पटेल जी शुभकमाना दे चुके हैं।

# सबकी मुरादें पूरी करती हैं मां तरकुलहा देवी

## अंग्रेजी हुकूमत के समय मां के आशीर्वाद से 6 बार टूटा था फांसी का फंदा



**उमाशंकर शुक्ल/चौरीचौरा, गोरखपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 22किमी दूर गोरखपुर देवरिया राजमार्ग पर स्थित मां तरकुलहा देवी का स्थान कुसम्ही जंगल का एक हिस्सा था। जंगल के बीच में एक पिण्डनुमा देवी का स्थान था। किंबदन्तियों के अनुसार अर्सा पूर्व अंग्रेजी हुकूमत के समय डुमरी स्टेट बाबू बन्धू सिंह रोज जंगल में उसी पिंड की पूजा अर्चना करते थे। तथा अंग्रेजों को पकड़ कर बलि देते थे।और गुरिल्ला युद्ध में माहिर बाबू बन्धू सिंह अंग्रेजी हुकूमत का विरोध करते थे। जिसके कारण अंग्रेजी हुकूमत द्वारा बाबू बन्धू सिंह को फांसी की सजा सुनाई गई। सजा के बाद बाबू बन्धू सिंह फांसी पर चढाये गये। किन्तु फांसी देते समय छः बार फांसी का फंदा टूट गया।अंत में उन्होंने देवी का स्मरण किया, और कहा कि हे मां, मुझे अब छोड़ दें।कष्ट सहा नहीं जाता है। सातवीं बार में बाबू बन्धू सिंह को फंदे पर लटका कर फांसी दी गई।ज्यों ही उनकी फांसी हुई, पिंड के बगल में स्थित तरकुल का पेड़ टूट कर गिर गया।और खून टपकने लगा। इसी को लेकर लोगों में आस्था जगी और वह पिंड तरकुलहा देवी के नाम से प्रसिद्ध हुआ। आज पिंड पर खूबसूरत मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर के बगल में आज भी ठूंठा के रुप में तरकुल कायम है।बाबू बन्धू सिंह अंग्रेजों को पकड़ कर उसी पिंड पर बलि चढ़ाते थे।आज भी इस स्थान पर बलि की परम्परा कायम है।जो लोग श्रद्धा पूर्वक मन्नतें मां के दरबार में मांगते हैं।वह निश्चय ही पूर्ण होता है। मन्नतें पूरा होने के बाद श्रद्धालु बकरे की बलि चढ़ाते हैं।और प्रसाद स्वरूप ग्रहण करते हैं। वासंतिक तथा शारदीय नवरात्र में यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ होती है। वर्तमान समय में पिकनिक मनाने वालों की भारी भरकम भीड़ हमेशा लगी रहती है।

## सड़क पर उतरे ग्रामीण प्रदर्शन कर नाली निर्माण की मांग

**पिपरौली, गोरखपुर।** क्षेत्र के बांसपार- माही गांव के ग्रामीण नाली निर्माण की मांग को लेकर सड़क पर उतरे और प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का नेतृत्व कर रहे परशुराम गिरी ने बताया कि बांसपार-माही गांव में पक्की नाली का निर्माण नाम मात्र है।जगह- जगह नाबदान व शीवर का पानी सड़कों पर गिरकर फैलता रहता है, जिससे आने-जाने वाले लोगों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आगे उन्होंने कहा कि नाली न होने से मुहल्ले वालों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, बरसात के समय तो और हालत खराब हो जाती है।जगह -जगह जलजमाव हो जाता है जिससे संक्रामक बिमारियों का भी खतरा बढ जाता है।कई बार जिम्मेदार लोगों को पक्की नाली निर्माण के लिए कहा गया, पर कोई नतीजा नहीं निकला।

# आम आदमी पार्टी ने कलेक्ट्रेट पर किया धरना प्रदर्शन

**गोरखपुर।** आप के जिलाध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में आप कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट मुख्यालय पर पहुंच भाजपा सरकार पर हल्ला बोल प्रदर्शन किया। और कहा कि योगी सरकार के कुशासन के आठ साल पूरे हो गए हैं। लेकिन यूपी की योगी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। आप कार्यकर्ताओं ने डीएम की अनुपस्थिति में एडीएम प्रशासन पुरुषोत्तम दस गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन के दौरान आप जिलाध्यक्ष विजय कुमार श्रीवास्तव, जिला प्रभारी प्रवीण कुमार यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के कुशासन के 8 साल पूरे हो गए हैं। आंकड़ों की बाजीगरी करके योगी सरकार सच को छुपाने की कोशिश कर रही है। लेकिन पिछले 8 सालों में उत्तर प्रदेश के अंदर सांप्रदायिक सौहार्द खराब हुआ है। रोजगार के लिए युवाओं का पलायन हुआ है और व्यापारी इंस्पेक्टर राज से परेशान है। यूपी की योगी सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है। तो वही योगी सरकार द्वारा शराब पर दिए गए बम्पर ऑफर को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाए। शराब के प्रचार-प्रसार पर सख्त रोक लगाई जाए। एवं शराब के बढ़ते अवैध कारोबार का खात्मा किया जाए। इस अवसर पर हरेंद्र यादव, अमिताभ जायसवाल राघवेन्द्र प्रताप यादव, विरेन्द्र नाथ दुबे, अरुण श्रीवास्तव, रीतू सागर, धन्नंजय, मो. कलीम, फजील अहमद, संतोष कुमार, तारीक अनवर, दिलीप कुमार, शिवम शर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मंडलायुक्त ने उद्योग बंधु संग की बैठक

**गोरखपुर।** मण्डलायुक्त अनिल ढींगरा ने आयुक्त सभागार में आयोजित मण्डलीय उद्योग बन्धु की बैठक में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान में जनपद गोरखपुर एवं देवरियां में अपेक्षित प्रगति न होने पर जनपद गोरखपुर एवं देवरियां के उपायुक्त उद्योग को कारण बताओं नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। बैठक में गीडा द्वारा निर्मित होने वाले कॉमन इंफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लान्ट (सीईटीपी) के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कॉमन इंफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लान्ट के निर्माण के लिये डीपीआर बनाया जा रहा है। बैठक में व्यापारियों ने गीडा क्षेत्र के उद्यमियो को उद्योग स्थापना हेतु प्रचलित समयावधि को 2 वर्ष के स्थान पर 3 वर्ष करने के मांग पर सीईओ गीडा ने बताया कि शासन स्तर पर इस सम्बन्ध में एक नीति बनायी जा रही है, जो जल्द ही प्रभावी होगी।

# कुलपति ने पीडियाट्रिक ब्लॉक का निरीक्षण किया



**सैफई, इटावा।** उत्तर प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई के अर्न्तगत निमार्णाधीन 300 बेड्ेड ऑब्स एण्ड गायनी व 100 बेड्ेड पीडियाट्रिक ब्लॉक के निर्माण में हो रही प्रगति का निरीक्षण विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. पीके जैन ने किया। निरीक्षण के बाद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डा. पीके जैन ने बताया कि विश्वविद्यायल के अर्न्तगत निमार्णाधीन 300 बेड्ेड ऑब्स एंड गायनी व 100 बेड्ेड पीडियाट्रिक ब्लॉक परियोजना को जल्द पूरा करने का लक्ष्य है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने बचे हुए शेष निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए वित्त वर्ष 2024-25 में छप्पन करोड़ सात लाख तैंतीस हजार रुपए की वित्तीय स्वीकृति दी है। इस ब्लाक के पूरा होने से मातृ एवं शिशु इलाज एवं देखभाल सम्बन्धित सेवायें एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी तथा इससे आस-पास के लगभग 10 जनपदों के लोगों को फायदा होगा। चिकित्सा अधीक्षक प्रो. डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि विवि परिसर में 500 बेड्ेड सुपर स्पेशियलिटी चिकित्सालय के निकट निमार्णाधीन 300 बेड्ेड ऑब्स एण्ड गायनी व 100 बेड्ेड पीडियाट्रिक ब्लॉक के शुरू हो जाने से स्त्री रोग विभाग तथा शिशु रोग विभाग की सेवायें एक ही ब्लाक में उपलब्ध हो जायेंगी। पीडियाट्रिक ब्लॉक की खास बात यह होगी कि इसमें अत्याधुनिक पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग भी होगा जिसमें बच्चों से संबंधित समस्त जटिल ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध होगी। जिससे आस-पास तथा निकटवर्ती जनपद के मरीजों को बेहद सहूलियत होगी। इस दौरान विश्वविद्यायल के चिकित्सा अधीक्षक डा. एसपी सिंह, विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक डा. आईके शर्मा, विभागाध्यक्ष आब्स एंड गायनी डा. कल्पना कुमारी, विभागाध्यक्ष पीडियाट्रिक सर्जरी डा. रफे अब्दुल रहमान, परियोजना प्रबन्धक, यूपीआरएनएन एके सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डा. दिनेश कुमार, डा. प्रगति द्विवेदी, मुख्य नर्सिंग अधीक्षिका लवली जेम्स तथा अधिशासी अभियन्ता कृष्ण पाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

## आदिसागर अंकलीकर कॉलेज में परीक्षाफल घोषित

**इटावा।** आचार्य आदिसागर अंकलीकर इंटर कॉलेज में वार्षिक परीक्षाफल घोषित किया गया। विद्यालय के प्रबंधक विशुन कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलन के साथ किया तथा सभी मेधावी छात्र और छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा प्रगति का मानदंड है और उन्नति की मंजिल पर चढ़ने की सीढ़ी है। परीक्षाएं हमें सिखाती है कि हमारे प्रयास कितने सफल रहे और अभी कितनी लगन और मेहनत की आवश्यकता है छात्र और छात्राओं को समय के महत्व को समझाते हुए कहा हमें हमेशा समय का सदुपयोग करना चाहिए, समयनिष्ठ व्यक्ति बनना चाहिए और अपने हर काम को समय के अनुसार ही करना चाहिए। समय को बर्बाद करना जीवन को बर्बाद करने जैसा होता है। विद्यालय की प्रधानाचार्या सोहिनी यादव ने बच्चों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विभा यादव अचला वर्मा, राजकिशोर वर्मा, शिखा अग्रवाल, कंचन वर्मा, चेतन सिंह, अशोक नारायण, सुमित यादव, सुमित सिंह, शीला शर्मा, श्रोति यादव, अनुष्का सक्सेना, शुभ्रा, दिव्या यादव, प्रीति राही आदि उपस्थित रहे।

## स्वर्णिम युग की स्थापना के लिए अपनायें श्रेष्ठ संस्कार

**जसवन्तनगर, इटावा।** स्वर्णिम युग की स्थापना के लिए श्रेष्ठ संस्कारों को अपनाये तथा आसुरी शक्तियों का अंतिम संस्कार करें। उक्त उद्गार योग शक्ति वी. के. गीता दीदी ने क्षेत्र के ग्राम श्यामनगर जसोहन में ग्रामवासी व क्षेत्रवासियो की प्रयास से तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू के सहयोग आयोजित हो रही श्रीमद् भागवत कथा व गीता प्रवचन के दौरान बड़ी संख्या में उपस्थित भक्तजनों के समक्ष कहीं।यह धार्मिक आयोजन 26 मार्च को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ था और एक अप्रैल को समाप्त होगा। जिसमें सरसकथा वाचक शिवानी यादव व गीता प्रवचनकर्ता योगशक्ति बी-के गीता दीदी बड़ी तादाद में इस धार्मिक आयोजन में शामिल हो रहे भक्तजनों को धार्मिक रसपान कर रही है।कार्यक्रम में आगंतुकों के स्वागतवत में वी. के. अशोक, रविन्द्र, अनीता, शकुन्तला, रामवेटी तथा सभी ब्रह्मवत्स रहे।

# रोडवेज बस और डंपर की भिड़ंत में 35 घायल

**जसवन्तनगर, इटावा।** थाना क्षेत्र के बॉर्डर पर स्थित जोनई चैकी और मैनपुरी जिले की करहल थाना क्षेत्र की मीठेपुर चैकी के बॉर्डर के निकट इटावा आगरा हाईवे पर बालू से भरे डंपर ने रोडवेज बस में पीछे से टक्कर मार दी। डंपर की टक्कर से बस में सवार 35 यात्री चोटिल हो गए। तेज धमाका हुआ तो आसपास के लोग दौड़ पड़े। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर और ट्रक को सड़क से हटाया और आवागमन सुचारू कराया।

घटना शनिवार सुबह 8.30 बजे की है। आगरा इटावा हाईवे पर जोनई पुलिस चैकी से 300 मीटर दूरी पर औरैया डिपो की बस सड़क पर खड़े यात्रियों को बैठा रही थी। तभी पीछे से आए बालू से भरे डंपर ने बस में टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही चीख पुकार शुरू हो गई। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। खबर पाकर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस बुलाई और घायलों को सैफई अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने बताया बालू लदे डंपर में चालक 32 वर्षीय तोमर राजपूत व परिचालक शिवलाल पुत्र मुन्ना लाल उम्र 37 वर्ष उपरोक्त निवासी मोहब्बतपुर बसरेहर इटावा सवार थे। बस धर्मेंद्र सेंगर पुत्र जगदीश उम्र करीब 50 वर्ष दिबियापुर औरैया चल रहा था। दुर्घटना में डंपर परिचालक शिवलाल और बस चालक धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। अन्य बस में सवार 35 यात्रियों को हल्की-फुल्की चोटें आई है। जिन्हें इलाज अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर दो घायलों को सैफई पीजीआई के लिए भेजा गया। अजीतमल से बैठी मंजेश ने बताया कि वह परिवार सहित आगरा जा रही थी। अचानक टक्कर लगी और सभी सामने की सीट से टकरा गए और घायल हो गए। जसवंतनगर से बेटी नजमा ने बताया कि वह फिरोजाबाद जा रही थी। हादसे में वह तथा उनकी बहन घायल हो गए है। करहल थाना प्रभारी महाराज सिंह भाटी ने बताया कि घटना की तहरीर नहीं आई है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# वालीबॉल प्रतियोगिता: महाराणा प्रताप हास्टल यूपी पुलिस को हराकर फाइनल में पहुंचा



**मझगांवा, गोरखपुर।** बाबा शक्ति सिंह वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तिसरे दिन शनिवार को पुरुष वर्ग के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में महाराणा प्रताप हॉस्टल ने उत्तर प्रदेश पुलिस को 25-22, 21-25,20-25,25-21,15-8 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया है। जूनियर हाईस्कूल के मैदान पर 65वीं बाबा शक्ति सिंह स्मृति राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ये प्रतियोगिता गगहा क्षेत्र के लिए एतिहासिक खेल है। पुरुष वर्ग के दूसरे मैच में नार्थ ईस्टर्न रेलवे गोरखपुर ने शानदार खेल दिखाते हुए वेस्टर्न सेंट्रल रेलवे जबलपुर रेलवे को 26-24, 25-21, 30-28, 25-13 से हराया।

महिला वर्ग के नाक आऊट मैच में साउथ सेंट्रल रेलवे हैदराबाद ने नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे गोरखपुर की टीम को 3-1 के अंतर से हराया। हैदराबाद की टीम ने नॉर्थ ईस्टर्न रेलवे गोरखपुर को 25-20, 25-11, 23-17, 25-20 से हराया। मुख्य अतिथि ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान और विशिष्ट अतिथि शिवाजी चंद ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कमलेश पासवान ने कहा की भाजपा सरकार खेल के प्रति बहुत सारी योजनाएं चल रही है जिससे ग्रामीण क्षेत्र की युवा पीढ़ी को लाभान्वित होकर देश के गौरव को बढ़ा सकती है। प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष गिरजाशंकर सिंह ऊर्फ तारा सिंह व आयोजन सचिव सुधीर सिंह ने दर्शकों व खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया। उद्घोषक धर्मेंद्र सिंह, बिट्टन सिंह व संचालन भगवान सिंह ने किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप सिंह (बबलू), अश्विनी उर्फ लालू सिंह, सिंकू सिंह, अभिनय सिंह टिंकू, डॉ विवेक सिंह, प्रिंस सिंह, अभिमन्यु सिंह, दिनकर चंद, बेचन गौड़ अजीत वर्मा, अजीत सिंह, संजीव सिंह गुड्डू, पंकज सिंह, अतुल सिंह, अनिल सिंह, श्री प्रकाश सिंह, हरिशंकर सिंह, बलराम सिंह, परितोष सिंह सहित हजारों दर्शकों ने खेल का लुफ्त उठाया। दर्शकों ने खूब सराहा।

# राम राज्याभिषेक प्रसंग सुन भावविभोर हुए श्रद्धालु




- महा प्रसाद भंडारे के साथ श्री श्री लक्ष्मी महायज्ञ सपन्न

**गोला, गोरखपुर।** गोला क्षेत्र के पोखरी गांव में चल रहे श्री श्री लक्ष्मी महायज्ञ में आज विश्राम दिवस में कथा वाचक पंडित हरिनारायण आचार्य ने रावण वध और राम के राज्य अभिषेक का प्रसंग सुनाया। कथा विश्राम में उन्होंने राम का राज्य अभिषेक के साथ राम की महिमा को गाया। जिसे सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक ने श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराते हुए कहा कि संसार में बुराई चाहे कितनी भी बड़ी क्यों ना हो जाए वह अच्छाई के सामने कभी टिक नहीं सकती। अच्छाई और सच्चाई की सदा ही विजय होती है। पापियों के पाप का घड़ा आखिर भरता ही है। उसके पाप ही उस व्यक्ति के अंत का कारण बन जाते है। भगवान पापियों का विनाश करते ही है। इसलिए व्यक्ति को सदा ही सन्मार्ग पर ही चलना चाहिए। यज्ञ के मुख्य आचार्य पंडित जितेंद्र दुबे के नेतृत्व मे आचार्य ब्रह्मानंद दुबे, आचार्य ललित भूषण मिश्र व यज्ञ ब्रह्म पंडित मिथिलेश शुक्ला की देखरेख में मुख्य यजमान जितेंद्र दूबे समेत अन्य यजमान गण ने विधि-विधान से यज्ञ कर लोकमंगल की कामना की। तो वही श्रद्धालुओं की भीड़ ने यज्ञशाला की परिक्रमा कर पुण्य लाभ कमाया। इसी के साथ महाप्रसाद भंडारे के साथ महा यज्ञ सम्पन्न हुआ। जिसमें दयाशंकर चंद, विंध्यांचल चंद, मनोज चंद, विनय चंद, सुरेश चंद, पिंटू चंद, अंकुर चंद, गोलू चंद, चंदन चंद, अंशु चंद, छोटू चंद, धन, अक्षय, सुरज, मुकुंद चंद, नितिन, सक्षम, नित्यांश, अतुल, अर्जुन गुप्ता, बलवंत, गौतम और धीरज, निशाल, विवेक तथा समस्त क्षेत्रवासी शामिल रहे।

# एसएसपी ने राज्यपाल का स्वागत किया

**ऊसराहार, इटावा।** उतर प्रदेश की राज्यपाल लखनऊ से झांसी जाते समय ताखा पहुची बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर एसएसपी ने उनका स्वागत किया राज्यपाल कुछ देर ताखा मे रूकने के बाद झांसी के लिए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर कार से चली गई।

शनिवार की सुबह लगभग आठ बजे प्रदेश के गवर्नर आनंदीबेन पटेल लखनऊ से कार द्वारा ताखा पहुची वह लखनऊ से आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे के रास्ते ताखा के कुदरैल पहुची कुदरैल से चित्रकूट के लिए जाने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के टोल प्लाजा किमी 288 परूसरामपुर पर उनका काफिला रूका कार से उतरते ही एसएसपी संजय कुमार वर्मा एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव एएसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान उपजिलाधिकारी ताखा श्वेता मिश्रा ट्रेनी सीओ आयुशी तहसीलदार ताखा मोहम्मद असलम ने उनका ताखा की धरती पर स्वागत किया सभी ने राज्यपाल को बुके भेट किए इस दौरान राज्यपाल ने अधिकारियों से कुशल क्षेम पूंछी और जानकारी भी ली वह टोल प्लाजा पर लगभग बीस मिनट तक रूकी हल्का नास्ता लेने के बाद वह झांसी विवि के लिए रवाना हो गई उनका काफिला लखनऊ से झांसी के लिए बाया कार से निकला था लखनऊ से दो सौ किलोमीटर चलने के बाद काफिला ताखा मे चित्रकूट के लिए जाने वाले बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर झांसी के लिए रवाना हुआ बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर आठ किलोमीटर चलने के बाद पढने वाले पहले टोल प्लाजा किलोमीटर 288 पर उनका काफिला रूका था जंहा पहले से ही जिले के अधिकारी मौजूद थे लगभग वीस मिनट के विश्राम के बाद उनका काफिला झांसी के लिए रवाना हो गया तहशीलदार ताखा मोहम्मद असलम ने बताया महामहिम लखनऊ से झांसी जा रही थी ताखा के परूसरामपुर टोल प्लाजा पर कुछ देर रुकने के बाद वह झांसी के लिए रवाना हो गयीं।

## 250 टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों ने गोद लिया



**इटावा।** टीबी मुक्त हुई 85 ग्राम पंचायतों के प्रधानों एवं 250 टीबी मरीजों को निक्षय मित्रों द्वारा गोद लेकर किया गया सम्मानित। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि 85 ग्राम पंचायतें वर्ष 2024 में टीबी मुक्त हुई है। पोलियो की भांति टीबी को भी बृहद स्तर पर जन जागरूकता और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर व अभियान चलाकर भारत को टीबी मुक्त बनाया जा सकता है और यह तभी संभव होगा जब समाज के प्रत्येक वर्ग इस अभियान में जुड़कर अपना सहयोग प्रदान करेंगे। खासकर ग्राम पंचायतों के निर्वाचित जन प्रतिनिधि ग्राम प्रधान गण, शिक्षकगण, चिकित्सकगण के साथ साथ अधिकारीगण भी इसमें बढ़ चढ़ कर अपनी भूमिका का निर्वाह करें। ग्राम प्रधान अपने क्षेत्र के जिस भी व्यक्ति में टीबी के लक्षण दिखे उनकी जाँच एवं उपचार अपने नजदीकी सरकारी अस्पतालों में कराने के लिए आगे आकर प्रयास करें ताकि आप का ग्राम पंचायत टीबी मुक्त रहे। उन्होंने ने कहा कि एक समय था जब टीबी एक गंभीर बीमारी हुआ करती थी लेकिन आज इसका इलाज संभव है। जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ श्रीनिवास यादव ने कहा कि टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सब के सहयोग से इस अभियान को सफल बना सकते है। इस बीमारी को लेकर ग्रामीण इलाकों में काफी भ्रांतियां है। जिन्हें हम जनजागरूकता के माध्यम से दूर करना है। निक्षय मित्रों से उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति टीबी के मरीजों को गोद ले रहे हैं उनकी दवाओं के साथ-साथ पौष्टिक आहार का भी ख्याल रखें यह ध्यान रहे की टीबी के मरीज दवा का पूरा कोर्स ले बीच में दवा छोड़े नहीं। ऐसा करने से बिगड़ी टीबी होने की सम्भावना बढ़ जाती है। जिला कार्यक्रम समन्वयक कंचन तिवारी ने टीबी मुक्त अभियान की रूपरेखा को विस्तारपूर्वक बताया। संचालन जिला पीपीएम समन्वयक निर्मल सिंह ने किया।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आकर बाइक सवार की मौत

**सरहरी, गोरखपुर।** चिलुआताल थाना क्षेत्र के रामपुर पक्के पुल के पास अज्ञात बाहन की चपेट में आकर पच्चास वर्षिय अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी सूचना पर पहुंची चिलुआताल पुलिस शव कब्जे में लेकर पी यम के लिए भेज दिया स्थानिय थाना क्षेत्र के मजनू चौकी अन्तर्गत ग्राम सभा फुलवरिया निवासी चन्द्र प्रकाश दूबे पुत्र स्व० विद्यव विन्ध्यवासिनी दिवेदी ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि हमारे चचेजात भाई परिवार सहित गोरखपुर में मकान बनवा कर रहते हैं 29 / 3 / 25 शनिवार को शाम लगभग चार बजे हमारे चचेरे भाई पुरुषोत्तम द्विवेदी (52) पुत्र स्व० चन्द्र भान द्विवेदी अपनी बाइक से पत्नी पुष्पा देबी के साथ गेहू की फसल कटवाने गोरखपुर से अपने घर फुलवरिया जा रहे थे अभी रामपुर पक्के पुल के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात बाहन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल होकर गिर गये जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गयी पत्नी पुष्पा को भी चोटे आई हैं जिन्हे इलाज के लिये गोरखनाथ स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है मृतक तीन भाइयो में सबसे बड़े थे तीन भाइयो का संयुक्त परिवार एक साथ रहता है पुरुषोत्तम सहजनवा में आइसर टैक्टर की एजेन्सी खोले हुये थे मृतक अपने पीछे एक बेटा छोटू एवं एक बेटी सोनल छोड़ गये है अभी किसी बच्चे की शादी नही हुई है

# 30 रुपये की चोरी के आरोप में निर्वस्त्र कर ली छात्रा की तलाशी

**अमेठी।** बहादुरपुर ब्लॉक क्षेत्र में संचालित एक परिषदीय स्कूल में गायब पैसे की तलाश करने के दौरान छात्रा के कपड़े उतारने और जातिसूचक गाली देकर अपमानित करने का मामला उजागर हुआ है। मामला दो दिन पुराना बताया जा रहा है। छात्रा की मां ने शनिवार को मामले की शिकायत की तो हड़कंप मच गया। जिम्मेदार कार्रवाई करने के बजाए लीपापोती कर मामले को दबाने की कोशिश में जुटे हैं। छात्रा की मां का कहना है कि उसकी बेटी क्षेत्र में संचालित एक परिषदीय स्कूल में कक्षा सात में पढ़ती है। 27 मार्च को वार्षिक परीक्षा के दौरान किसी छात्रा के 30 रुपये गायब होने पर शिक्षिका ने बेटी को प्रताड़ित किया। आरोप है कि शिक्षिका ने पहले बेटी के कपड़े उतरवा कर तलाशी ली, बाद में पैसे नहीं मिले तो जातिसूचक गाली देकर धमकी देते हुए अपमानित किया। शिक्षिका की प्रताड़ना व धमकी के बाद बेटी डरी-सहमी है। दो दिन बाद किसी तरह बेटी को समझाया-बुझाया तो उसने पूरे मामले की जानकारी दी। शिक्षा के मंदिर में बेटी का अपमान होने के बाद शनिवार को पीड़ित छात्रा की मां ने मामले की शिकायत पुलिस व शिक्षा विभाग से की है। आरोपी शिक्षिका ने बताया कि उन पर लगाए गए सभी आरोप गलत है। 27 मार्च को एक छात्रा के 30 रुपये खो गए थे। शिकायत के बाद उसी छात्रा ने तलाशी ली थी। कपड़े उतरवाने व गाली-गलौज करने का आरोप गलत है। बदनाम करने की नीयत से उन पर आरोप लगाया जा रहा है। इंस्पेक्टर श्रीराम पांडेय ने बताया कि मामले की शिकायत शनिवार सुबह मिली थी। मामले की जांच करवाई गई। जांच में शिक्षिका पर लगे आरोप गलत मिले हैं। सिर्फ सह छात्रा की ओर से पैसा गायब होने पर तलाशी करने का मामला सामने आया है। जाति सूचक गाली देने व अन्य आरोप बच्चों के बयान में गलत मिला है।

# हाईस्कूल वर्ग की छात्रा अनिका ने किया टॉप

- अंजुमन हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित




**इटावा।** अंजुमन हिदायतुल इस्लाम हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। शनिवार को विद्यालय के नवीन सत्र के प्रारंभ होने से पहले विद्यालय में शिक्षक-अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा नौ तक के छात्र-छात्राओं द्वारा वार्षिक परीक्षाफल में बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया गया। इसी क्रम में कक्षा नर्सरी के अयान ने प्रथम, अली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक की छात्रा उन्जिला ने प्रथम, हसनैन ने द्वितीय, इफजा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दो की छात्रा मरियम ने प्रथम, महक ने द्वितीय तथा हसनैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा तीन की छात्र मोहम्मद साबिक ने प्रथम, असमा ने द्वितीय तथा आरजू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा चार की छात्र मोह मशारिब ने प्रथम, जोया ने द्वितीय तथा समीर खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा पाँच के छात्रा अक्सा ने प्रथम, आलिया ने द्वितीय तथा खुशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छः की छात्रा सुहानी ने प्रथम, शिफा ने द्वितीय तथा मोहम्मद हसनैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा सात के छात्रा शाहाना ने प्रथम, सानिया ने द्वितीय तथा नाजिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठ की छात्र मोहम्मद अयाज ने प्रथम, मोहम्मद रेहान ने द्वितीय तथा मेहनाज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9 की छात्रा अनिका ने प्रथम, मेसर ने द्वितीय, कनीज फातिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य शाहनवाज अतहर ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभाकर राजपूत प्रधानाचार्य जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कर्वा बुजुर्ग, को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। उन्होंने अपने संबोधन में छात्र तथा छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा शुभकामनाएं दी। अंत में प्रधानाचार्य ने आए हुए अतिथियों व अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। संचालन आमिर खान ने किया। कार्यक्रम में फरहत अली, फरहीन नाज, जेबा, फरहीन, इफ्फत परवीन, गुलफशा, हाफिज इकबाल अजहरी, गुलजार अहमद, शबनम, शाकिरा तथा मोहम्मद इमरान उपस्थित रहे।

संक्षेप

## धोखाधड़ी कर मकान पर कब्जे का आरोप

**अयोध्या।** नगर कोतवाली क्षेत्र के आचार्य नगर नाका ग्राम जनौरा निवासी नितिन अग्रवाल ने अपने चचेरे भाई के खिलाफ धोखाधड़ी और कूटरचना कर अपने हिस्से का मकान हड़पने तथा उसमें रखा सामान गायब कर देने का आरोप लगाया है। कोतवाली में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। ?पीड़ित नितिन अग्रवाल का कहना है कि उनके पिता स्व. कृष्ण कुमार अग्रवाल ने एक जमीन का वर्ष 1976 में बैनामा लिया था और इसके एक हिस्से में रिहाइशी मकान बनवाया था। कारोबार के सिलसिले में उनके पिता और परिवार बिजनौर में रहता था और मकान तथा संपत्ति के देखरेख का जिम्मा पिता के सगे भाई राम कुमार अग्रवाल उर्फ. रामबाबू के जिम्मे था। उनका कहना है कि 19 जुलाई 2010 को राम कुमार अग्रवाल उर्फ.रामबाबू के निधन की खबर पर परिवार के साथ वह यहां पहुंचे तो पता चला कि मकान पर कब्जा हो गया है और उसमें रखा सामान गायब है। अवैध कब्जा के चलते वह अपने भाई अम्बुज कुमार अग्रवाल तथा माता सुधा अग्रवाल के साथ किराये के भवन में रहकर छानबीन शुरू की तो पता चला कि अपने पिता रामबाबू की जगह उनके पिता कृष्ण कुमार की मौत दिखा मसौधा ब्लाक से कागज बनवा वरासत के आधार पर चचेरे भाई प्रभात कुमार अग्रवाल ने अपना नाम चढ़वा लिया है।

# रामनवमी पर नगर निगम करेगा श्रद्धालुओं के लिए विशेष इंतजाम

- भीषण गर्मी से श्रद्धालुओं को बचाने के लिए रामपथ पर बिछेगी मैट, धर्मपथ पर होंगे छायादार अस्थाई शिविर
- पानी के लिए 243 स्थानों पर हुई व्यवस्था, सफाई में मशीनरी के साथ श्रमिक अयोध्या के चप्पे-चप्पे की स्वच्छता को करेंगे सुनिशि चत

**अयोध्या।** अयोध्या में इस बार रामनवमी के पर्व को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए नगर निगम ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। श्रृंगारहाट से रामपथ के गेट नंबर तीन तक मैटिंग बिछाई जाएगी और उस पर पानी का छिड़काव किया जाएगा। वहीं, धर्मपथ पर छायादार अस्थायी शिविर बनाए जाएंगे, ताकि भक्तों को धूप से राहत मिल सके।

पानी की व्यवस्था के लिए 243 स्थानों पर पेयजल की सुविधा सुनिश्चित की गई है। मेला क्षेत्र में साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मशीनों के साथ-साथ श्रमिकों की टीम सफाई कार्य में जुटी है। इसके अलावा, 34 मोबाइल टॉयलेट्स सहित अस्थायी शौचालयों की व्यवस्था की गई है। मेला क्षेत्र को अतिक्रमण से मुक्त रखने के लिए प्रवर्तन दल सक्रिय रहेगा। इन सभी तैयारियों की निगरानी खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर रहे हैं, वहीं आगामी दिनों में मुख्यमंत्री ने अयोध्या में समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों के निर्देशित किया था कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े।अयोध्या में रामनवमी का उत्सव इस बार नए राम मंदिर के उद्घाटन के बाद और भी खास होने जा रहा है। लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए प्रशासन कोई कसर नहीं छोड़ना चाहता।ऐसे में, अयोध्या नगर निगम ने रामनवमी के आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए तैयारियों को पुख्ता करने में जुट गया है। गर्मी से बचाव, स्वच्छता और व्यवस्था के ये कदम श्रद्धालुओं के लिए एक सुखद अनुभव का मार्ग प्रशस्त करेंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या न केवल धार्मिक, बल्कि व्यवस्थित और सुरक्षित तीर्थस्थल के




रूप में अपनी पहचान मजबूत कर रहा है। नगर आयुक्त संतोष शर्मा ने बताया कि नगर निगम अपनी तैयारियों के साथ मेले में उतर रहा है। हमारी कोशिश है कि किसी भी श्रद्धालु को तकलीफ न पहुंचे।

रामनवमी मेले के दृष्टिगत आवंटित रुट पर तीन चरण में सफाई होगी। धर्मपथ, रामपथ, भक्ति, आरती घाट, चैधरी चरण सिंह घाट व दर्शन पथ समेत अन्य प्रमुख मार्गों पर प्रथम चरण में 1204, द्वितीय चरण में 398 व तृतीय चरण में 136 सफाई कर्मी उतारे जाएंगे। इनका सुपरविजन करने के लिए 73 पर्यवेक्षक लगाए गए हैं। कूड़ा एकत्रित करने के लिए 395 डस्टबिन की व्यवस्था भी की गई है।सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में साफ-सफाई के साथ शौचालय के भी पुख्ता बंदोबस्त किए जा रहे हैं। कुल 991 टॉयलेट्स सीट्स मेला क्षेत्र में लगी हुई हैं जिनकी साफ-सफाई सुनिश्चित करने के लिए कर्मचारी लगाए गए हैं। सभी टॉयलेट्स के पास हैंडवाश इत्यादि के इंतजाम सुनिश्चित कराए जा रहे हैं। वहीं प्रवर्तन दल द्वारा पुलिस बल के साथ मिलकर संपूर्ण मेला क्षेत्र में भ्रमण करते हुए अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त, सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में पॉलीथीन के विरुद्ध कार्यवाही एवं जागरूकता अभियान भी चलाया जायेगा। सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में निराश्रित गोवंशों को प्रतिबंधित किए जाने हेतु तीन टीम गठित की गयी है, जो समयानुसार अपने कार्यों का निर्वहन करेंगे।

## उचक्कों ने पार की छात्रा की चेन, मोबाइल व पर्स

**अयोध्या।** नगर कोतवाली क्षेत्र में उचक्कों ने एक छात्रा का चेन, मोबाइल और पर्स पार कर दिया। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है। पुलिस ने सुराग हासिल करने के लिए सीसीटीवी फुटेज को खंगालना शुरू कर दिया है। मूल रूप से जिले के तारुन थाना क्षेत्र स्थित भदार गांव निवासी सरिता पत्नी जितेन्द्र यादव का कहना है कि वह शहर क्षेत्र में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करती है और अवध विश्विद्यालय के सामने उसरु कालोनी में किराए का कमरा लेकर रहती है। रोज की तरह नाका क्षेत्र स्थित एक कोचिंग संस्थान से क्लास लेने के बाद दोपहर बाद पैदल की अपने किराए के आवास पर जा रही थी। इसी दौरान नाका मॉडल शॉप के पास एक अधेड़ ने खुद को वृंदावन निवासी बतायाकर एक स्थान का पता पूंछा। वह जानकारी न होने को बात कहकर जाने लगी तो उसने पीछा किया और इसी दौरान एक और अधेड़ व्यक्ति आ गया, जिसने भी वहीं पता पूछा। उसने भी यही पता पूछा। पहले वाला अधेड़ उसका भविष्य बताने लगा और उसका बैग मुझे पकड़वाकर मुट्ठी बंधवाई। फिर ऐसा ही मेरे साथ किया तथा गले की सोने की चेन को बैग में रखवा किताब, एटीम व आधार कार्ड, मोबाइल, पर्स समेत दुसरे शख्स को पकड़वा मुट्ठी बंद कर मन्नत मांगने और फिर पीछे घूमने को कहा, घुमते ही दोनों बैग लेकर नाका बाइपास की तरफ निकल गए।

## कामन सर्विस सेन्टर पर बनेगा लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस, निर्धारित हुई फीस

**बाराबंकी।** परिवहन विभाग जनता हेतु सभी आनलाइन सेवाओं को पारदर्शी व सुगमता के साथ उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश के लगभग डेढ लाख कामन सर्विस सेन्टर (सीएससी) पर लर्निंग ड्राइविंग लाइसेन्स सिर्फ 30 रुपये सर्विस चार्ज देकर बनेगा। जिससे ग्रामीण इलाके के निवासियो को अब एआरटीओ कार्यालयो के चक्कर नही लगाने पड़ेगे। पोर्टल के माध्यम से परिवहन विभाग की आनलाइन सेवाये मिलेगी। इस सम्बन्ध मे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने जानकारी देते हुये बताया कि शासन द्वारा परिवहन विभाग की आनलाइन सेवाओ को पारदर्शी व सुगमता बनाने हेतु कामन सर्विस सेन्टर (सीएससी) पर महज 30 रुपये सर्विस चार्ज देने पर लर्निंग ड्राइविंग लाइसेन्स बनवाने की सुविधा मिलेगी। जिसको लेकर डिजिटल सेवा पोर्टल का एपीआई (एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस) का एकीकरण कर व एसबीआई-एमओपीएस (पेमेंट गेटवे) को सीएससी वालेट के साथ जोड़ा गया है। जिससे कामन सर्विस सेंटरों पर महज 30 रुपये सर्विस चार्ज (सभी कर सहित) तथा अन्य सेवाओ डाक्यूमेंट स्कैनिंग/अपलोड़िग 2 रुपये, प्रति पेज प्रिटिंग 3 रुपये, प्रति पेज फोटोकापी 2 रुपये देने पर यह सुविधा मिलेगी। तथा केन्द्र द्वारा प्राप्त धनराशि की रसीद आवेदनकर्ता को दी जायेगी। इस नई व्यवस्था के चलते ग्रामीण इलाके के निवासियो को अब एआरटीओ कार्यालय आना नही पडेगा। एआरटीओ ने आगे बताया कि सेवा शुल्क को पूरी तरह से पारदर्शी रखा गया है। ताकि किसी को कोई असुविधा न हो।

## एआरटीओ व पीटीओ की टीमो ने 5 वाहन किये सीज, 55 चालान



**बाराबंकी।** बिना फिटनेस, बकाया टैक्स, डग्गामार वाहनो के खिलाफ परिवहन विभाग द्वारा लगातार अभियान जारी है। अभियान के दौरान अनाधिकृत डग्गामार, ओवरलोड़, बिना फिटनेस, टैक्स, प्रदूषण फेल वाहनो पर कार्यवाही करते हुये सीज किया गया। इस दौरान विभाग द्वारा की जा रही कार्यवाही से वाहन स्वामियो मे हड़कम्प मचा रहा। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला की टीम ने लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर बकाया टैक्स व ओवरलोड़ मिलने पर 2 वाहनो को मोहम्मदुपर चैकी मे बंद किया। तथा 25 अन्य अभियोगो मे चालान किये। तो वही यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने विभिन्न मार्गो पर 1 डग्गामार के परमिट, फिटनेस एंव 2 वाहनो पर बकाया टैक्स, परमिट, फिटनेस फेल मिलने पर थाना लोनीकटरा मे सीज किया। तथा 30 अन्य अभियोग मे चालान किये। अभियान की जानकारी लेने पर एआरटीओ प्रशासन अंकिता शुक्ला ने डग्गामार व बकाया टैक्स के विरुद्ध विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। जल्द ही जनपद मे ई-रिक्शा के अवैध संचालन पर रोक लगाने हेतु अभियान चलाया जायेगा। इस दौरान ई-रिक्शा के रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस, नम्बर प्लेट आदि कागजातों की जांच करते हुये विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## 30 व 31 मार्च को खुले रहेंगे कोषागार और सरकारी लेन - देन करने वाले बैंकः डीएम

**बहराइच।** जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देशन में समस्त आहरण वितरण अधिकारी जनपद बहराइच को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति की ओर है, जिसके कारण अन्तिम दिनों में अत्यधिक शासकीय लेन देन होना स्वाभाविक है, उक्त के दृष्टिगत शासन के निर्देश के कम में 30 मार्च 2025 (रविवारीय अवकाश) एवं 31 मार्च 2025 ईद-उल-फितर (सार्वजनिक अवकाश) को कोषागार एवं सरकारी लेन देन का कार्य करने वाली बैंक शाखाओं को खोले जाने के आदेश अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्गत किये गये हैं।उपरोक्त से अवगत होते हुए कोषागार पर बिल प्रस्तुति एवं बैंकों पर शासकीय जमा सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके बावजूद भी यदि किसी आहरण वितरण अधिकारी के बजट लैप्स होने की स्थिति उत्पन्न होती है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित आहरण वितरण अधिकारी का होगा।

### अग्निकांड की सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचे अधिकारी

**बहराइच।** ब्लॉक चित्तौरा के थाना रामगांव अंतर्गत रामपुर गोड़वा में 01 आवासीय टिन शेड, 02 आवासीय फूस के छप्पर व पशु बांधने के स्थान पर लगे फूस के छप्पर में अज्ञात कारण से हुई अग्निकांड की घटना के संबंध में उप जिलाधिकारी सदर ने अवगत कराया है कि घटना में किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। तत्परता से राहत व बचाव कार्य करते हुए आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है।

# अधिकारी जनसमस्याओं का करें निराकरणः वेद प्रकाश

**अयोध्या।** अधीक्षण अभियंता कार्यालय में जिले के जनप्रतिनधियों तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्दर यादव, डा. अमित सिंह चैहान, जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित, गोसाईगंज व मिल्कीपुर विधायक के प्रतिनिधि, शामिल हुए। बैठक में योगी सरकार के 8 वर्ष के कार्यकाल में विभागीय प्रगति से जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। जनसुविधाओं के विकास को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों से चर्चा की।

नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जर्जर व ढीले तारों, खराब पोल को प्राथमिकता के आधार पर ठीक किया जाय। जहां ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि करनी हो उसका सर्वे करा कर यथा शीघ्र इसकी



क्षमता वृद्धि करें। हेल्प डेस्क का व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा हेल्प डेस्क व अधिकारियों के समक्ष आने वाली जनसमस्याओं का त्वरित रूप से निस्तारण किया जाए।

विधायक रामचन्दर यादव ने रूदौली क्षेत्र में कामाख्या धाम में विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने का निर्देश दिया। विधायक डा. अमित सिंह चैहान ने स्मार्ट मीटर के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने के लिए के लिए कहा। अधीक्षण अभियन्ता राम कुमार गुप्ता ने बताया कि रामनवमी व नवरात्रि को देखते हुए अयोध्या में तैयारियां की गई है। जर्जर व ढीले तारों को ठीक करवा दिया गया है। 24 घंटे निर्बाध तथा सुरक्षित ढ़ग से विद्युत की सप्लाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में शहरी क्षेत्र में 24 घंटे, तहसील मुख्यालय पर 20 तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर ई. ओ ने की बैठक



**जैदुपुर, बाराबंकी।** नगर पंचायत जैदुपुर कार्यालय पर अधिशासी अधिकारी आलोक वर्मा की अध्यक्षता मे संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक मे आगामी 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होने वाले संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर ई0ओ श्री वर्मा ने कहा कि मच्छर जनित बीमारियों डेंगू, मलेरिया आदि के लिहाज से साफ सफाई, जल निकासी, एंटी लारवा छिड़काव आदि पर विशेष ध्यान देने के साथ साफ-सफाई रखने के बारे मे स्थानीय निवासियो को जागरुक करे। नगर पंचायत अध्यक्षा प्रतिनिधि मो0 दाऊद ने कहा कि नाली आदि की सफाई के साथ खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था, फॉगिंग आदि पर विशेष ध्यान दे। बैठक मे सभासद मो0 कासिम, मो0 ताहिर अंसारी, शाह आलम, मो0 अबसार, मो0 नसीम आदि मौजूद रहे।

## एनएसएस के कैडेट अनुशासित जीवन जीने व नेतृत्व क्षमता विकसित करने में सहायकः रामबाबू द्विवेदी

- भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री ने किया छात्रो को सम्मानित

**बाराबंकी।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर मे स्वयं सेवकों ने कार्यक्रम अधिकारी डॉ0ओम कुमार वर्मा एवं डा0 आलोक कुमार राय के नेतृत्व मे ग्राम रमवापुर व सुरवारी में साफ सफाई का श्रमदान किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रामबाबू द्विवेदी ने छात्र-छात्राओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि शिविर अनुशासित जीवन जीने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में मदद करते हैं।

शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य में संस्कारों का रोपण करना है। वर्तमान भौतिक युग में लोग संस्कारों को भूलते जा रहे हैं। लेकिन एनएसएस जैसी योजनाओं




से जुड़ने पर व्यक्ति में सेवा का भाव जागता है। मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश महामंत्री श्री द्विवेदी ने प्रदेश सरकार के उत्कृष्ट 8 साल बेमिसाल पर महिलाओं आरक्षण एवं उनके उत्थान के लिए किए गए कार्यों की जानकारी दी। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ0 अखिलेश कुमार वर्मा, ग्रीन गैंग पर्यावरण सेना के अध्यक्ष रजत बहादुर वर्मा, शिक्षक व कवि कुमार पुष्पेंद्र, जिला राष्ट्रीय सेवा योजना नोडल अधिकारी डॉ0 पंकज कुमार पटवा, अमित सिंह, अशोक कुमार शुक्ला, श्रवण शुक्ला, मोनू भास्कर, धर्मेंद्र वर्मा, शाश्वत शुक्ला, असिस्टेंट प्रोफेसर डा0 मनोज कुमार सिंह, दुर्गा प्रसाद यादव आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड और आईजीआरएस की समीक्षा बैठक

**बहराइच।** मुख्यमंत्री डैशबोर्ड व आई.जी.आर.एस. सन्दर्भों की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने ऊर्जा, नेडा, कृषि, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, माध्यमिक व बेसिक शिक्षा, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, मनरेगा, ग्रामीण अभियन्त्रण, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, दुग्ध विकास, सभी प्रकार की पेंशन, शोसल सेक्टर, सहकारिता, सिंचाई, उद्योग, गन्ना, श्रम, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, राज्य कर, जल निगम, पंचायती राज, वन विभाग, पशुपालन, मत्स्य, आईसीडीएस एवं राजस्व इत्यादि विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि जिन विभागों की प्रगति ह्यएह्न श्रेणी से निम्न है उनके द्वारा प्रगति में सुधार के लिए प्रयास किया जाय। डीएम ने यह भी कहा कि जिन विभागों की श्रेणी ह्लएह्न है, ऐसे विभाग ह्यएह्न प्लस श्रेणी में आने का प्रयास करें और ह्यएह्न प्लस वाले यथास्थिति को बनाये रखें।आईजीआरएस सन्दर्भों के निस्तारण के दौरान डीएम ने निर्देश दिया कि डिफाल्टर व असंतुष्टि पर विशेष ध्यान दिया जाय। उन्होनें कहा कि तहसील स्तर की रैकिंग खराब आती है तो उनका स्पष्टीकरण व वेतन का प्रस्ताव भेज दिया जायेगा। तहसीलों द्वारा आईजीआरएस हेल्पलाइन की समस्त आख्या का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण नहीं किया जाता है जिससे जनपद की रैकिंग का गलत प्रभाव पड़ता है। चकबन्दी अधिकारी की आख्या में असंतुष्ट फीडबैक पाया गया। जिलापूर्ति अधिकारी द्वारा आईजीआरएस की आख्या में संतुष्टी की स्थिति पाये जाने पर डीएम द्वारा उनके बढ़िया कार्य की सराहना की गयी। डीएम ने मुख्य राजस्व अधिकारी को निर्देश दिया कि आप समस्त उपजिलाधिकारियों की मीटिंग करा लें। डीएम ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्रत्येक कार्यालयों में स्मार्ट मीटर लगाया जाय। डीएम ने ईओ को निर्देश दिया कि ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत नगर क्षेत्रों में चिन्हित स्थानों पर वाटर कूलर व पेयजल की व्यवस्था करायी जाय तथा खराब पड़े हैण्डपम्पों की मरम्मत करायी जाय। जिससे राहगीरों को भी पानी की समस्या न हो। उन्होनें यह भी कहा कि पशु पक्षियों को भी पानी की दिक्कत न हो इसके लिए आप अपने कार्यालयों के बाहर घड़ा इत्यादि की व्यवस्था करा लें। बैठक के हुए बहराइच महोत्सव व प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति आयोजित होने वाले 03 दिवसीय कार्यक्रम में अच्छे प्रदर्शन के लिए अधिकारियों की सराहना भी की।

## डिजिशक्ति योजना के तहत 51 छात्र-छात्राओं को मिले टैबलेट



**बाराबंकी।** प्रदेश सरकार की डिजिशक्ति योजना के अन्तर्गत आलापुर स्थित नंदलाल प्रभुदेवी प्रोफेसनल इंस्टीट्यूट परिसर मे टैबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्था निदेशक सुशील कुमार व सदस्य प्रदीप कुमार ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके उपरान्त 51 छात्र-छात्राओ को टैबलेट वितरण किये गये। इस मौके पर संस्था निदेशक ने छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा वो तकनीक का उपयोग कर अपने भविष्य को उज्जवल बनाये। सदस्य प्रदीप कुमार ने कहा कि यूपी में मुफ्त टैबलेट और स्मार्टफोन देने का प्रदेश सरकार का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल दुनिया में आगे बढ़ाना है। इससे उन्हें बेहतर और उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त करने में मदद मिलेगी। इस मौके पर योगेश कुमार, प्रमोद कुमार, रंजू सिंह, ओम प्रकाश, मोहित सिंह, अजीत कुमार, सुधीर कुमार, शमशाद अली, वनिता यादव आदि मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यकम के तहत जागरूकता बाइक रैली रवाना




**बाराबंकी।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यकम के अन्तर्गत जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ0राजीव टंडन व अपर मुख्य चिकित्साधिकारी प्रशासन डा0 डी0के श्रीवास्तव ने जागरुकता बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुये जिला क्षय रोग केन्द्र पर आकर समाप्त हुई। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डा0 टंडन ने बताया कि बाइक रैली का मुख्य उद्देश्य जनमानस को क्षय रोग के प्रति जागरूक कर जनपद को क्षय रोग मुक्त कराने में सभी का अमूल्य सहयोग लिया जाना है। इस वर्ष विश्व क्षय रोग दिवस की थीम ह्यहा हम टीबी को समाप्त कर सकते हैह्न पर मनाया जायेगा। जिला क्षय रोग अधिकारी ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री द्वारा वर्ष 2025 तक भारत से क्षय उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य के अन्तर्गत प्रदेश में सभी ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया जाना है। तत्क्रम में वर्ष 2023 में प्रदेश के 73 जनपदों में 1372 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित करने योग्य पायी गयी। जिसमें सबसे अधिक जनपद में 80 ग्राम पंचायते टीबी मुक्त घोषित की गयी थी। वर्ष 2024 में 160 ग्राम पंचायतें टीबी मुक्त की गयी है। जिसमें 19 ग्राम पंचायतें वर्ष 2023 एवं 2024 में दुबारा टीबी मुक्त के लिये चयनित हुई है। इस अवसर पर समस्त अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, समस्त एसटीएस, एसटीएलएस, जिला क्षय रोग केन्द्र के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज सभागार में सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित

- टीबी मुक्त हुई जनपद की 87 ग्राम पंचायतें, ग्राम मुखिया हुए सम्मानित

**बहराइच।** प्रधानमंत्री ह्यटीबी मुक्त भारत अभियान के तहत बहराइच जिले ने महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। स्वास्थ्य विभाग के सतत प्रयासों, ग्रामीणों की जागरूकता और ग्राम प्रधानों के सहयोग से वर्ष 2025 में जिले की 87 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में महाराजा सुहेलदेव स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बलार्क चिकित्सालय के सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन दीप प्रज्जवलित कर किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि एमएलसी पदमसेन चैधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय, सदर विधायक प्रतिनिधि अशोक जायसवाल, जिलाधिकारी मोनिका रानी और मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चंद्र, मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल डा0 संजय खत्री ने इन ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों, स्वास्थ्य कार्यकताओं और मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह ने किया।



सम्मान समारोह में हुजूरपुर ब्लॉक के कारीडीहा गांव की प्रधान अनीता देवी को दूसरी बार अपने गांव को टीबी मुक्त बनाने में सहयोग के लिए गांधी की रजत प्रतिमा देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। शेष ग्राम प्रधानों को कांस्य प्रतिमा से सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संजय शर्मा ने बताया कि यदि कोई ग्राम पंचायत दूसरी बार टीबी मुक्त घोषित होती है, तो संबंधित ग्राम प्रधान को गांधी की सिल्वर प्रतिमा से व तीसरी बार टीबी मुक्त घोषित होने पर गोल्ड प्लेटेड गांधी प्रतिमा से सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने 5 मरीजों और डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने 5 मरीजों को गोद लिया। इन मरीजों को पोषण किट प्रदान की गई, जिससे उनकी बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जा सके। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एमएल वर्मा ने बताया कि जिले में 31 दिसंबर 2024 से 100 दिवसीय विशेष टीबी रोगी खोजो अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत अब तक 6,69,038 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से 82,570 व्यक्तियों के बलगम और एक्स-रे की जांच की गई। इसमें 2,693 लोग टीबी पॉजिटिव पाए गए। इसके अलावा, 2,322 निक्षय मित्र टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट प्रदान कर रहे हैं और उनकी स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे हैं।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में बहराइच हमेशा प्रदेश के शीर्ष 20 जिलों में शामिल रहा है। उन्होंने बताया कि पोषण किट वितरण में बहराइच जिले को 10वां स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि टीबी मरीजों को गोद लेने में बहराइच ने प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंनें कहा कि आकांक्षी ब्लॉक में उल्लेखनीय प्रदर्शन हुआ है। इस वर्ष टीबी मुक्त घोषित 87 ग्राम पंचायतों में से 19 ग्राम पंचायतें हुजूरपुर ब्लॉक से, 13 ग्राम पंचायतें फ खरपुर ब्लॉक से, 10-10 ग्राम पंचायतें कैसरगंज और पयागपुर ब्लॉक से शेष अन्य ब्लाकों से टीबी मुक्त हुईं। इसमें सीएचसी अधीक्षक और आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के सीएचओ की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के आयोजन में डीपीसी रवि शर्मा सहित एसटीएस व एसटीएलएस का विशेष सहयोग रहा।

## मुकदमा के दौरान भी कर लिया दरवाजे की जमीन पर कब्जा

**सोहावल-अयोध्या।** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के बंदीदासपुर की पुरानी आबादी का न्यायालय में वाद ए मुकदमा के दौरान जबरिया दीवाल खड़ी कर घर एवं मवेशी का रास्ता बंद करने का मामला सामने आया है। पीड़ित मुकेश कुमार पुत्र राम सुंदर का आरोप है कि मेरे मकान के सेहन में पुरानी आबादी का रकबा गाटा संख्या 323-324 होने से तीन पुस्त पहले से मवेशी बांधे जाते थे। जिसका विरोध करने पर न्यायालय मे मुकदमा चला। तहसील कोर्ट से मेरे पक्ष में डिग्री हुई। जिससे हताश हो विपक्षी प्रेम रावत पुत्र राधेश्याम मुकेश कुमार करिया सुरजीत ने जबरिया रास्ता बंद कर मवेशी की सरिया पर कब्जा करने का प्रयास किया। विरोध में उच्च न्यायालय में मुकदमा दर्ज कराया। बावजूद इसके उक्त जमीन पर कब्जा करने के लिए दीवार खड़ी कर दी। जिसके कारण घर से निकलना तथा मवेशियों को घर के अंदर बाधने पर विवश होना पड़ रहा है।मामले को लेकर थाना प्रभारी से शिकायत भी की। उसके बाद एससीएसटी का मुकदमा भी दर्ज कर दिया गया। क्षेत्र के समाजसेवी शशांक सिंह ने तहसील प्रशासन से तुरंत कब्जा हटाने की मांग की है।

संक्षेप

## छुट्टा सांड़ का आतंक छह लोग घायल

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** कोतवाली क्षेत्र के चांदपुर गांव में शनिवार सुबह साढ़े दस बजे एक छुट्टा सांड के हमले से गांव में हड़कंप मच गया। सांड के हमले में छह लोग घायल हो गए, जिनमें से तीन की हालत गंभीर होने पर उन्हें अस्पताल ले जाया गया। जबकि अन्य को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। शनिवार सुबह सांड के हमले में घायल अमित पांडेय पुत्र उदयभान पांडेय, निवासी चांदपुर को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी जयसिंहपुर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। घायल रामफेर और सुमित्रा को उनके परिजन भी मेडिकल कालेज ले गए। वहीं अन्य घायलो में आशीष, राम बहादुर, प्रफुल्ल चंद्र, सरस्वती, शनि शामिल हैं, जिन्हें मामूली चोटें आई और इन्होंने अपना इलाज निजी अस्पताल में कराया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस, ग्राम प्रधान जगराम, सचिव सुरेंद्र कुमार तिवारी और पशु चिकित्सा मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से सांड को रस्सी से बांधकर कब्जे में लिया गया और उसे वाहन में लोड कर गौशाला पदारथपुर भेज दिया गया। सांड के गौशाला पहुंचने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। प्रधान जगराम ने बताया कि सांड को पकड़वाकर पशुशाला भिजवा दिया गया है।

## दंपति सहित तीन वारंटी गिरफ्तार

**गोसाईगंज, सुलतानपुर।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अलग अलग पंचायत क्षेत्रों से शनिवार तीन वारंटीयो को गिरफ्तार करने में गोसाईगंज पुलिस ने सफलता पाई। थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार न्यायलय से फरार चल रहे गोसाईगंज थाना क्षेत्र के यससी एसटी एक्ट में वारंटी पति पत्नी कल्लू प्रजापति, संगीता प्रजापति निवासी मधुबन, को उप निरीक्षक प्रमोद मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार किया और रंजीत मल्लाह पुत्र साधू मल्लाह निवासी जमुरिया को उप निरीक्षक गुलाब चंद्र पाल व हेड कांस्टेबल अखिलेश सिंह ने गिरफ्तार किया पुलिस ने पकड़े गए तीनों वारंटियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया।

## विपक्षियों ने युवक को पीटा

**कादीपुर, सुलतानपुर।** रंजिश को लेकर विपक्षियों ने एक युवक को मारा पीटा। जिससे उसे काफी चोट आई। कोतवाली क्षेत्र के पदारथपुर उपाध्याय गांव के शनी शुक्रवार को अपने घर से दोपहर लगभग 2रू30 बजे पांडे बाबा बाजार जा रहे थे। आरोप है कि वह जैसे ही गांव के बाहर पहुंचे तभी पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने डंडे से उन्हें मारा पीटा। जिससे उन्हें काफी चोट आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के घूरीपुर गांव के विनय कुमार धुरिया एवं अतुल वर्मा के विरुद्ध नामजद केस दर्ज कर लिया है।

## अनिल पांडेय को मातृशोक

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय में कार्यरत अनिल पांडेय की माता रामरती पांडेय का 29 मार्च को सुबह 8 बजे लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वे पलहीपुर गांव की निवासी थीं और अपने सरल स्वभाव व धार्मिक प्रवृत्ति के कारण समाज में जानी जाती थीं। उनके निधन से परिवार, रिश्तेदारों और परिचितों में गहरा शोक व्याप्त है। स्व. रामरती पांडेय, स्वर्गीय विद्या प्रसाद पांडेय की धर्मपत्नी थीं।

# भारी वाहनों की इंट्री से व्यापार हो गया चौपट



- रोजाना लगने वाले जाम और धूल धक्कड़ से लालगंज के अंदर इंट्री न देकर रायबरेली रोड से निकाले जाने की मांग

जिला संवाददाता (vol)

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज नगर से होकर लखनऊ जाने वाले भारी वाहनों से लगने वाले जाम और उड़ रहे धूल धक्कड़ से करणा बाजार चौराहे के व्यापारियों का व्यापार जहां पूरी तरह चौपट हो गया है। वहीं लोग मानसिक और शारीरिक रूप से बीमार भी हो रहे हैं। अधिकांश व्यापारी स्वांस के मरीज हो गए हैं। वास्तव में बांदा से मौरंग और गिट्टी लाने वाले ट्रकों में हुई भारी बढ़ोत्तरी के चलते लालगंज नगर में रोज जाम की स्थिति बनी रहती है। लालगंज नगर से होकर निकल रहे हजारों डंफर और ट्रकों से आए दिन दुर्घटनाएं भी होती हैं जिनमें लोगों की जान भी चली जाती है। व्यापारियों के साथ-साथ आम लोग भी लगने वाले लंबे जाम से परेशान हो गए हैं। जाम में कभी-कभी स्कूल की बसें और एंबुलेंस भी फंस जाती हैं जिससे बच्चों और मरीजों को भारी मुसीबत का सामना उठाना पड़ता है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा व जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा है कि जब तक रेलवे का पुल नहीं बन जाता, तब तक बाईपास से सभी भारी वाहन नगर पंचायत कार्यालय के सामने से होकर गोविंदपुर वलौली होकर रायबरेली रोड की तरफ से निकाले जाएं जिससे लालगंज के अंदर लगने वाले जाम से मुक्ति मिल सके। रायबरेली मार्ग से अटौरा के पहले सिरसा रोड कोरिहर होकर सभी भारी वाहनों को लखनऊ भेजा जाए। वहीं करुणा बाजार के कपड़ा व्यापारी धनंजय बाजपेई, जनरल मर्चेंट के व्यापारी रमेश मिश्रा, रितेश मिश्रा, चश्मे की दुकान का कारोबार कर रहे विकास श्रीवास्तव, किराना मर्चेंट के कारोबारी राजेंद्र गुप्ता, रवि गारमेंट्स, रविंद्र मुरारका, भदौरिया बेकरी के दुकानदारों का कहना है कि इधर चार-पांच वर्षों से उनका व्यापार भारी वाहनों के लगने वाले जाम से पूरी तरह चौपट हो गया है। दुकानों में धूल भर जाती है जिससे ग्राहक भी सामान लेने से ऐतराज करता है। व्यापारियों ने भी लालगंज नगर से होकर लखनऊ जाने वाले वाहनों पर रोक लगाने की मांग की है।

## अभी जांच नहीं हुई पूरी, प्रसाधन घोटाले में फिर सुर्खियों में ग्राम पंचायत लोहरता

**अमेठी।** ब्लॉक की ग्राम पंचायत लोहरता में विकास कार्यों में हुई धांधली के आरोपों की जांच अभी पूरी नहीं हुई है कि फिर ग्राम पंचायत प्रशासन घोटाले में सुर्खियां बटोर रही है। गांव में एक ही परिवार के पति-पत्नी व अविवाहित लोगों को सभी मानकों को तक पर रखकर शौचालय दिया जा रहा है। सूत्रों की माने तो सरकारी धन की बंदर बताकर शौचालय में लंबा घोटाला किया गया है। हालांकि अभी तक बीएसए की जांच रिपोर्ट कहां तक पहुंची है इसका खुलासा अभी तक नहीं हुआ है। जिला अधिकारी निशा अनंत के आदेश के बावजूद ब्लॉक कर्मी एवं प्रधान साठ गांठ कर कागजों की हेरा फेरी में जुटे हैं। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष हरीश सिंह चुन्नू व अजय मिश्र उर्फ बिलसन बाबा ने डीएम निशा अनंत और अमेठी बीडीओ बृजेश सिंह को दिए ज्ञापन में बताया था कि ग्राम प्रधान लोहरता की मनमानी और ब्लॉक कर्मियों की मिलीभगत के कारण भ्रष्टाचार चरम पर है। गांव में विकास योजनाओं के साथ ही मनरेगा आवास सहित अन्य में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत लोहरता में ग्राम प्रधान व उनके ससुर भूमाफिया किस्म के सरकारी धन लूट गैंग के सक्रिय सदस्य है ग्राम पंचायत लोहरता ब्लाक अमेठी के ग्राम प्रधान ने 2021 से 2025 तक में विकास कार्यों में मनमानी करते हुए सरकारी धन का दुरुपयोग किया है।

विद्यालय का दिव्यांग शौचालय का निर्माण आजतक अपूर्ण है। स्ट्रीट लाइट, नल मरम्मत एवं अन्य के नाम पर ग्राम पंचायत निधि के खाते से पैसा खारिज कर बंदर बांट की जा रही है। ग्राम प्रधान सरकारी भूमि पर स्वयं भी कब्जा कर रहे हैं और चारागाह समेत अन्य सरकारी भूमि पर पैसा लेकर से कब्जा कराया जा रहा है और ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि को बेचकर ग्राम प्रधान मालामाल हो रहा है। डीएम ने इसे गंभीरता से लेते हुए बीएसए को जांच कर रिपोर्ट तलब करने का निर्देश दिया है।

नामित जांच अधिकारी बीएसए संजय तिवारी ग्राम पंचायत में विकास कार्यों के आरोपी की जांच कर रहे हैं अभी तक जांच रिपोर्ट का कुछ पता नहीं चला। इस बीच ग्राम पंचायत में शौचालय घोटाला का मामला सुर्खियों में बन गया है। ग्राम पंचायत के लोगों की माने तो मौजूदा ग्राम प्रधान सीमा देवी और सचिव एक ही परिवार में पैसा लेकर पति-पत्नी एवं अविवाहित लोगों को शौचालय रेवड़ी की तरह बांट रहे हैं। सरकारी धन का बंदर बांट कर दुरुपयोग कर रहे हैं। किसान यूनियन व ग्रामीणों ने इसकी जांच कर कार्रवाई की मांग उठाई है।

## मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत



**अमेठी।** सर्वोदय विद्या मंदिर कोरारी गिरधर शाह जनपद अमेठी में अंक पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें हर कक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले प्रथम, द्वितीय व तृतीय छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यालय के प्रबंधक सूर्यभान द्विवेदी ने कक्षा प्रथम की छात्रा समृद्धि पांडे को मोमेंटो व मेडल देकर सम्मानित करते हुए सभी अभिभावकों से बेहतर शिक्षा एवं सुविधा का आश्वासन देते हुए बच्चों के सर्वांगीण विकास के प्रति निरंतर कार्य करने के लिए कहा। क्लास नर्सरी में आशुतोष सिंह प्रथम, श्रेयांश शुक्ला, द्वितीय तथा कक्षा प्रथम में मोहम्मद अर्श द्वितीय विष्णु तिवारी तृतीय कक्षा द्वितीय में राघव तिवारी प्रथम उत्कर्ष पांडे द्वितीय, अथर्व मिश्रा तृतीय तथा कक्षा तृतीय में समृद्धि द्विवेदी प्रथम आकांक्षा द्वितीय दृष्टि तृतीय तथा कक्षा चतुर्थ में अदिति मिश्रा प्रथम, देवांश कश्यप द्वितीय तथा कक्षा पंचम में मयंक पांडे प्रथम, रुद्र प्रताप मिश्र द्वितीय त्र्यंबकेश्वर तृतीय तथा कक्षा छह में अंकिता पांडे प्रथम आस्था त्रिपाठी द्वितीय हर्षित यादव तृतीय, तथा कक्षा 7 में उज्जवल द्विवेदी प्रथम अंशिका पांडे द्वितीय मानस सिंह तृतीय तथा कक्षा 8 में अंशिका तिवारी प्रथम हर्ष पांडे द्वितीय, आकर्ष पांडे तृतीय आदि छात्र-छात्राओं ने स्थान प्राप्तकिया। रिजल्ट वितरण कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य विवेक मिश्र तथा सहयोगी स्टाफ अमित श्रीवास्तव श्याम शंकर पांडे, जिज्ञासा शुक्ला अनुपमा मिश्रा, प्रिंसी मिश्रा अंजू वर्मा, वंदना रोशनी शुक्ला, विनय कुमार ओझा दीपिका, आंचल राजेंद्र तिवारी आदि की उपस्थिति सराहनीय रही।

## नवागंतुक थानेदार के लिए चुनौती पूर्ण होगी डलमऊ की कमान

**डलमऊ, रायबरेली।** एसपी डॉक्टर यशवीर सिंह ने रायबरेली जनपद में तैनाती के बाद पहली बार बड़ी कार्रवाई करते हुए डलमऊ कोतवाल को लाइन हाजिर कर दिया वहीं कोतवाली डलमऊ में तैनात दो दरोगाओं पर निलंबन की कार्यवाही करते हुए पुलिस महकमें में हलचल मचा दी। एसपी ने डलमऊ की कमान शिवगढ़ थाना प्रभारी रहे श्याम कुमार पाल को सौंपी है। अब देखना होगा कि नवागंतुक थानेदार चुनौतियों का सामना कैसे करते हैं। पूर्व में तैनात थाना प्रभारी के कार्यकाल में कई अपराधी घटनाएं हुई लेकिन उनमें से अधिकतर का खुलासा नहीं किया जा सका है। नए थानेदार पर अपराधी घटनाओं पर अंकुश लगाने और अपराधों का खुलासा करने का बड़ा दबाव होगा। वहीं डलमऊ थाने पर दलालों का दबदबा बना रहता है। उल्लेखनीय है कि डलमऊ में जो भी थानेदार आते है यहां से उनका जाने का मन नहीं होता है और ऊपर से सिस्टम भिड़ाकर अपना ट्रांसफर को रुकवा लेते है डलमऊ थाने में तैनात रहे पवन सोनकर पर हर मामले में आरोप प्रत्यारोप लग रहे थे और क्षेत्र में ज्यादातर चोरी छीनैती, टप्पेबाजी, लूट जैसी घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही थी कोई भी घटनाओं का खुलासा न कर पाना भी कोतवाल के लिए नाकामी साबित हो रही थी। वहीं कोतवाल खबरों से तिलमिला कर पत्रकारों को फर्जी मुकदमे में फंसाने का धमकी भी दिया करते थे। तभी डलमऊ कोतवाल के इतने मामले सामने आ गए कि रायबरेली एसपी ने भ्रष्टाचार में लिप्त डलमऊ थाने के दो दरोगा को निलंबित कर दिया है वहीं थाना प्रभारी डलमऊ पवन सोनकर को पुलिस लाइन भेज दिया है तथा अन्य कई थाना अध्यक्षों व इंस्पेक्टर्स के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया गया है जनपद के पुलिस अधीक्षक डॉक्टर यशवीर सिंह ने सूची जारी करते हुए बताया कि डलमऊ थाने के थाना इंचार्ज पवन कुमार सोनकर को पुलिस लाइन भेजा गया है। वहीं डलमऊ के थाना प्रभारी रहे पवन सोनकर पर भ्रष्टाचार के मामले में उन्नाव जनपद के माखी थाने में बीते तीन दिनों पहले केस दर्ज किया गया था। वहीं डलमऊ थाने के ही भ्रष्टाचार में लिप्त उप निरीक्षक चंद्रवीर सिंह व उपनिरीक्षक शशांक पांडे को निलंबित कर दिया गया है और विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

## पुण्यतिथि पर कवियों ने बांधा समां



**कादीपुर, सुलतानपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. शीतला प्रसाद गुप्त की पुण्यतिथि पर उनके पैतृक गांव बरवारीपुर में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

शुक्रवार को देर शाम आयोजित कवि सम्मेलन की शुरूआत डॉ. करुणेश प्रकाश भट्ट की सरस्वती वंदना ह्यमां शारदे तुम्हारी महिमा बड़ी है न्यारी, ममता की छांव तेरी सचमुच बड़ी है प्यारीसे हुई। सुभाष चंद्र यादव परदेसी ने ह्यकाहे गांव छोड़ि भैया भागेला शहरिया, केहू नाहीं लेइ हैं उहां कुशल खबरिया सुनाया। बृजेश वर्मा ने ह्यदेश पर जो मरते हैं, रंग बन तिरंगे का शान से फहरते हैं। सुनाकर खूब तालियां बटोरी। कवयित्री वंदना शिवा ने अपने ही प्यार के अंश को मां अपने ही तन में रहने दे, मत मार मुझे बेमौत ही मां, मुझे अपने गर्भ में पलने दे सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. राम प्यारे प्रजापति ने खूबसूरत पंक्तियां पढ़कर श्रोताओं से वाहवाही लूटी ह्यफैशन के इस दौर में बंबइया भै गांव, दरवाजे को देखिये नहीं नीम की छांव ह्ण संचालन कर रहे मथुरा प्रसाद सिंह जटायु ने ह्यतुमने उनका यश लिखा मैंने उनकी पीर, तुम सत्ता सुख भोगते मैं अलमस्त फकीरह्ण सुनाया। अवनीश पांडेय स्नेह सौरभ, सर्वेशकांत वर्मा सरल, अशोकाचार्य अनंत, राम मूर्ति यादव संग्राम सितारे हिंद और रोहित राय ने भी काव्य पाठ प्रस्तुत कर सम्मेलन में खूब समा बांधी। इसके पूर्व आयोजक मनोज कुमार सिंह एडवोकेट ने स्वर्गीय गुप्त के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। श्री सिंह ने गांव के 24 गरीबों को अंग वस्त्र वितरित किया। मौके पर देवेंद्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान बेचू राम प्रजापति, भगवान दीन, सुख मंगल सिंह, बृजलाल विश्वकर्मा, यादवेंद्र पाठक, विनय कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

## किराये के विवाद में 2 किशोरों ने ई-रिक्शा चालक की हत्या कर दी थी, पुलिस ने गिरफ्तार किया

**अमेठी।** गौरीगंज थाना क्षेत्र के एसीसी सीमेंट फैक्ट्री के पास रेलवे ट्रैक पर 10 मार्च को एक अज्ञात व्यक्तिका शव पड़ा मिला था जिसकी पहचान कमलेश यादव पुत्र राम असरे यादव निवासी वार्ड नंबर 24 कटरा लालगंज थाना गौरीगंज के रूप में हुई थी लेकिन मृतक का मोबाइल और उसकी घड़ी गायब मिली। परिजनों ने मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। अंतिम क्रियाकर्म की समाप्ति के बाद 27 मार्च को मृतक के परिजनों ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा हटाकर शव को ट्रैक पर डाल देने की तहरीर दी जिसपर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर पड़ताल शुरू कर दी। गौरीगंज पुलिस ने मृतक की मौत होने के दिन की अंतिम लोकेशन सर्विलांस की मदद से निकाली तो थाना क्षेत्र के गोपालापुर मोड़क पास से दो किशोरों को पुलिस ने निगरानी में लेकर उनके पास बरामद कीपैड वक्र मोबाइल के बारे में पूछताछ की तो राज खुल गया। दोनों ने बताया कि दिनांक 9 मार्च को हम दोनों गौरीगंज घूमने गये थे। गौरीगंज घूमने के बाद मुसाफिरखाना तिराहे से एक ई-रिक्शा गोपालापुर जाने के लिये 200 रुपये में बुक किया था। गोपालापुर गांव के नजदीक पहुंचने पर ई-रिक्शा चालक ने रुपये मांगे। हम दोनों के पास कुल 100 रुपये थे जिसको लेकर चालक से विवाद हो गया था और चालक हम दोनों को गाली देने लगा था। हम दोनों ने जोर से चालक को धक्का मार दिया था जिससे चालक गिरकर बेहोश हो गया था। कुछ लोगों ने हम लोगों को कहासुनी करते हुये देख भी लिया था। चालक की मृत्यु को आत्म हत्या का रूप देने के लिये हम लोग चालक को टिकरिया रेलवे लाइन की पटरी के बगल डाल दिया था।

## दो साहित्यकारों को किया गया सम्मानित

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। तहसील क्षेत्र के दो साहित्यकारों को वाराणसी में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में सम्मानित किया गया। संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के मुख्य भवन में संपूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय, संस्कृत विभाग उत्तर प्रदेश, राष्ट्रीय नाट्य विश्वविद्यालय नई दिल्ली एवं महाकवि जयशंकर प्रसाद ट्रस्ट की तरफ से आयोजित चार दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में विशेष वक्तव्य देने पर डॉ. सुशील कुमार पांडेय एवं विजय कुमार मिश्र भास्कर को महात्मा गांधी विद्यापीठ विश्वविद्यालय काशी के कुलपति प्रोफेसर आनंद कुमार त्यागी एवं संपूणार्नंद संस्कृत विश्व विद्यालय वाराणसी के कुलपति प्रोफेसर बिहारी लाल शर्मा ने सम्मानित किया। बताते चलें कि यह राष्ट्रीय संगोष्ठी 25 मार्च से शुरू होकर 28 मार्च को समाप्त हुई।

## मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए ग्राम पंचायत सेउर चमुरखा का हुआ चयन




**कूरेभार, सुलतानपुर।** मुख्यमंत्री पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के लिए सुलतानपुर जनपद के कूरेभार ब्लॉक के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सेउर चमुरखा का चयन किए जाने का समाचार सुनकर ग्रामवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। गांव के लोगो को आशा है कि पुरस्कार स्वरूप मिलने वाली धनराशि से ग्राम पंचायत का और विकास होगा। ग्राम पंचायत के लोगो ने इसके लिए ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह सोनू को बधाई दी है।

बताते चले कि सेउर चमुरखा गांव के विकास के लिए ग्राम प्रधान द्वारा लगातार जनहित में कार्य किये जा रहे थे। गांव में सभी गलियों को इंटरलाकिंग मार्ग से जोड़ दिया गया है। ग्राम सभा मे सभी सुविधाओं से युक्त पंचायत भवन की स्थापना के साथ यहां से भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं से लोगों को जोड़ा जा रहा है। यही नही सभी लाभार्थियों को राशन वितरण के लिए मॉडल अन्नपूर्णभवन का निर्माण कराया गया है। कूड़ा कचरा के निस्तारण हेतु आर0आर0सी0 सेंटर, जल संचय हेतु अमृत सरोसर तालाब, दुर्गा माता मंदिर, बजरंगबली मंदिर का कायाकल्प के साथ गांव में जल निकासी के लिए पक्की नाली निर्माण कराकर गांव को ओडीएफ सहित अन्य तमाम बिकास कार्यों को पूरा कराकर ग्राम प्रधान ने ग्राम पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने की दिशा में लगातार कार्य किया है। जिससे गांव का चहुमुखी विकास हो रहा है। इस दौरान ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश सिंह ने बताया कि सीएम पंचायत प्रोत्साहन पुरुस्कार योजना में गांव के चयनित होने से गांव में जनहित के कार्यों में और गति आएगी।

## किसान को ठेकेदार ने दी जानमाल की धमकी

जिला संवाददाता (vol)

**रायबरेली।** तैयार फसल पर जेसीबी चलाने पर रोकने गये किसान को ठेकेदार ने भददी गालियां देते हुए जानमाल की धमकी दी है। किसान ने खीरों थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार पवन पुत्र बाबादीन निवासी रायखेडा मजरे भितरी थाना खीरो जनपद रायबरेली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मेरे गांव में एक सड़क बन रही है जिसमे मेरे व मेरे गांव के अन्य लोगो के भी खेत पड़ रहे है जिसमें फसल खडी है। हम लोगों ने जेसीबी मशीन वाले से अनुरोध किया कि 15 दिन में हम सब लोगों की फसल कट जायेगी उसके बाद सड़क बनवा लेना। इसलिए जेसीबी मशीन वाले ने हम लोगो की समस्या नुकसान को देखते हुए काम बन्द कर दिया था। काम बन्द होने की सूचना के उपरान्त आनन्द तिवारी पुत्र रामकिशुन तिवारी निवासी इन्द्रानगर रायबरेली बीती 23 मार्च को मेरे गांव आए जहां पर उन्होंने हम लोगों से कहा कि काम क्यों रोकवा दिया, हम लोगों ने कहा कि खाद, बीज व सिचाई पताई करके हम लोगों ने फसल तैयार की है अब फसल तैयार हो गयी है जहां इतने दिन हम लोग खंडजे से आ जा रहे थे कुछ दिन और आते जाते रहेंगे फसल कटने के बाद आप सड़क बनबा देना। हमारे गांव के प्रधान ने भी उनको समझा रहे थे या तो फसल का नुकसान इनको दे दो या फिर 15 दिन बाद बनवा लेना 15 दिन में कुछ बिगड नही जायेगा। किन्तु आनन्द तिवारी ने मुझे गालियां एंव जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। मामले मेंपुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है।

## छात्र-छात्राओं को वितरित किया गया टैबलेट



**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** मुख्यमंत्री निःशुल्क टैबलेट वितरण योजना के तहत बल्दीराय तहसील स्थित माँ दुर्गा सर्वोदय पी.जी. कॉलेज अरवल में शनिवार को विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित किए गए। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़कर उनकी पढ़ाई को और अधिक प्रभावी बनाना है। कार्यक्रम के दौरान कॉलेज के प्रबंधक डॉ. अनुराग सिंह ने मुख्यमंत्री को इस कल्याणकारी योजना के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह पहल शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल संसाधनों को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि इस योजना से छात्रों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री तक सरलता से पहुंच मिलेगी और उनकी शिक्षा अधिक प्रभावी होगी। कार्यक्रम में अभय कुमार सिंह ने छात्रों को टैबलेट की तकनीकी विशेषताओं और उसके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी, जिससे वे इसे अपनी पढ़ाई में बेहतर तरीके से इस्तेमाल कर सकें। इसके अलावा, योजना को सफल बनाने में डॉ. कुलदीप, डॉ.विजय, अर्चना, प्रियंका, गोविंद, श्रीराम और शांति देवी का विशेष योगदान रहा। टैबलेट प्राप्त कर छात्रों में हर्ष का माहौल दिखा। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह योजना उनकी शिक्षा को डिजिटल रूप से मजबूत करने में बेहद सहायक होगी।

## केएनटी में बच्चों को बांटे गये रिपोर्ट कार्ड

**कुड़वार, सुलतानपुर (वीओएल)।** केएनटी पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए रिपोर्ट कार्ड वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के प्रबंधक डॉ. पंकज तिवारी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक डॉ. तिवारी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही सफलता की कुंजी है, और विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय के प्रबंधक डॉ पंकज तिवारी के चाचा वी एन तिवारी ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना की और सभी शिक्षकों को सम्मानित भी किया और उन्हें और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया विद्यालय के प्रधानाचार्य बृजेंद्र कुमार सिंह ने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों को पढ़ाई के प्रति प्रोत्साहित करें ताकि वे उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हो सकें। इस अवसर पर विद्यालय के समर्पित शिक्षक एवं शिक्षिकाएं कृपवन शर्मा, अंबुज, अमित, शनि, बबिता, आराधना, ज्योति, प्रिया, शानू, किरन और वंदना उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान मेधावी छात्रों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया, जिससे छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ा और शिक्षा के प्रति रुचि भी बढ़ी। सत्य नारायण तिवारी, विजय नारायण तिवारी आदि अभिभावकों ने भी विद्यालय की इस पहल की सराहना की और इसे बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

## बिजेथुआ धाम को पर्यटन स्थल घोषित करने को सूचना आयुक्त ने दिया पत्र

**सुलतानपुर (वीओएल)।** राज्य सूचना आयुक्त वीरेन्द्र सिंह वत्स ने पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह से उनके निवास स्थान पर मुलाकात की। इस दौरान वत्स ने मंत्री जी को अपने नवीनतम काव्य संग्रह ह्यतू जीत के लिए बनाह्णकी भेंट दी, जो उनकी साहित्यिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुलाकात के दौरान वत्स ने मंत्री जी को एक पत्र सौंपा, जिसमें बिजेथुआ महावीरन की सिद्ध पीठ बजरंगबली को पर्यटन विभाग की कार्ययोजना में शामिल करने, इसे पर्यटन स्थल घोषित करने और बिजेथुआ धाम को अयोध्या की विकास परियोजनाओं से जोड़ने का आग्रह किया गया। मंत्री जी ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और आश्वासन दिया कि अप्रैल महीने में बिजेथुआ महावीरन को पर्यटन विभाग की कार्ययोजना में शामिल कर लिया जाएगा। बिजेथुआ महावीरन का विकास क्षेत्रीय पर्यटन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सहायक होगा। उक्त जानकारी राम बरन महाविद्यालय प्रशासक संजय सिंह ने दी है।



# चयनित ग्राम प्रधानों को डीएम ने किया सम्मानित

**रायबरेली।** विश्व क्षय रोग दिवस कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक केंद्र विकास प्राधिकरण रतापुर में जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नवीन चंद्रा एवं जिला क्षय रोग अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद के चयनित 98 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों को जिलाधिकारी द्वारा गांधी प्रतिमा एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वर्ष 2023 एवं 2024 हेतु चयनित 3 ग्राम पंचायत ( विनायकपुर बछरावां, दरियापुर बेला भेला , रामचंद्र ऊंचाहार ) को रजत कलर की गांधी प्रतिमा एवं वर्ष 2024 हेतु चयनित 95 ग्राम पंचायत को कांस्य कलर की गांधी प्रतिमा देकर सम्मानित किया गया। साथ ही 7 निःक्षय मित्रों को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉरपोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड एवं विकास संस्थान रायबरेली के सौजन्य से 10 मरीजों को पोषण पोटली का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उप क्षयरोग अधिकारी डॉक्टर शम्स रिजवान, जिला प्रोग्राम समन्वयक अभय मिश्रा, जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक मनीष श्रीवास्तव, डीपीएमडीटी समन्वयक अतुल कुमार, वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक करुणा शंकर मिश्रा, के के श्रीवास्तव अमित श्रीवास्तव, एनटीईपी स्टाफ आदि उपस्थित रहे।



## वैश्य एकता परिषद का प्रांतीय सम्मेलन व होली मिलन संपन्न

**रायबरेली।** वैश्य एकता परिषद का प्रांतीय सम्मेलन रिफॉर्म क्लब के मैदान में संपन्न हुआ जहां पर कई जिलों के वैश्य समाज के लोग व पदाधिकारी एकत्रित हुए। आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ सुमंत गुप्ता ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी और बताया कि इस प्रांतीय सम्मेलन का उद्देश्य होली मिलन के साथ-साथ आगामी दिनों में होने वाले जिला पंचायत के चुनाव में समाज के लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करना और उन्हें उनके उद्देश्य में सफलता दिलाना शामिल है। कार्यक्रम में पहुंचे विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय महासचिव इं. विजय रस्तोगी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों को सम्मानित किया और कहा कि वैश्य समाज हमेशा से ही राष्ट्रीय और सामाजिक हितों की रक्षा के लिए सर्वोपरि रहा है आर्थिक रूप से सामाजिक व्यवस्था को मजबूती देने का काम करता रहा है और समाज का यह काम इतिहास से लेकर वर्तमान तक किया जा रहा है। प्रांतीय सम्मेलन में फतेहपुर, बाराबंकी, प्रतापगढ़, प्रयाग कानपुर, मैनपुरी, इटावा, कौशांबी व अन्य जिले से भी लोग शामिल हुए।

संक्षेप

## डीबीएस बैंक के सीईओ पद से पीयूष गुप्ता हटे

सिंगापुर। सिंगापुर के शीर्ष बैंकर पीयूष गुप्ता ने 15 वर्षों तक डीबीएस बैंक की कमान संभालने के बाद इसके मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पद छोड़ दिया है। गुप्ता के स्थान पर अब डीबीएस बैंक की कमान तान सु शान संभालेंगी। वह डीबीएस के इतिहास में पहली महिला सीईओ हैं। डीबीएस की प्रमुख शेयरधारक कंपनी टेमासेक होल्डिंग्स के सीईओ दिलहान पिल्लै ने कहा कि गुप्ता ने अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में डीबीएस के व्यापक कायाकल्प को अंजाम दिया और बैंक को लगातार कई मंचों से सर्वश्रेष्ठ बैंक का पुरस्कार हासिल हुआ है। पिल्लै ने शुक्रवार को डीबीएस की वार्षिक आम बैठक (एजीएम) में पढ़े गए एक बयान में कहा कि डीबीएस के चेयरमैन पीटर सीह और गुप्ता के बीच साझेदारी ने बैंक, इसकी फ्रेंचाइजी, इसके शेयरधारकों और वित्तीय सेवा क्षेत्र के लिएै महत्वपूर्ण मूल्यै सृजित किया। भारत के मेरठ में जन्मे गुप्ता ने नवंबर, 2009 में पहली बार डीबीएस बैंक के सीईओ की भूमिका संभाली थी। उसके बाद से वह 15 से अधिक वर्षों तक इसके शीर्ष अधिकारी रहे।

## वक्फ विधेयक को लुटेरा कानून कहा जाना चाहिए : ओवैसी

हैदराबाद। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने वक्फ (संशोधन) विधेयक पर केंद्र की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की तीखी आलोचना की और कहा कि विधेयक को लुटेरा (संशोधन) कानून कहा जाना चाहिए क्योंकि भाजपा नीत शासन वक्फ की संपत्तियों को हथियाना चाहता है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उस कथित टिप्पणी कि कोई भी वक्फ अधिकरण के खिलाफ अदालतों में नहीं जा सकता, ओवैसी ने कहा कि शाह झूठ बोल रहे हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक के मुखर आलोचक रहे ओवैसी ने आरोप लगाया कि यह संविधान के कई प्रावधानों का उल्लंघन करता है, जिसमें अनुच्छेद 14, 26 और 29 शामिल हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, भाजपा और राजग सरकार लुटेरों का काम कर रही है। वे वक्फ संपत्तियों को छीनना चाहते हैं। आप सर्वेक्षण आयुक्त (प्रस्तावित विधेयक के अनुसार) को क्यों हटा रहे हैं। यह वरिष्ठतम पद है। यह सब लूटपाट के लिए है। इसे वक्फ (संशोधन) नहीं बल्कि लुटेरा (संशोधन) कानून कहा जाना चाहिए। शाह की कथित टिप्पणियों पर ओवैसी ने कहा कि कई न्यायाधिकरण हैं, जिनमें आयकर अधिकरण और रेलवे दावे अधिकरण शामिल हैं और उच्च न्यायालय में इसके निर्णयों के खिलाफ याचिका दायर की जा सकती है। ओवैसी ने कहा क्या आप आयकर अधिकरण के खिलाफ (पुनर्विचार याचिका) नहीं दाखिल कर सकते? अमित शाह देश को गुमराह कर रहे हैं और झूठ बोल रहे हैं। शाह ने शुक्रवार को यह स्पष्ट किया कि वक्फ (संशोधन) विधेयक, जिसे अगस्त 2024 में एक संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के लिए भेजा गया था, को संसद के वर्तमान सत्र में चर्चा एवं पारित करने के लिए लाया जाएगा।

## दक्षिण अफ्रीका ड्राइविंग के लिए सबसे खतरनाक देश

जोहानिसबर्ग। ड्राइविंग के लिए दक्षिण अफ्रीका सबसे खतरनाक देश आंका गया है जबकि भारत 53 देशों में 49वें स्थान पर है। एक शोध रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। अमेरिका स्थित ड्राइवर प्रशिक्षण कंपनी जुटोबी डॉट कॉम की इस वार्षिक रिपोर्ट में दक्षिण अफ्रीका को ड्राइविंग के लिए दुनिया का सबसे खतरनाक देश बताया गया है। इस सूची में भारत सुरक्षित ड्राइविंग के लिहाज से 49वें स्थान पर है जबकि अमेरिका 51वें स्थान पर है। लगातार चौथे साल नॉर्वे ड्राइविंग के लिए दुनिया का सबसे सुरक्षित देश चुना गया है जबकि दक्षिण अफ्रीका लगातार दूसरे साल सूची में अंतिम स्थान पर है। जुटोबी ने एक बयान में कहा कि सड़कों पर गति सीमा, ड्राइवरों के रक्त में अल्कोहल की सीमा और सड़क यातायात मृत्यु दर जैसे संकेतकों के आधार पर इन देशों का विश्लेषण किया गया। सभी देशों में प्रति एक लाख लोगों पर सड़क हादसों में होने वाली मौतों की औसत संख्या पिछले वर्ष के 8.9 से घटकर 6.3 हो गई है। हालांकि वाहनों की गति सीमा और रक्त में अल्कोहल की सांद्रता सीमा में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

# देश की सौर पीवी विनिर्माण क्षमता बढ़ी

एजेंसी



नवसारी। केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी ने शनिवार को कहा कि देश की सौर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता वर्तमान 80 गीगावाट से बढ़कर वर्ष 2030 तक 125 गीगावाट हो जाएगी जबकि इसकी स्थापित सौर सेल विनिर्माण क्षमता जल्द ही 25 गीगावाट से बढ़कर 40 गीगावाट पहुंच जाएगी।

जोशी ने गुजरात के नवसारी में वारी एनर्जीज लिमिटेड की 5.4 गीगावाट क्षमता की सौर सेल विनिर्माण इकाई का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा, देश में 2014 में सौर पीवी मॉड्यूल विनिर्माण लगभग नदारद था। लेकिन आज के समय में वारी एनर्जीज जैसी कंपनियां 80 गीगावाट सौर पीवी मॉड्यूल का उत्पादन कर रही हैं। वर्ष 2030 तक, हमारी कुल सौर पीवी विनिर्माण क्षमता 125 गीगावाट हो जाएगी। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में सौर सेल विनिर्माण भी शून्य था लेकिन आज 25 गीगावाट का विनिर्माण हो रहा है, और बहुत जल्द देश 40 गीगावाट के लक्ष्य तक पहुंच जाएगा। जोशी ने कहा कि भारत नवीकरणीय ऊर्जा का दुनिया में तीसरा बड़ा उत्पादक बन गया है, और वर्तमान में 220 गीगावाट से 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल कर लेगा। उन्होंने कहा कि ग्रीन अमोनिया के लिए दुनिया की सबसे बड़ी बोली भारत ने लगाई थी और इलेक्ट्रोलाइजर एवं ग्रीन हाइड्रोजन विनिर्माण के लिए 50 प्रतिशत निर्यात ऑर्डर बुक किए गए हैं। उन्होंने कहा, हम नवीकरणीय ऊर्जा के तीसरे सबसे बड़े उत्पादक हैं। दस साल पहले, हम इस नक्शे पर कहीं नहीं थे। लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बहुत कुछ हासिल किया गया है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने गुजरात कौ विकास के रोल मॉडल और विकास इंजनै के साथ नीति संचालित राज्यै के रूप में स्थापित करने के लिए मोदी की सराहना की। पटेल ने कहा, कारोबार में आसानी, जनहितैषी नीतियों और बुनियादी सुविधाओं ने गुजरात को उद्योगपतियों के लिए पसंदीदा राज्य बनने में मदद की है। हमने उस परंपरा को आगे बढ़ाया है और अधिक बड़े एवं उभरते उद्योगों को आकर्षित करने के लिए आत्मनिर्भर गुजरात नीति लेकर आए हैं। इस नीति के तहत 43,000 करोड़ रुपये के निवेश से 183 इकाइयां चालू हो गई हैं।

# अमित शाह बिहार विधानसभा चुनाव से पहले राज्य के दो दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे



पटना। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार देर शाम दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे जहां वह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के नेताओं से मुलाकात करेंगे और कुछ सार्वजनिक समारोहों को संबोधित करेंगे। भाजपा के पूर्व अध्यक्ष शाह का यहां हवाई अड्डे पर केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय सहित पार्टी के अन्य नेताओं ने स्वागत किया। राय ने शाह के आगमन से पहले संवाददाताओं से कहा, हम अमित शाह के बिहार दौरे को लेकर उत्साहित हैं, जिन्होंने वादा किया है कि अयोध्या के राम जन्मभूमि की तरह ही माता सीता का एक भव्य मंदिर हमारे राज्य में बनाया जाएगा। शाह पटना पहुंचने पर सीधे पार्टी कार्यालय पहुंचे।

भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के अनुसार शाह पार्टी विधायकों से बातचीत करेंगे, उसके बाद देर रात तक कोर कमेटी की बैठक होगी, जिसमें बिहार के केंद्रीय मंत्री और अन्य वरिष्ठ नेता शामिल होंगे। शाह रविवार को सहकारिता विभाग के एक समारोह को संबोधित करेंगे। शाह इसके बाद गोपालगंज जिले में एक रैली को संबोधित करने के लिए रवाना होंगे। बिहार भाजपा अध्यक्ष ने कहा, गोपालगंज से लौटने पर शाह राजग की एक महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिए मुख्यमंत्री के आवास जाएंगे, उसके बाद वापसी की उड़ान भरेंगे। भाजपा के प्रमुख रणनीतिकार माने जाने वाले शाह का यह दौरा बिहार विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले हो रहा है। राजग की बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई वाली जद(यू) के अलावा लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा जैसे अन्य सहयोगी दलों के नेता शामिल होंगे।

# पार्क मेडी वर्ल्ड ने 1.260 करोड़ के आईपीओ के लिए सेबी को किया आवेदन

नयी दिल्ली। पार्क ब्रांड के तहत अस्पतालों का संचालन करने वाली कंपनी पार्क मेडी वर्ल्ड्स ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 1,260 करोड़ रुपये जुटाने के लिए बाजार नियामक सेबी के पास प्रारंभिक दस्तावेज जमा किए हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास शुक्रवार को दाखिल मसौदा दस्तावेज के मुताबिक, इस आईपीओ में 900 करोड़ रुपये मूल्य के नए शेयर जारी किए जाएंगे और प्रवर्तक अजीत गुप्ता की तरफ से 300 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की बिक्री पेशकश की जाएगी। इसके अलावा, कंपनी 192 करोड़ रुपये तक के आईपीओ-पूर्व आवंटन पर भी विचार कर सकती है। यह आवंटन पूरा होने पर जुटाई गई राशि को नए निर्गम के आकार में से कम कर दिया जाएगा।

कंपनी ने आईपीओ से मिलने वाली राशि में से 410 करोड़ रुपये का उपयोग ज्ण भुगतान और 110 करोड़ रुपये का इस्तेमाल एक नए अस्पताल के विकास और एक मौजूदा अस्पताल के विस्तार से संबंधित पूंजीगत व्यय के लिए करने की योजना बनाई है। कंपनी 77.19 करोड़ रुपये के चिकित्सा उपकरणों की खरीद करेगी जबकि शेष धनराशि का उपयोग नए अधिग्रहण और सामान्य कंपनी उद्देश्यों के लिए किया जाएगा।

# गैर-वित्तीय क्षेत्र में उच्च-स्तरीय समिति जल्द शुरू करेगी काम

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय वित्त सचिव और आर्थिक मामलों के सचिव **अजय** सेठ ने शनिवार को कहा कि गैर-वित्तीय क्षेत्र में नियामकीय सुधारों पर प्रस्तावित उच्च-स्तरीय समिति को जल्द ही अपना काम शुरू करना चाहिए ताकि बजट 2025-26 में कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के लिए घोषित कदम को साकार किया जा सके।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले महीने अपने बजट भाषण में सभी गैर-वित्तीय क्षेत्र के नियमों, प्रमाणन, लाइसेंस और मंजूरियों की समीक्षा के लिए नियामकीय सुधारों के लिए एक उच्च स्तरीय समिति के गठन की घोषणा की थी। सीतारमण ने कहा था, इस समिति से एक साल के भीतर सिफारिशें देने की उम्मीद की जाएगी। इसका उद्देश्य विश्वास-आधारित आर्थिक संचालन को मजबूत करना और कारोबारी सुगमता को बढ़ाने के लिए बदलावकारी उपाय करना है, खासकर निरीक्षण और अनुपालन के मामलों में। राज्यों को इस प्रयास में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। वित्त सचिव ने पिछले 10 वर्षों में किए गए संरचनात्मक सुधारों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन सुधारों को प्रौद्योगिकी में बदलाव के साथ तालमेल बिठाना, उपयोगी न रह गए विधायी प्रावधानों को हटाना और 21वीं सदी एवं अगले 23 वर्षों में उनकी प्रासंगिकता बनाए रखने पर भी ध्यान देना होगा।

सेठ ने यहां आयोजित स्कोच शिखर सम्मेलन में कहा कि हल्के-फुल्के नियामकीय सुधारों की तरफ कदम बढ़ाने की जरूरत है, जो लोगों के अनुकूल, आधुनिक एवं लचीले हों। उन्होंने कहा, इस पहलू को ध्यान में रखते हुए गैर-वित्तीय क्षेत्र में नियामकीय सुधारों पर एक उच्च स्तरीय समिति की पहल जल्द ही शुरू होनी चाहिए।

# कर्नाटक सरकार ने 3500 करोड़ से अधिक की 69 परियोजनाओं को मंजूरी

बेंगलुरु। कर्नाटक सरकार ने यहां आयोजित राज्य स्तरीय निगरानी समिति की 152वीं बैठक के दौरान शनिवार को 3500.86 करोड़ रुपये के कुल निवेश वाली 69 परियोजनाओं को मंजूरी दी। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, कर्नाटक के बड़े, मध्यम उद्योग एवं बुनियादी ढांचा विकास मंत्री एमबी पाटिल के नेतृत्व में मंजूर की गई इन परियोजनाओं से राज्य भर में लगभग 24,954 लोगों के लिए रोजगार अवसर सृजित होने की उम्मीद है। प्रमुख स्वीकृतियों में ज्योति सीएनसी ऑटोमेशन लिमिटेड शामिल है, जो 3,394 लोगों को रोजगार देने वाले मशीन टूल सेंटर पर 285 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। वहीं कर्नाटक सोप्स एंड डिटर्जेंट लिमिटेड साबुन और डिटर्जेंट के निर्माण में 250 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। हिंदुस्तान कोका कोला बेवरेजेज प्राइवेट लिमिटेड पेय पदार्थों के निर्माण में 249 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बना रही है। इन परियोजनाओं के साथ पाटिल ने औद्योगिक निवेश को सुविधाजनक बनाने और टिकाऊ विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाली उच्च प्रभाव वाली परियोजनाओं का समर्थन करके कर्नाटक की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

# दिल्ली में सफाई अभियान तेज

एजेंसी



नयी दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का स्वच्छ दिल्ली अभियान जोरों पर है जिसके तहत नागरिक एजेंसियां सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई करने के साथ-साथ सरकारी संपत्तियों से अवैध पोस्टर एवं बैनर हटाने का काम कर रही हैं। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गयी है। इस सप्ताह के प्रारंभ में एक बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने अभियान के लिए निर्देश दिये थे। अभियान के तहत सभी गलियों, सड़कों, फ्लाई ओवर और सार्वजनिक स्थानों की साफ-सफाई की जा रही है तथा सरकारी संपत्तियों से अवैध बैनर और पोस्टर हटाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस अभियान में धर्मस्थलों और मंदिरों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि पूरी तरह से स्वच्छता प्रक्रिया सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों को इन उपायों का स्पष्ट कार्यान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि नागरिक इस पहल का सीधा प्रभाव अनुभव कर सकें। गुप्ता ने इस बात पर जोर दिया कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। हिंदू नववर्ष के अवसर पर सरकार ने बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान शुरू किया और यह सुनिश्चित किया है हर गली, सड़कें और सार्वजनिक स्थान अच्छा दिखे। बयान में कहा गया है कि अधिकारियों को अवैध पोस्टर और होर्डिंग लगाने वालों के खिलाफ संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत सख्त कार्वाई करने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) को विभिन्न वार्डों में दैनिक क्षेत्र निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

## फडणवीस ने अजित पवार की टिप्पणी का किया बचाव

पंढरपुर। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को फसल ज्ण माफी पर उपमुख्यमंत्री अजित पवार की टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने सरकार का रुख सामने रखा है। पवार ने शुक्रवार को पुणे के बारामती में एक कार्यक्रम में कहा था कि राज्य की मौजूदा वित्तीय स्थिति फसल ज्ण माफी की अनुमति नहीं देती है। उन्होंने किसानों से इस संबंध में घोषणा की प्रतीक्षा करने के बजाय समय पर किस्तों का भुगतान करने को कहा था। फडणवीस सरकार में वित्तमंत्री पवार ने कहा था, कोई अन्य चीजों का दिखावा कर सकता है, लेकिन वित्तीय वास्तविकता का नहीं। उन्होंने कहा था चुनाव घोषणापत्र में फसल ज्ण माफी का वादा किया गया था। लेकिन आज मैं किसानों से कहना चाहता हूं।

# जर्मनी की कंपनी भारत में करेगी 1.5 अरब डॉलर का निवेश

एजेंसी



नयी दिल्ली। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि रसायन क्षेत्र की एक जर्मन कंपनी ने भारत में 1.5 अरब डॉलर का निवेश करने का फैसला किया है और एक राज्य ने इस परियोजना के लिए जमीन भी चिह्नित कर ली है। हालांकि गोयल ने इस कंपनी या उसे बुलाने के इच्छुक राज्य का नाम नहीं बताया लेकिन उन्होंने कहा कि इस कंपनी के प्रमुख रविवार को उस राज्य के मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सकते हैं। गोयल ने यहां यूनियन इंटरनेशनेल डेस एवोकेट्स (यूआईए) के एक सत्र में कहा कि कंपनी को भूमि का आवंटन मिल जाएगा और अगले 12 महीनों में देश में 1.5 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश आएगौ। यह कंपनी एक बंदरगाह के पास लगभग 250 एकड़ जमीन की तलाश कर रही है। जर्मनी भारत में नौवां सबसे बड़ा निवेशक देश है। अप्रैल 2000 से दिसंबर 2024 के दौरान देश को लगभग 15 अरब डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) मिला है।

गोयल ने कहा कि अधिक से अधिक कंपनियां भारत में व्यापार के अवसरों का पता लगाने के लिए आना चाह रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अनुपालन बोझ को कम करके और छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर कर कारोबारी माहौल को बेहतर बनाने के लिए कई उपाय किए हैं। उन्होंने कहा कि इन उपायों से निवेशकों में नया विश्वास पैदा हो रहा है।

कारोबार संबंधी विवादों के समाधान के लिए मध्यस्थता का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अगर दोनों पक्ष मध्यस्थता के परिणामों को स्वीकार करने में ईमानदार हैं तो यह तंत्र न्यायिक देरी को कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता को अधिक मजबूत बनाने की जरूरत है ताकि यह सभी हितधारकों में विश्वास पैदा कर सके। उन्होंने कहा, हमारे कामकाज में मध्यस्थता और बीच-बचाव को अधिक लोकप्रिय बनाने पर भी विचार करने की जरूरत है।

## पेज एक का शेष

### इसरो ने

इंजन के निर्माण से पहले पीएचटीए पर कई परीक्षण करने की योजना बना रहा है ताकि इसके प्रदर्शन को और अधिक प्रमाणित और परिष्कृत किया जा सके। इसरो ने कहा कि इसरो का द्रव्य प्रणोदन प्रणाली केंद्र (एलपीएससी) सेमी क्रायोजेनिक प्रणोदन इंजन और स्टेज का विकास कर रहा है। उसने बताया कि 2,000 केएन सेमी-क्रायोजेनिक इंजन (एसई2000) द्वारा संचालित स्टेज (एससी120) पेलोड वृद्धि के लिए एलएमवी3 के वर्तमान कोर लिक्विड स्टेज (एल110) की जगह लेगा और भविष्य के प्रक्षेपण यानों के बूस्टर चरणों को शक्ति प्रदान करेगा। सेमी-क्रायोजेनिक प्रणोदन में गैर विषैले और गैर खतरनाक प्रणोदक (तरल ऑक्सीजन और मिट्टी का तेल) का उपयोग किया जाता है और यह मौजूदा एल110 स्टेज की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करता है।

### धार्मिक स्थलों

चैत्र नवरात्र के दिनों में पूरे प्रदेश में समान रूप से निर्बाध 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि मंदिरों के आसपास अंडा-मांस आदि की दुकानें नहीं होनी चाहिए।

### म्यांमार में

के कारण कई इलाकों में इमारतें ढह गईं और व्यापक क्षति हुई है। भूकंप शुक्रवार दोपहर को आया, जिसका केंद्र म्यांमा के मांडले शहर से ज्यादा दूर नहीं था, इसके बाद कई झटके महसूस किए गए, जिनमें से एक की तीव्रता 6.4 थी। भूकंप के कारण कई क्षेत्रों में इमारतें ढह गईं, सड़कें क्षतिग्रस्त हो गईं, पुल ढह गए तथा एक बांध टूट गया। राजधानी नेपीता में शनिवार को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए कर्मचारी काम कर रहे थे, जबकि शहर के अधिकांश हिस्सों में बिजली, फोन और इंटरनेट सेवाएं बंद रहीं। भूकंप के कारण कई इमारतें ढह गईं, जिनमें सरकारी कर्मचारियों के आवास भी शामिल थे, लेकिन शनिवार को अधिकारियों ने शहर के उस हिस्से को अवरोधक लगाकर बंद कर दिया। म्यांमा के पड़ोसी देश थाईलैंड में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए और इसने राजधानी बैंकॉक समेत देश के अन्य क्षेत्रों को हिलाकर रख दिया।

### भारत ने शुरू

के तहत प्रभावित क्षेत्रों में आपदा राहत सामग्री, मानवीय सहायता, तलाश एवं बचाव दल भेज रहा है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि भारतीय नौसैन्य जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री 40 टन मानवीय सहायता लेकर यांगून बंदरगाह की ओर बढ़ रहे हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में जयशंकर ने यह भी कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की 80 सदस्यीय खोज एवं बचाव टीम म्यांमा की राजधानी नेपीता के लिए रवाना हो गई है। उन्होंने कहा कि वे म्यांमा में बचाव कार्यों में सहायता करेंगे।

भारत ने इससे पहले दो अवसरों पर विदेश में एनडीआरएफ को तैनात किया। नेपाल में 2015 के भूकंप के दौरान और 2023 में तुर्किये के भूकंप के दौरान एनडीआरएफ कर्मी मदद के लिए गए थे। सुबह में, भारत ने भारतीय वायु सेना के सी130जे सैन्य परिवहन विमान से म्यांमा के शहर यांगून में राहत सामग्री भेजी। अधिकारियों ने बताया कि तंबू, स्लीपिंग बैग, कंबल, तैयार भोजन, जल शुद्धिकरण उपकरण, सौर लैंप, जनरेटर सेट और आवश्यक दवाओं समेत राहत सामग्री भेजी गई। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री के साथ भारतीय वायुसेना के दो और विमान म्यांमा भेजे जा रहे हैं और ये विमान जल्द ही हिंडन वायुसेना स्टेशन से रवाना होंगे। अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 60 पैरा-फील्ड एम्बुलेंस भी हवाई मार्ग से म्यांमा भेजी जा रही हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक्स पर लिखा, ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू हो गया है। भारत से मानवीय सहायता की पहली खेप म्यांमा के यांगून हवाई अड्डे पर पहुंच गई है। म्यांमा में भारतीय राजदूत अभय ठाकुर ने राहत सामग्री यांगून के मुख्यमंत्री यू सोई थीन को सौंपी।

### छत्तीसगढ़ में मुठभेड़

की मौजूदगी की सूचना के आधार पर शुक्रवार रात शुरू किए गए अभियान में जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवान शामिल थे। उन्होंने बताया अब तक मुठभेड़ स्थल से 16 नक्सलियों के शव बरामद किए गए हैं। अभियान अब भी जारी है। अधिकारी ने बताया कि कार्वाई के दौरान डीआरजी के दो जवान मामूली रूप से घायल हुए हैं, उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एके-47 राइफल, सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), इंसास राइफल, .303 राइफल, रॉकेट लांचर और बैरल ग्रेनेड लांचर (बीजीएल) सहित भारी मात्रा में हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद किया गया है।

### मस्क ने

मूल्य 80 अरब डॉलर और एक्स का मूल्य 33 अरब डॉलर आंका गया है। टेस्ला एवं स्पेसएक्स कंपनियों के मुखिया और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सलाहकार मस्क ने वर्ष 2022 में ट्विटर नामक साइट को 44 अरब डॉलर में खरीदा था। उन्होंने इसकी नीतियों में बदलाव करने के साथ इसका नाम भी बदलकर एक्स कर दिया था। उन्होंने एक साल बाद कृत्रिम मेधा पर आधारित मंच एक्सएआई को भी पेश किया था।

मस्क ने कहा, एक्सएआई और एक्स का भविष्य आपस में जुड़ा हुआ है। हम आधिकारिक तौर पर इनके डेटा, मॉडल, कंप्यूट, वितरण और प्रतिभा को मिलाने का कदम उठाते हैं। यह संयोजन एक्सएआई की उन्नत क्षमता और विशेषज्ञता को एक्स की व्यापक पहुंच के साथ मिलाकर अपार संभावनाएं पैदा करेगा। उन्होंने कहा कि साझा कंपनी सत्य की खोज और ज्ञान को आगे बढ़ाने के मूल मिशन के प्रति सच्चा रहते हुए अरबों लोगों को अधिक स्मार्ट, अधिक सार्थक अनुभव प्रदान करेगी।

### उत्तराखण्ड : धामी

हर क्षेत्र में तेजी से कार्य किये जा रहे है। प्रदेश में शहरों से लेकर सुदूर गांवों तक सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है, वहीं ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य पूर्ण कर जल्द ही पहाड़ों में रेल का सपना साकार करने की दिशा में भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही उड़ान योजना के माध्यम से देहरादून, अल्मोड़ा, उत्तराकाशी, गौचर और पिथौरागढ़ सहित प्रदेश के लगभग 12 नगरों के लिए हेली सेवाएं प्रारंभ होने से राज्य की एयर कनेक्टिविटी मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि दिल्ली देहरादून एक्सप्रेसवे का कार्य तेजी से पूर्ण किया जा रहा है। साथ ही देहरादून में रिस्पना और बिंदाल नदी के ऊपर फोरलेन एलिवेटेड रोड का निर्माण करने की योजना भी तैयार की जा रही है। देहरादून में 1400 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न परियोजनाओं पर कार्य कर रहे हैं। शहर में स्मार्ट स्कूलों की स्थापना करने के साथ ही लैंसडाउन चौक पर 650 पाठकों की क्षमता वाली अत्याधुनिक लाइब्रेरी का निर्माण किया गया है। एक ओर जहां शहर में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 30 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जा रहा है, वहीं निजी इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए 11 स्थानों पर चार्जिंग स्टेशनों का निर्माण भी किया जा रहा है।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि आमजन के हित में सरकार के लिए गए फैसले देश में नजीर बन गए हैं। उन्होंने बताया कि पिछले तीन वर्षों में अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू करने के साथ ही इन योजनाओं को प्रदेश के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लेकर कार्य किया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए विभिन्न जागरुकता अभियान चलाने के साथ ही हमने लगभग सभी योजनाओं की आवेदन प्रक्रिया को ऑनलाइन किया है। साथ ही यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि प्रदेश वासियों को घर बैठे ही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। गौरतलब है कि सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देहरादून के साथ ही पूरे प्रदेश में जनपद, विधानसभा और ब्लॉक स्तर पर बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में, एक ही स्थान पर लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ मौके पर ही आवेदन और निस्तारण आदि की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। इस अवसर पर मेयर देहरादून सौरभ थपलियाल, दर्जधारी राज्य मंत्री डॉ. देवेंद्र भसीन, कैलाश पंत, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद मसूरी मीरा सकलानी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल, भाजपा युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### अमेरिका-भारत

अधिकारियों की चार दिवसीय वार्ता के बाद यह निर्णय लिया गया। ये बातचीत शनिवार को यहां समाप्त हुई। अमेरिका के दक्षिण एवं पश्चिम एशिया के सहायक व्यापार प्रतिनिधि ब्रैंडन लिंच की अगुवाई में अमेरिकी अधिकारियों की एक टीम वार्ता के लिए भारत दौरे पर आई हुई थी। दोनों देशों के बीच यह बातचीत अमेरिका की तरफ से दो अप्रैल को भारत सहित अपने प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी सीमा शुल्क लगाने की धमकी की पृष्ठभूमि में हुई है। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा बीटीए के तहत क्षेत्र विशेषज्ञों के स्तर पर जुड़ाव आने वाले हफ्तों में ऑनलाइन माध्यम से शुरू होंगे और व्यक्तिगत रूप से शुरुआती वार्ता दौर का मार्ग प्रशस्त करेंगे। मंत्रालय ने कहा कि निष्पक्षता, राष्ट्रीय सुरक्षा और रोजगार सृजन सुनिश्चित करने वाले विकास को बढ़ावा देने के साझा उद्देश्य को साकार करने के लिए दोनों पक्षों ने यहां चार दिनों की चर्चा की।

इन चर्चाओं के दौरान दोनों पक्षों ने प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को गहरा करने पर विचारों का आदान-प्रदान किया, जिसमें बाजार पहुंच बढ़ाना, शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं को कम करना और पारस्परिक रूप से लाभकारी तरीके से आपूर्ति श्रृंखला एकीकरण को गहरा करना शामिल है। भारत और अमेरिकी अधिकारियों की यह बैठक वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की मार्च की शुरुआत में हुई अमेरिकी यात्रा के बाद हुई है। गोयल ने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर और वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक से मुलाकात की थी। मंत्रालय ने कहा, चर्चा का सफल समापन भारत-अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने के प्रयासों में प्रगति को दर्शाता है, ताकि दोनों देशों में समृद्धि, सुरक्षा और नवाचार को बढ़ावा दिया जा सके। ये कदम व्यवसायों के लिए नए अवसरों को खोलने, द्विपक्षीय आर्थिक एकीकरण को बढ़ावा देने और दोनों व्यापारिक भागीदारों के बीच आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए तैयार किए गए हैं। दोनों देशों ने इस बैठक के परिणामों पर संतोष व्यक्त किया और सहयोग की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

### आतंकियों की

पुलिस महानिदेशक नलिन प्रभात ने शुक्रवार देर शाम स्पष्ट किया कि मुठभेड़ में केवल दो आतंकवादी ढेर हुए हैं और चार पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं। तीन पुलिसकर्मियों- बलविंदर सिंह चिब, जसवंत सिंह और तारिक अहमद के शव बरामद किए गए और डीजीपी की अगुवाई में जिला पुलिस लाइन कठुआ में पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया, जिसके बाद उनके शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों मुठभेड़ स्थल पर तलाशी अभियान जारी है। इसके साथ ही, आतंकवादियों को पकड़ने और उन्हें खत्म करने के लिए तलाशी अभियान को बिलावर हाइट्स सहित आसपास के इलाकों तक बढ़ा दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल के पास सुबह के समय गोलीबारी और जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। हालांकि, बाद में यह साफ किया गया कि यह गोलीबारी सुरक्षा बलों द्वारा जानबूझकर की गई थी, जो आतंकवादियों के खिलाफ अपनी रणनीति का हिस्सा थी।




## संक्षेप

### आस्ट्रेलिया ने 29 साल में जीता शेफील्ड शील्ड

एडीलेड। साउथ आस्ट्रेलिया ने क्वींसलैंड को चार विकेट से हराकर 29 साल में पहली बार शेफील्ड शील्ड क्रिकेट टूर्नामेंट जीता। साउथ आस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में छह विकेट पर 270 रन बनाकर चौथे दिन ही जीत दर्ज की। जेसन संघा ने नाबाद 126 रन बनाये जबकि आस्ट्रेलियाई विकेटकीपर एलेक्स कैरी ने 105 रन की पारी खेली। दोनों ने 202 रन की साझेदारी की। क्वींसलैंड की टीम पहली पारी में 95 रन पर आउट हो गई थी। जवाब में साउथ आस्ट्रेलिया ने 271 रन बनाये थे। क्वींसलैंड ने दूसरी पारी में 445 रन बनाकर साउथ आस्ट्रेलिया को 270 रन का लक्ष्य दिया था।

### ब्राजील विश्व कप क्वालीफायर में हारा

साओ पाउलो। ब्राजील के कोच डोरिवल जूनियर को टीम के निराशाजनक प्रदर्शन और खराब नतीजों के कारण 14 महीने के भीतर ही पद से हटा दिया गया। ब्राजील को ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना ने 4 .। से हराया जो विश्व कप क्वालीफायर मुकाबले में उसकी सबसे शर्मनाक हार है। इसके तीन दिन बाद ही ब्राजीली फुटबॉल परिसंघ के अध्यक्ष एडनाल्डो रौड्रिगेस ने जूनियर को हटाने का फैसला किया। उन्होंने मीडिया से कहा परिसंघ यह घोषणा करता है कि डोरिवल जूनियर का कार्यकाल पूरा हो गया। अब हम विकल्प की तलाश कर रहे हैं। ब्राजील विश्व कप 2026 दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग तालिका में पांचवें स्थान पर है। शीर्ष छह टीमें स्वतः क्वालीफाई करेंगी। ब्राजील पिछले साल कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में उरूग्वे से हारकर बाहर हो गया था।

### डेम्पो के खिलाफ ड्रॉ से रीयल कश्मीर को झटका

मडगांव। रीयल कश्मीर एफसी ने शनिवार को यहां डेम्पो एससी के खिलाफ ।-।से ड्रॉ खेला जिससे टीम की आईलीग खिताब की उम्मीदों को झटका लगा। मध्यांतर के समय डेम्पो की टीम।-0 से आगे थी। कपेही जीन-चार्ल्स दिदिएर ब्रोसोउ ने 43वें मिनट में डेम्पो को बढ़त दिलाई लेकिन रीयल कश्मीर ने 52वें मिनट में कमल इसाह के गोल से बराबरी हासिल कर ली जिससे बाद दोनों टीम गोल करने में नाकाम रहीं। रीयल कश्मीर की खिताब की उम्मीद पूरी तरह से खत्म नहीं हुई हैं। टीम शीर्ष पर चल रहे चर्चिल ब्रदर्स से दो अंक पीछे है जिसने एक मैच कम खेला है। रीयल कश्मीर 21 मैच में 36 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। डेम्पो के 21 मैच में 26 अंक हैं।

### मेस्सी, जोकोविच मियामी ओपन फाइनल में

मियामी गार्डन्स (फ्लोरिडा)। चौथी वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर मियामी ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश किया तो दर्शक दीर्घा में उनके लिये तालियां बजाने वालों में महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी शामिल थे। जोकोविच ने 14वीं वरीयता प्राप्त दिमित्रोव को 6 . 2, 6 . 3 से हराया। अब सातवें मियामी ओपन खिताब के लिये उनका सामना 19 साल के गैर वरीय जाकूब मेंसिक से होगा जिन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7 . 6, 4 . 6, 7 . 6 से परास्त किया। सैतीस वर्ष के जोकोविच अगर जीत जाते हैं तो यह उनका सौवां पेशेवर खिताब होगा। कोर्ट पर इंटरव्यू में जोकोविच ने मेस्सी की मौजूदगी का जिक्र किया। मेस्सी मेजर लीग फुटबॉल में इंटर मियामी के लिये खेलते हैं। उन्होंने बताया कि मेस्सी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ लॉकर रूम में भी आये और उन्होंने एक दूसरे को तोहफे दिये।

### इंडियन ओपन में संधू संयुक्त 15वें स्थान पर

गुरुग्राम। अजितेश संधू शनिवार को यहां इंडियन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद 10 स्थान के फायदे से संयुक्त 15वें स्थान के साथ एक बार फिर भारतीय खिलाड़ियों में शीर्ष पर पहुंच गए। पहले दौर के बाद संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर चल रहे संधू ने तीसरे दौर में तीन बर्डी और पांच बोगी से दो ओवर 74 का स्कोर बनाया। उनका कुल स्कोर चार ओवर है।

# गुजरात टाइटंस के आठ विकेट पर 196 रन

## आईपीएल : साई सुदर्शन की फिफ्टी, गिल-बटलर के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की



एजेंसी

अहमदाबाद । गुजरात टाइटंस ने आईपीएल 2025 के 9वें मुकाबले में मुंबई इंडियंस को जीत के लिए 197 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 196 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 41 बॉल पर 63 रनों की पारी खेली। उन्होंने 4 चौके और दो छक्के लगाए। साई के अलावा, जोस बटलर ने 39 और शुभमन गिल ने 38 रन बनाए। कप्तान हार्दिक पंड्या ने 2 विकेट झटके।

ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, मुजीब उर रहमान और एस राजू को एक-एक विकेट मिला। गुजरात की पारी के आखिरी ओवर से 10 रन आए और 2 विकेट भी गिरे। पारी की आखिरी बॉल पर साई किशोर रनआउट हुए। जबकि चौथी बॉल पर राशिद खान पवेलियन लौटे। इस तरह गुजरात ने 196 रन बनाए। गुजरात ने लगातार तीसरी बॉल पर विकेट गंवाया ।रदरफोर्ट, राहुल तेवतिया और साई सुदर्शन आउट हुए। 19वें ओवर की दूसरी बॉल पर शरफेन रदरफोर्ड (18 रन) को दीपक चाहर ने मिचेल सैंटनर के हाथों कैच कराया। 18वें ओवर की आखिरी बॉल पर साई सुदर्शन (63 रन) को ट्रेंट बोल्ट ने छइह किया। 16वें ओवर में गुजरात ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां हार्दिक पंड्या ने शाहरुख खान (9 रन) को तिलक वर्मा के हाथों कैच कराया। उन्होंने कप्तान शुभमन गिल (38 रन) को भी आउट किया। इसी ओवर में गुजरात ने 150 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया। 15वें ओवर में साई सुदर्शन ने फिफ्टी पूरी की। उन्होंने 33 बॉल पर अर्धशतक बनाया।

साई ने गिल और बटलर के साथ अर्धशतकीय साझेदारियां कीं। 14वें ओवर में गुजरात ने दूसरा विकेट गंवाया। यहां जोस बटलर 39 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें मुजीब उर रहमान ने विकेटकीपर रियान रिकेल्टन के हाथों कैच कराया। 11वें ओवर में गुजरात ने 100 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। पंड्या के ओवर की 5वीं बॉल पर बटलर ने दो रन लेकर स्कोर 100 तक पहुंचाया। गुजरात की पारी के 10वें ओवर में जोस बटलर को जीवनदान मिला। मिचेल सैंटनर के ओवर की चौथी बॉल पर बटलर ने सामने की तरफ बड़ा शॉट खेला। लॉन्ग ऑन बाउंड्री पर खड़े सत्यनारायण राजू ने कोशिश की, लेकिन बॉल उनके हाथ पर लगकर सिक्स के लिए चली गई। बटलर इस समय 2 रन पर बैटिंग कर रहे थे ।9वें ओवर की तीसरी बॉल पर गुजरात ने पहला विकेट गंवाया।

यहां कप्तान शुभमन गिल 38 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें हार्दिक पंड्या ने नमन धीर के हाथों कैच कराया। हार्दिक ने गिल को कढछ में चौथी बार आउट किया है। अहमदाबाद में गुजरात-मुंबई का मैच देखने बड़ी संख्या में फैंस पहुंचे। टॉस हारकर बैटिंग कर रही गुजरात ने तेज शुरूआत की है। टीम ने 6 ओवर में बिना नुकसान 66 रन बना लिए हैं। कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन नाबाद हैं। गुजरात की पारी के छठे ओवर में कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। गिल ने दीपक चाहर के ओवर की तीसरी बॉल पर चौका लगाते हुए टीम का स्कोर 50 पार पहुंचाया।

# पिछले सत्रों से दस गुना बेहतर है आरसीबी टीम का संतुलन



चेन्नई। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू की शानदार शुरूआत को देखते हुए दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि इस बार टीम पिछले सत्रों की तुलना में दस गुना बेहतर लग रही है और उम्दा शुरूआत से आगे उसका काम आसान हो जायेगा। रजत पाटीदार की कप्तानी में आरसीबी ने शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर सत्रह साल बाद हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। आरसीबी के लिये खेल चुके डिविलियर्स ने अपने पॉडकास्ट एबी डिविलियर्स 360 में कहा , इस बार आरसीबी टीम का संतुलन पिछले सत्रों से दस गुना बेहतर है।

उन्होंने कहा पिछले साल आईपीएल नीलामी के समय मैने कहा था कि आरसीबी को संतुलन की जरूरत है। यह गेंदबाजों, बल्लेबाजों या क्षेत्ररक्षकों को लेकर नहीं था। यह आईपीएल टीमों और विकल्पों में अच्छे संतुलन को लेकर था। डिविलियर्स ने कहा मैने भुवनेश्वर कुमार को देखा तो मुझे लगा कि वह नहीं खेल रहा है और फिर दूसरे मैच में वह टीम में था। आपको यही तो चाहिये। पहले मैच में (केकेआर के खिलाफ) वह टीम में नहीं था और दूसरे मैच में वह किसी और की जगह टीम में था। यही वह संतुलन और गहराई है जो टीम को चाहिये होती है। उन्होंने कहा आरसीबी की यह टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ शुरूआत है। नतीजों के नजरिये से ही नहीं बल्कि टीम को देखकर भी। केकेआर को उसके घर पर हराना और फिर चेन्नई को चेपॉक पर मात देना शानदार रहा। अब इससे आगे अंकतालिका में राह आसान हो जायेगी।

**आईसीसी टूर्नामेंट खेलने वाले सभी भारतीय खिलाड़ी सम्मान के हकदार : रोहित**

नयी दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि उनकी टीम ने पिछले नौ महीनों में क्रिकेट के उतार चढ़ावों का सामना करते हुए सफलता हासिल करने के लिए सामूहिक संघर्ष किया है और पिछले तीन आईसीसी टूर्नामेंटों में भाग लेने वाली टीम का प्रत्येक सदस्य सम्मान का हकदार है। भारत को पिछले तीन आईसीसी सीमित ओवरों के टूर्नामेंट में 24 मैचों में से एक में ही पराजय का सामना करना पड़ा जब 2023 वनडे विश्व कप के फाइनल में अहमदाबाद में उसे आस्ट्रेलिया ने हराया।

# मेजबान उत्तर प्रदेश दमदार जीत के साथ फाइनल में



लखनऊ । मेजबान उत्तर प्रदेश ने 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में महाराष्ट्र के खिलाफ बेहतर रणनीति के सहारे 13-7 की जीत से फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में उत्तर प्रदेश की टक्कर हिमाचल प्रदेश से होगी जिसने एक अन्य सेमीफाइनल में राजस्थान को 20-16 से हराया।

दूसरी ओर राजस्थान और महाराष्ट्र ने संयुक्त तीसरे स्थान पर रहते हुए कांस्य पदक साझा किया। हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में केडी सिंह बाबू स्टेडियम के भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हाल में आज सेमीफाइनल व क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। उत्तर प्रदेश ने आज सेमीफाइनल में महाराष्ट्र के खिलाफ तालमेल भरा खेल दिखाया और चुस्ती फुर्ती के साथ लगातार अटैक किए वहीं मेजबान के सुदृढ़ डिफेंस के आगे प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ियों की एक नहीं चली। यूपी ने पहले हॉफ में 6-5 की मामूली बढ़त बनाई लेकिन दूसरे हॉफ में प्रतिद्वंद्वी को खुलकर खेलने का मौका नहीं दिया। उत्तर प्रदेश से सुमन ने चार गोल किए। उनका साथ देते हुए अनन्या ने 3, रेशमा व नैना ने 2-2 जबकि निहारिका व दिया ने एक-एक गोल किए।

महाराष्ट्र से प्राजक्ता ने सर्वाधिक चार गोल दागे। प्लेयर आफ द मैच यूपी की उषा चुनी गई। इससे पूर्व पहले

- 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप
- राजस्थान और महाराष्ट्र को संयुक्त कांस्य पदक

सेमीफाइनल में हिमाचल प्रदेश ने रोमांचक मुकाबले में महत्वपूर्ण मौको को भुनाते हुए राजस्थान को 20-16 से शिकस्त दी। हिमाचल प्रदेश की खिलाड़ियों ने पूरे मैच में बेहतरीन खेल दिखाया वहीं प्रतिद्वंद्वी के बेहतरीन अटैक के चलते हिमाचल मामूली अंतर से जीत दर्ज कर सकी।

हिमाचल प्रदेश से प्लेयर ऑफ द मैच जस्सी ने नौ गोल दागे। उनका साथ देते हुए मुस्कान ने 4 जबकि कृतिका व नितिका ने 2-2 गोल किए। राजस्थान की ओर से सीमा व टीना ने 4-4, मनीषा ने 3 व नोरती ने 2 गोल किए। आज पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि विनोद कुमार सिंह (आईपीएस, एडीजी साइबर क्राइम, लखनऊ) ने कांस्य पदक विजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि का हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के कार्यकारी निदेशक डा.आनन्देश्वर पाण्डेय (महासचिव, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन) ने स्वागत किया। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिशन इंडिया के कोषाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के आयोजन सचिव अमित पाण्डेय, उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के सचिव पुनीत अग्रवाल, यूपी बाक्सिंग एसोसिएशन के पीआरओ दीपक शर्मा, लखनऊ मंडल के क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना, लखनऊ जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के सचिव डा.सुमंत पाण्डेय सहित अन्य मौजूद रहे।

### भारतीय पहलवानों के लिए एशियाई चैंपियनशिप में मुश्किल के दिन

अम्मान (जोर्डन)। सुजीत कलकल को छोड़कर भारत के अन्य पुरुष फ्रीस्टाइल पहलवानों को शनिवार को यहां एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में पहली बाधा पार करने में भी संघर्ष करना पड़ा और तीन भारतीय पहलवानों को रेपेचेज के जरिए अपनी दावेदारी के लिए इंतजार करना होगा। सुजीत ने 65 किग्रा वर्ग में शानदार शुरुआत करते हुए फलस्तीन के अब्दुल्ला असफ को तकनीकी दक्षता से हराया लेकिन वह जापान के काइसेई तनाबे के डिफेंस को नहीं भेद सके। सुजीत को रेपेचेज के जरिए कांस्य पदक के लिए दावा पेश करने का मौका मिलेगा क्योंकि तनाबे खिताबी मुकाबले में पहुंच चुके हैं। इसी तरह विशाल कालीरमन का भाग्य उन्हें हराने वाले मंगोलिया के प्रतिद्वंद्वी तुलगा तुमुर ओचिर के हाथों में है। विशाल अपना पहला मुकाबला 2022 एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता के खिलाफ 0-8 से हार गए। ओचिर का सामना 65 किग्रा के सेमीफाइनल में ताजिकिस्तान के विक्टर रसादिन से होगा और अगर वह जीत जाते हैं तो विशाल को रेपेचेज के जरिए दावा पेश करने का मौका मिलेगा। ओलंपिक कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत की अनुपस्थिति में 57 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करते हुए चिराग एक भी अंक हासिल नहीं कर सके और अल्माज स्मानबेकोव के खिलाफ उन्हें तकनीकी दक्षता के आधार पर हार का सामना करना पड़ा।

# फेथ हाउस ने जीती काक हाउस ट्रॉफी मेधावियों को किया गया सम्मानित




लखनऊ। फेथ हाउस ने मॉडर्न अकादमी, विनय खंड-2, गोमतीनगर के वार्षिक खेल पुरस्कार समारोह में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के चलते काक हाउस ट्रॉफी जीत ली। दूसरी ओर पीस हाउस को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। इस समारोह में खेलकूद और सह-पाठ्यक्रमीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट उपलब्धियां अर्जित करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर हलवासिया सहित विशिष्ट अतिथि डॉ शरद कुमार और लखनऊ ओलंपिक एसोसिएशन के संयुक्त सचिव डॉ आनन्द किशोर पाण्डेय ने सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि सुधीर हलवासिया ने अपने सम्बोधन में छात्रों को परिश्रम, अनुशासन और टीम वर्क का महत्व समझाया और उन्हें जीवन में हमेशा आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय के प्रबंधक सुनील तुली ने की।

- मॉडर्न अकादमी का वार्षिक खेल पुरस्कार समारोह आयोजित

### मेस्सी, जोकोविच मियामी के ओपन फाइनल में

मियामी गार्डन्स (फ्लोरिडा)। चौथी वरीयता प्राप्त नोवाक जोकोविच ने ग्रिगोर दिमित्रोव को हराकर मियामी ओपन टेनिस के फाइनल में प्रवेश किया तो दर्शक दीर्घा में उनके लिये तालियां बजाने वालों में महान फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी शामिल थे। जोकोविच ने 14वीं वरीयता प्राप्त दिमित्रोव को 6 . 2, 6 . 3 से हराया। अब सातवें मियामी ओपन खिताब के लिये उनका सामना 19 साल के गैर वरीय जाकूब मेंसिक से होगा जिन्होंने तीसरी वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज को 7 . 6, 4 . 6, 7 . 6 से परास्त किया। सैतीस वर्ष के जोकोविच अगर जीत जाते हैं तो यह उनका सौवां पेशेवर खिताब होगा। कोर्ट पर इंटरव्यू में जोकोविच ने मेस्सी की मौजूदगी का जिक्र किया। मेस्सी मेजर लीग फुटबॉल में इंटर मियामी के लिये खेलते हैं। उन्होंने बताया कि मेस्सी अपनी पत्नी और बच्चों के साथ लॉकर रूम में भी आये और उन्होंने एक दूसरे को तोहफे दिये।

# दिल्ली कैपिटल्स व सनराइजर्स हैदराबाद आज होंगे आमने-सामने




एजेंसी

विशाखापत्तनम । लखनऊ सुपर जाइंट्स पर शानदार जीत दर्ज करने और भारत के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल की वापसी के साथ आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स रविवार को आईपीएल के मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। अपने अभियान की शानदार शुरूआत के बाद सनराइजर्स को बृहस्पतिवार को लखनऊटीम के हाथों पराजय का सामना करना पड़ा। अब अपने मैदान से बाहर कप्तान पैट कमिंस पर टीम की मोर्चे से अगुवाई का दारोमदार होगा। दूसरी ओर दिल्ली की टीम राहुल की वापसी से मजबूत हुई है। अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण राहुल लखनऊके खिलाफ पहले मैच से बाहर थे।

चैम्पियंस ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत के सूत्रधारों में रहे राहुल को दिल्ली कैपिटल्स ने 14 करोड़ रूपये में खरीदा था। अपने अपार अनुभव के बावजूद उन्होंने कप्तानी नहीं करने का फैसला किया और यह जिम्मेदारी अक्षर पटेल को सौंपी गई। एक समय भारत की हर प्रारूप की टीम के अभिन्न अंग माने जा रहे राहुल पिछले साल टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे। वह आईपीएल में भी लखनऊके साथ प्रभाव नहीं छोड़ सके जिसके बाद टीम ने उन्हें रिलीज कर दिया। टीम के मालिक संजीव गोयनका के साथ मैदान पर उनकी बातचीत भी वायरल हो गई थी। अब नयी टीम के साथ नयी शुरूआत करते हुए वह अपने प्रदर्शन से जवाब देना चाहेंगे। राहुल ने हाल ही में कहा था, मैं लंबे समय से टी20 टीम से बाहर हूं। मुझे पता है कि बतौर खिलाड़ी मैं कहां हूं और वापसी के लिये मुझे क्या करना है।

यह आईपीएल मेरे लिये खोई लय हासिल करके टी20 टीम में वापसी का मौका है। वह दिल्ली कैपिटल्स से जुड़ने से पहले मुंबई में भारत के सहायक कोच अभिषेक नायर के साथ अभ्यास कर रहे थे। पिछले मैच में संघर्ष करते दिखे दिल्ली के शीर्षक्रम को राहुल की वापसी से स्थिरता मिलेगी। जीत के लिये 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली ने पांच विकेट 65 रन पर गंवा दिये थे जिसके बाद आशुतोष शर्मा (31 गेंद में नाबाद 66 रन) और विपराज निगम (39) ने टीम को एक विकेट से चमत्कारिक जीत दिलाई। ट्रिस्टिन स्टब्स ने छठे नंबर पर 34 रन बनाये। पिछले कुछ सत्रों में दिल्ली की टीम करीबी मुकाबले हारती आई है। लखनऊके खिलाफ करीबी मुकाबले में मिली जीत ने उसके लिये टॉनिक का काम किया होगा। दिल्ली के पास मजबूत गेंदबाजी आक्रमण है जिसकी अगुवाई मिचेल स्टार्क करेंगे और अपने आस्ट्रेलियाई साथी ट्रेविस हेड से उनकी टक्कर देखने लायक होगी। उनके अलावा कुलदीप यादव और अक्षर भी दिल्ली की गेंदबाजी की कमान संभालेंगे।

उन्हें सनराइजर्स की आक्रामक सलामी जोड़ी हेड और अभिषेक शर्मा के बल्लों पर अंकुश लगाना होगा। स्टब्स और मोहित शर्मा आखिर में उपयोगी गेंदबाज साबित हो सकते हैं। सनराइजर्स ने पहले ही मैच में छह विकेट पर 286 रन बनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिये थे। ईशान किशन ने 47 गेंद में 106 रन बनाये जबकि हेड ने 31 गेंद में 67 रन की पारी खेली। दूसरे मैच में हालांकि वे नौ विकेट पर 190 रन ही बना सके। मोहम्मद शमी, कमिंस और हर्षल पटेल के रहते सनराइजर्स का तेज आक्रमण मजबूत है लेकिन लखनऊके खिलाफ निस्तेज नजर आया।

# सीएसके और रॉयल्स की नजरें जीत की राह पर





एजेंसी

गुवाहाटी। पिछले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के हाथों अपने गढ चेपॉक पर 17 साल बाद मिली हार से हतप्रभ चेन्नई सुपर किंग्स का सामना रविवार को गुवाहाटी की टर्निंग पिच पर राजस्थान रॉयल्स से होगा तो नजरें जीत की राह पर लौटने पर लगी होंगी। रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी ने चेन्नई के लचर क्षेत्ररक्षण और खराब बल्लेबाजी का फायदा उठाते हुए 50 रन से जीत दर्ज की। आईपीएल के पहले सत्र (2008) के बाद चेपॉक पर आरसीबी की चेन्नई के खिलाफ यह पहली जीत थी।

चेन्नई के लिये महेंद्र सिंह धोनी नौवें नंबर पर उतर रहे हैं जिससे प्रशंसकों को काफी निराशा हाथ लगी है। धोनी ने 16 गेंद में नाबाद 30 रन बनाकर अपने प्रशंसकों को भले ही खुश कर दिया हो लेकिन टीम के लिये तब तक मैच हाथ से निकल चुका था। आरसीबी के खिलाफ जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार का सामना करने में चेन्नई के बल्लेबाज नाकाम रहे। गुवाहाटी की विकेट चेपॉक की तरह है जिस पर राजस्थान रॉयल्स का सामना करना उतना मुश्किल नहीं होगा चूंकि उसके पास इतना मजबूत गेंदबाजी आक्रमण नहीं है। रियान पराग को कप्तानी का उतना अनुभव भी नहीं है। दूसरी ओर चेन्नई का गेंदबाजी आक्रमण भी इस बार उतना धारदार नहीं लग रहा। मथीषा पथिराना और बायें हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद ने शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन भारतीय गेंदबाज नाकाम ही रहे हैं। खलील अहमद नयी गेंद के उतने प्रभावी गेंदबाज नहीं हैं। रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा इस प्रारूप में अब उतने खतरनाक नहीं रह गए। वैसे मोईन अली और वरूण चक्रवर्ती ने जिस तरह केकेआर के लिये यहां के हालात का बखूबी फायदा उठाया, उसी तरह अश्विन और जडेजा भी चेन्नई के लिये उपयोगी साबित हो सकते हैं। ऐसे में रॉयल्स के बल्लेबाजों संजू सैमसन, पराग, शुभम दुबे, नीतिश राणा और ध्रुव जुरेल के लिये मुश्किलें पैदा हो सकती हैं। रॉयल्स के पास जोस बटलर जैसा धुरंधर विदेशी बल्लेबाज नहीं है। वहीं तुषार देशपांडे और संदीप शर्मा जैसे भारतीय गेंदबाजों में आत्मविश्वास का अभाव है। उनके पास कोई उच्च कोटि का स्पिनर भी नहीं है और इस समय दो कमजोर टीमों के मुकाबले में चेन्नई का पलड़ा भारी लग रहा है।

**फ्लेमिंग की टिप्पणी पर पुजारा ने कहा, सीएसके हमेशा अपने मजबूत पक्षों के अनुसार पिच तैयार करता है**

चेन्नई। भारत के दिग्गज टेस्ट बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा का मानना है कि चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) एक ऐसी फ्रेंचाइजी है जिसने हमेशा अपनी ताकत के अनुसार चेपॉक में पिचें तैयार की हैं और इसलिए मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग की कोई घरेलू फायदा नहीं होने की टिप्पणी को पचाना मुश्किल है। सुपरकिंग्स को लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने घरेलू मैदान में सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा जब शुक्रवार को रजत पाटीदार की अगुवाई वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने उसे 50 रन से शिकस्त दी।

वर्ष 2021 में एक सत्र के लिए सुपरकिंग्स का हिस्सा रहे पुजारा ने कहा कि दीपक हुड्डा, शिवम दुबे, सैम कुरेन और महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई वाले टीम के मध्यक्रम को अधिक जिम्मेदारी उठानी होगी। पुजारा ने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, सीएसके में, आप शिकायत नहीं कर सकते। यह एक ऐसी फ्रेंचाइजी है जहां वे अपनी ताकत के हिसाब से पिचें तैयार करते रहे हैं। अगर वह (फ्लेमिंग) कह रहे हैं कि (कोई घरेलू फायदा नहीं है, उनको अपनी मर्जी की पिच नहीं मिलती) तो मुझे काफी आश्चर्य हुआ। पुजारा ने कहा कि मुंबई इंडियंस चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) जैसी फ्रेंचाइजी को परिस्थितियों के मामले में हमेशा वही मिलता है जो वे चाहते हैं। संयोग से नाइट राइडर्स प्रबंधन भी कथित तौर पर नाखुश है क्योंकि ईडन गार्डन्स के क्यूरेटर सुजान मुखर्जी ने उन्हें उनकी पसंद की पिच देने से मना कर दिया है जिस पर उनके मुख्य गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ मैच में चार ओवर में 43 रन लुटाए।

# बिहार को लालू ने बनाया था डूबता राज्य

## दिल्ली भाजपा के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से आयोजित बिहार दिवस कार्यक्रम जेपी नड्डा ने कसा तंज

एजेंसी



नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने शनिवार को आरोप लगाया कि शिक्षा सहित कई क्षेत्रों में तरक्की कर रहा बिहार राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद के शासन में डूबता बिहार और जंगल राज में तब्दील हो गया था। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्वांचल मोर्चा की ओर से आयोजित बिहार दिवस कार्यक्रम में नड्डा ने अपने संबोधन में दावा किया कि नीतीश कुमार के शासन में बिहार अंधकार से बाहर आया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य फिर प्रगति का गवाह बना।

बिहार की तारीफ करते हुए नड्डा ने कहा कि इस राज्य की एक विशेष आभा एवं गतिशीलता है, इसने दुनिया को लोकतंत्र दिया और यहां स्थित नालंदा तथा विक्रमशिला शिक्षा के महान केंद्र हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आधुनिक काल में भी बड़ी संख्या में बिहार के छात्र दिल्ली विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेज में पढ़ते हैं और राज्य के कई प्रोफेसर अपनी शैक्षणिक दक्षता के लिए दुनियाभर में जाने-पहचाने जाते हैं। उन्होंने 1990 के दशक में लालू के नेतृत्व वाले राजद शासन का जिक्र करते हुए कहा, 1970 के दशक के आसपास बिहार एक प्रगतिशील राज्य था। लालू राज में यह डूबता बिहार बन गया। उस समय पटना में शाम को बाहर निकलना मुश्किल था।

नड्डा ने कहा कि चिकित्सकों को राज्य से भागने के लिए मजबूर किया गया और शादियों के लिए शोरूम से नयी गाड़ियां जबरन निकालवाई जाती थीं। भाजपा अध्यक्ष ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि बिहार में कोई जंगलराज नहीं था, क्योंकि वे उस दौर में पैदा ही नहीं हुए थे। नड्डा ने दिल्ली भाजपा और उसके पूर्वांचल मोर्चा के कार्यकर्ताओं की तारीफ की, जिन्होंने राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी को ऐसे समय में सत्ता में वापस लाने में अहम योगदान दिया, जब वह विनाश की ओर बढ़ रही थी।

उन्होंने इन कार्यकर्ताओं से बिहार में भी विधानसभा चुनाव प्रचार में शामिल होने के लिए कहा। बिहार में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के शासन में बिहार में हुई प्रगति का जिक्र करते हुए नड्डा ने कहा कि 2005 में बिहार में सिर्फ 384 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें थीं, जो अब बढ़कर 1.12 लाख किलोमीटर से अधिक हो गई हैं।

उन्होंने राज्य में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) और भारतीय विदेश व्यापार संस्थान (आईआईएफटी) की स्थापना का हवाला दिया और घोषणा की कि पटना मेडिकल कॉलेज एशिया का सबसे बड़ा अस्पताल बनने जा रहा है।

# लोग पर्यावरण के प्रति सचेत और संवेदनशील जीवनशैली अपनायें



नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को लोगों से ऐसी जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया जो पर्यावरण के प्रति सचेत और संवेदनशील हो तथा इसे और अधिक जीवंत बनाए। मुर्मू ने यहां विज्ञान भवन में आयोजित दो दिवसीय पर्यावरण राष्ट्रीय सम्मेलन-2025 का उद्घाटन करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन सभी की सतत सक्रियता और भागीदारी से ही संभव होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि आदिवासी समुदाय सदियों से प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाकर रहते आए हैं।

उन्होंने कहा, हमें उनकी जीवनशैली से प्रेरणा लेनी चाहिए। आज जब दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन की समस्याओं से जूझ रही है तो उनकी जीवनशैली और भी अनुकरणीय हो जाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ पर्यावरण की विरासत प्रदान करना लोगों की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा, हर परिवार में बड़े-बुजुर्गों को इस बात की चिंता रहती है कि उनके बच्चे किस स्कूल या कॉलेज में पढ़ेंगे और कौन सा करियर चुनेंगे। यह चिंता जायज है लेकिन हमें यह भी सोचना होगा कि हमारे बच्चे किस तरह की हवा में सांस लेंगे, उन्हें किस तरह का पानी पीने को मिलेगा, क्या उन्हें पक्षियों की चहचहाहट सुनने को मिलेगी और क्या वे हरे-भरे जंगलों की सुंदरता का आनंद ले पाएंगे। राष्ट्रपति ने कहा इसके लिए हमें पर्यावरण के प्रति सचेत और संवेदनशील जीवनशैली अपनानी होगी, ताकि पर्यावरण न केवल संरक्षित हो, बल्कि उसे संवर्धित और अधिक जीवंत बनाया जा सके।

उन्होंने कहा कि भारत के विकास का आधार पोषण है, शोषण नहींअ संरक्षण है, उन्मूलन नहीं। उन्होंने कहा कि देश को इसी परंपरा का पालन करते हुए विकास की ओर बढ़ना चाहिए। मुर्मू ने कहा कि भारत ने अपनी हरित पहल के माध्यम से दुनिया के सामने कई उदाहरण प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा मुझे विश्वास है।

संक्षेप

## कनाडा के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के साथ पहली वार्ता अत्यंत सार्थक : ट्रंप

टोरंटो। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी के साथ फोन पर उनकी पहली बातचीत अत्यंत सार्थक रही। इस बीच, कार्नी ने वार्ता के बारे में कहा कि ट्रंप निजी और सार्वजनिक रूप से कनाडा की संप्रभुता का सम्मान करते हैं लेकिन दोनों देशों के बीच रिश्ते बदल गए हैं। यह बातचीत ऐसे समय में की गई है जब ट्रंप ने कनाडा के साथ व्यापार युद्ध की घोषणा की है और कनाडा को 51वां अमेरिकी राज्य बनाने के लिए आर्थिक दबाव का इस्तेमाल करने की धमकी दी है जिस पर कनाडा ने नाराजगी जताई है। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर साझा किए गए पोस्ट और बाद में की गई सार्वजनिक टिप्पणियों में इसका कोई उल्लेख नहीं किया। ट्रंप ने कहा हमारी बातचीत बहुत अच्छी रही। मार्क ने मुझे फोन किया था। उनके देश में चुनाव होने वाले हैं। देखते हैं कि क्या होता है। इस दौरान ट्रंप ने प्रधानमंत्री कार्नी को गवर्नर नहीं कहा जबकि उन्होंने कार्नी के पूर्ववर्ती जस्टिन ट्रूडो को गवर्नर कहकर संबोधित किया था। ट्रंप ने सोशल मीडिया पर अपने पोस्ट में कहा कि दोनों पक्ष कई बातों पर सहमत हैं और कनाडा में आगामी चुनाव के तुरंत बाद राजनीति, व्यवसाय और अन्य सभी कारकों पर चर्चा के लिए मुलाकात की जाएगी जो अमेरिका और कनाडा दोनों के लिए बहुत अच्छा होगा।

## अफगानिस्तान में भूकंप के दो झटके महसूस किए गये

नयी दिल्ली। अफगानिस्तान में शनिवार तड़के भूकंप के दो झटके महसूस किए गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने यह जानकारी दी। केंद्र ने बताया कि पहला भूकंप तड़के चार बजकर 51 मिनट पर आया, जिसकी तीव्रता 4.3 आंकी गई, जबकि दूसरा झटका तड़के पांच बजकर 16 मिनट पर महसूस किया गया, जिसकी तीव्रता 4.7 थी। भूकंप का केंद्र काबुल से लगभग 280 किलोमीटर दूर स्थित था और इनकी गहराई 180 किलोमीटर से अधिक थी। इससे, एक दिन पहले म्यांमा में भूकंप के दो झटके महसूस किए गए थे, जिनसे बड़े पैमाने पर तबाही मची थी। भूकंप का असर थाईलैंड के बैंकॉक तक देखा गया था, जहां निर्माणाधीन 30 मंजिला एक इमारत ढह गई थी।

### अमेरिका ने हूती विद्रोहियों पर किए हमले

दुबई। यमन में शुक्रवार रातभर और शनिवार को हुए अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए।

हूती विद्रोहियों द्वारा संचालित मीडिया ने यह जानकारी दी।

## शेख हसीना व 72 अन्य पर साजिश रचने का केस

एजेंसी



ढाका। बांग्लादेश पुलिस ने अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और 72 अन्य लोगों पर गृह युद्ध छेड़कर मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार को हटाने की साजिश रचने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों और मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, हां, हमारे आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने मौजूदा सरकार को गिराने की साजिश रचने के आरोप में ढाका के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत में मामला दर्ज किया है। अदालत ने मामले का संज्ञान लेकर सीआईडी को बृहस्पतिवार को जांच शुरू करने को कहा। सीआईडी ने 19 दिसंबर, 2024 को हुई एक ऑनलाइन बैठक के बारे में जानकारी मिलने के बाद यह मामला दर्ज किया। इस बैठक में भाग लेने वालों ने जॉय बांग्ला ब्रिगेड नामक एक मंच बनाया और गृह युद्ध के माध्यम से हसीना को फिर से सत्ता में लाने की योजनाओं पर चर्चा की।

सरकार द्वारा संचालित समाचार एजेंसी बीएसएस ने मामले का हवाला देते हुए कहा, पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना और मेजबान, सह-मेजबान एवं बैठक में भाग लेने वाले अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के बीच बातचीत की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि इन लोगों ने संकल्प लिया था कि वे वैध सरकार को शांतिपूर्ण तरीके से देश चलाने नहीं देंगे। पुलिस ने बताया कि इस बैठक में देश-विदेश से कुल 577 लोग शामिल हुए। पुलिस ने बताया कि इन लोगों ने अवामी लीग की अमेरिकी शाखा के उपाध्यक्ष रब्बी आलम द्वारा बुलाई गई बैठक में हसीना के निर्देशों के प्रति समर्थन जताया।

## आज आरएसएस कार्यालय जायेंगे मोदी

एजेंसी



मुंबईनागपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर का दौरा करेंगे, जहां वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के संस्थापक डॉ. केबी हेडगेवार के स्मारक पर जाएंगे और दीक्षाभूमि में डॉ. भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि देंगे। प्रधानमंत्री का यह दौरा ऐसे समय में होगा, जब नागपुर में गुड़ी पड़वा के मौके पर आरएसएस के समारोह का आयोजन किया जाएगा।

एक सरकारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि प्रधानमंत्री स्मृति मंदिर जाएंगे और आरएसएस के संस्थापक सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। हेडगेवार और आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक एमएस गोलवलकर के स्मारक नागपुर के रेशिमबाग इलाके में डॉ. हेडगेवार स्मृति मंदिर में स्थित हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, प्रधानमंत्री दीक्षाभूमि भी जाएंगे, जहां वह आंबेडकर को श्रद्धांजलि देंगे। आंबेडकर ने 1956 में दीक्षाभूमि में अपने हजारों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था। विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला रखेंगे, जिसे माधव नेत्रालय नेत्र संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र का विस्तार करके बनाया गया है। माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की स्थापना 2014 में हुई थी और यह एक प्रमुख सुपर-स्पेशियलिटी नेत्र चिकित्सा सुविधा है। इस संस्थान की स्थापना डॉ. गोलवलकर की याद में की गई थी। माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर में 250 बिस्तर वाला अस्पताल, 14 बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) और 14 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर होंगे, जिनका उद्देश्य लोगों को सस्ती और विश्व स्तरीय नेत्र उपचार सेवाएं प्रदान करना है।

विज्ञप्ति के मुताबिक, मोदी नागपुर में सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड की शस्त्रागार सुविधा का भी दौरा करेंगे और मानवरहित विमानों (यूएवी) के लिए नवनिर्मित।,250 मीटर लंबी एवं 25 मीटर चौड़ी हवाई पट्टी का उद्घाटन करेंगे। इसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री लोइटरिंग म्यूनिशन और अन्य निर्देशित युद्ध सामग्री के परीक्षण के लिए स्थापित लाइव म्यूनिशन और वारहेड परीक्षण केंद्र का उद्घाटन करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि मोदी के नागपुर दौरे की पूर्व संध्या पर विशेष सुरक्षा समूह और स्थानीय पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था का पूर्वाभ्यास किया। उन्होंने बताया कि एसपीजी और स्थानीय पुलिस के अधिकारियों ने शहर के उन स्थानों का दौरा किया, जहां मोदी जाएंगे। अधिकारी ने कहा, प्रधानमंत्री के काफिले में वीआईपी सुरक्षा से जुड़े वाहन और आरसीईआईडी जैमर उपकरण वाले वाहन सहित 20 विशेष वाहन शामिल होंगे।

## लालू, राबड़ी व तेजसवी ने खुद को बरी करने का किया अनुरोध

एजेंसी



नयी दिल्ली। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख लालू प्रसाद, उनकी पत्नी राबड़ी देवी और बेटे तेजस्वी यादव ने शनिवार को दिल्ली की एक अदालत से भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) में 2004 से 2014 के बीच हुई कथित अनियमितताओं से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें बरी करने का आग्रह किया। तीनों ने विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने के समक्ष दलीलें पेश करते हुए दावा किया कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का मामला चुनिंदा लोगों को आरोपी बनाने पर आधारित है और उन पर लगाए गए आरोप झूठे हैं। उन्होंने मामले में आरोप तय करने के लिए हुई बहस के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता मनिंदर सिंह के माध्यम से अपनी दलीलें पेश कीं।

लालू, राबड़ी और तेजस्वी के खिलाफ आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार सहित विभिन्न अपराधों के लिए आरोप पत्र दाखिल किया गया है, जिनके लिए अधिकतम सात साल की जेल की सजा का प्रावधान है।

तीनों ने न्यायाधीश के समक्ष दावा किया कि सीबीआई की ओर से उनके खिलाफ लगाए गए आरोप झूठे, चयनात्मक प्रवृत्ति के और प्रायोजित हैं। उन्होंने कहा कि सीबीआई के पास उन पर मुकदमा चलाने के लिए सबूतों का अभाव है। मामले की सुनवाई 21 अप्रैल को फिर से शुरू होगी। न्यायाधीश ने कहा, ए-।से लेकर ए-4 (लालू, राबड़ी, तेजस्वी और लारा प्रोजेक्ट्स एलएलपी) तक की आंशिक दलीलें सुनी गईं। आगे की दलीलें पेश करने के लिए मामले को सूचिबद्ध किया जाए।

## नाइजीरिया में अपहरणकर्ता होने के संदेह में भीड़ ने कीं 16 हत्याएं

अबुजा (नाइजीरिया)। दक्षिणी नाइजीरिया में भीड़ ने अपहरणकर्ता होने के संदेह में हमला कर 16 लोगों की हत्या कर दी। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पुलिस प्रवक्ता मोसेस यामू ने एक बयान में बताया कि सभी पीड़ितो को एडो राज्य के यूरोमी क्षेत्र में स्थानीय सुरक्षा कर्मियों द्वारा रोके जाने के बाद उनकी हत्या कर दी गई।

उन्होंने बताया कि सभी पीड़ित उत्तरी नाइजीरिया के रहने वाले थे। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो में देखा गया कि भीड़ ने पीड़ितों को प्रताड़ित किया और पुराने वाहनों के टायर उनके सिर और कंधे पर रखकर उनमें आग लगा दी।

यामू ने बताया कि इस हमले से यात्रियों के एक समूह के 10 लोगों को बचा लिया गया, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में 14 संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। एडो राज्य के गवर्नर के प्रतिनिधि सोलोमन ओसाघाले ने एक बयान में कहा किसी को भी किसी अन्य व्यक्ति को जान से मारने का अधिकार नहीं है।

इंटरटेनमेंट...

## अवार्ड शो : गोविंदा नहीं आये नजर, पैपराजी ने किया सवाल



मुंबई। पिछले कुछ समय पहले गोविंदा और सुनीता तलाक की खबरों को लेकर सुर्खियों में थे। हालांकि, गोविंदा और सुनीता के मैनेजर ने तलाक की खबरों को नकार दिया था। इसी बीच हाल ही में सुनीता एक अवार्ड शो में बेटे यशवर्धन के साथ पहुंची। इवेंट में गोविंदा शामिल नहीं हुए थे। जिसको लेकर पैपराजी ने सुनीता से सवाल किया, तो उन्होंने अजीब रिएक्शन दिया।

उनकी यह वीडियो काफी वायरल हो रही है। गोविंदा की वाइफ सुनीता आहूजा गुरुवार शाम को मुंबई में एक अवार्ड इवेंट में शामिल हुईं। इस दौरान उनके साथ उनके बेटे यशवर्धन आहूजा भी नजर आए। लेकिन इस इवेंट में गोविंदा शामिल नहीं हुए थे। इस इवेंट में सुनीता और यशवर्धन आहूजा ने पैपराजी को फोटो के लिए पोज दिया। इसके बाद उनसे पूछा गया कि, 'गोविंदा सर कहां हैं?' इस सवाल को सुनकर सुनीता ने हैरानी से जवाब बोला, 'क्या' और उसके बाद वह हंस दीं। इसी बीच एक फोटोग्राफर ने सुनीता से कहा कि गोविंदा देर से एंट्री कर सकते हैं तो उन्होंने हंसते हुए कहा, 'लास्ट बट नॉट द लीस्ट।' इसके बाद एक पैपराजी ने कहा, हम गोविंदा को मिस कर रहे हैं, जिस पर सुनीता ने कहा, ह्यहम लोग भी उन्हें मिस कर रहे हैं। गोविंदा ने सुनीता से मार्च, 1987 को शादी की थी। कपल की एक बेटी टीना और एक बेटा यशवर्धन है। दोनों की शादी को 38 साल हो चुके हैं। हालांकि, सुनीता का यह वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। सुनीता ने गोविंदा के नाम पर जो रिएक्शन दिया, वो यूजर्स को पसंद नहीं आ रहा है।

## कॉमेडियन कुणाल कामरा पर तीन नये केस दर्ज



**मुंबई**। पैरोडी सॉन्ग विवाद के बाद शिवसेना शिंदे गुट के समर्थकों ने हैबिटेट कॉमेडी क्लब में जमकर तोड़फोड़ की। स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में 3 नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी उट एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं।

मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के दो अलग-अलग बिजनेसमैन ने किया है। केस में मुंबई पुलिस कुणाल कामरा से पूछताछ के लिए 2 समन जारी कर चुकी है। वहीं महाराष्ट्र विधान परिषद में भी कामरा के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस स्वीकार कर लिया गया है। उधर, शिवसेना सांसद संजय राउत ने कहा कि, 'जिस तरह भाजपा सांसद कंगना रनोट को शिवसेना से टकराव के बाद सुरक्षा दी गई थी, वैसी ही सिक्योरिटी कुणाल को भी दी जानी चाहिए। राउत ने मुंबई में कहा- मैंने कुणाल कामरा से बोला है कि वो कानून का सामना करें, भागे नहीं। मुंबई पुलिस निष्पक्ष है। कुणाल देश के नागरिक और कलाकार हैं।

## सैफ अली हमला केस, आरोपी ने दायर की जमानत याचिका



मुंबई। सैफ अली खान पर हमले के आरोप में गिरफ्तार मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद ने मुंबई सेशन कोर्ट में जमानत याचिका दायर की है। आरोपी ने दावा किया है कि उसके खिलाफ झूठा मामला दर्ज किया गया है और उसे फंसाने के लिए साजिश की जा रही है। आरोपी शरीफुल इस्लाम के वकील ने याचिका में कहा है कि उनके क्लाइंट पर झूठे आरोप लगाए जा रहे हैं। वह किसी भी अपराध में शामिल नहीं है। वकील ने कहा, एफआईआर गलत तरीके से बनाई गई है। शरीफुल इस्लाम ने जांच में पूरा सहयोग किया है। पुलिस के पास सीसीटीवी फुटेज और कॉल रिकॉर्ड से लेकर सारे सबूत पहले से मौजूद हैं। जिसके चलते आरोपी के सबूतों से छेड़छाड़ करने का सवाल भी नहीं बनता है। बांद्रा पुलिस ने अभी तक इस केस में चार्जशीट फाइल नहीं की है।

## नेहा कक्कड़ का कॉन्सर्ट विवाद में



मुंबई। नेहा कक्कड़ इन दिनों मेलबर्न कॉन्सर्ट को लेकर चर्चा में हैं। उन पर आरोप था कि वह इवेंट में देरी से पहुंचीं और केवल एक घंटे की परफॉर्मेंस दी। हालांकि, इस मामले में सफाई देते हुए नेहा ने सभी इल्जाम शो के स्पॉन्सर पर डाल दिए थे। अब इस पर शो के स्पॉन्सर का बयान सामने आया है, जिसमें उन्होंने नेहा के दावों का खंडन किया है। दरअसल, बीट्स प्रोडक्शन ने सोशल मीडिया पर एक स्क्रीनशॉट शेयर किया है।

इसमें उन्होंने सभी बिल्स शेयर किए और बताया कि नेहा के मेलबर्न और सिडनी कॉन्सर्ट से लगभग 529,000 डॉलर यानी 4.52 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। इसके अलावा प्रोडक्शन कंपनी ने दावा किया कि सिडनी, मेलबर्न और पर्थ में क्राउन टावर्स ने उन पर बैन लगा दिया है। साथ ही बताया कि क्योंकि नेहा और उनके साथियों ने होटल के उन कमरों में भी स्मोकिंग की, जहां यह सब मना होता है। इतना ही नहीं नेहा ने दावा किया था कि उन्हें होटल और ट्रांसपोर्ट की सुविधा नहीं दी गई थी। इसके सबूत में भी प्रोडक्शन कंपनी ने एक वीडियो शेयर किया है। हाल ही में सिंगर का मेलबर्न में कॉन्सर्ट हुआ था। कॉन्सर्ट की टाइमिंग साढ़े सात बजे की थी, लेकिन नेहा कक्कड़ एक या दो घंटे नहीं बल्कि पूरे ढ़ाई घंटे बाद रात 10 बजे मंच पर पहुंचीं।

सिंगर की लेटलतीफी से उनका इंतजार कर रहे फैंस बुरी तरह भड़क गए और विरोधी नारे लगाने लगे। फैंस को भड़कता देख नेहा कक्कड़ मंच पर ही बुरी तरह रोने लगीं। आरोप ये भी थे कि नेहा ने एक घंटे भी परफॉर्म नहीं किया। इसके बाद इन आरोपों के बीच अब नेहा कक्कड़ ने सफाई देते हुए बताया है कि शो के स्पोंसर्स पैसे लेकर भाग निकले और कॉल उठाने बंद कर दिए।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com